
हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार
13.02.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 13
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
www.rashtriyamukhyadhara.com



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# एआई से लेकर सिविल न्यूक्लियर क्षेत्र में सहयोग करेंगे भारत-फ्रांस

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत और फ्रांस एआई, रक्षा, स्पेस, सिविल-न्यूक्लीयर पॉवर और अन्य क्षेत्रों पर सहयोग पर सहमत हुए हैं। भारत और फ्रांस 2026 में आगामी भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष के मद्देनजर उभरती हुई कृत्रिम मेधा तकनीक के विकास में शामिल होकर सुनिश्चित करेंगे कि इसका अर्थव्यवस्थाओं और समाजों पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। दोनों देशों ने कृत्रिम मेधा पर एक अलग घोषणा को अपनाया है। यह दोनों देशों के लिए इस क्षेत्र में प्रमुख प्राथमिकताओं की पहचान करता है और सहयोग की संभावनाओं को तलाशता है। कल सीईओ के मंच पर दोनों नेताओं ने 2026 में इनोवेशन के भारत-फ्रांस वर्ष का लोगो भी शुरू किया। दोनों पक्ष छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टरों के सह-डिजाइनिंग, सह-विकास और सह-निर्माण में सहयोग करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युल मैक्रों ने मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास का आज संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा की समाप्ति पर आज पत्रकार वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युल मैक्रों के बीच मार्सिले की हवाई यात्रा और बाद में रात्रि भोज के दौरान द्विपक्षीय चर्चा हुई। प्रधानमंत्री की वर्तमान यात्रा के दो घटक रहे। पेरिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता और पेरिस तथा मार्सिले दोनों में द्विपक्षीय कार्यक्रम। इसमें दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस के सीईओएस फोरम को संबोधित किया। सीईओ फोरम की बैठक के बाद दोनों नेताओं ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति के विमान में मार्सिले के लिए एक साथ यात्रा की। यह दोनों देशों के बीच विशेष रिश्ते को दर्शाता है। दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य भी जारी किया गया है। इसमें भारत और फ्रांस ने सीमा पार आतंक सहित आतंकवाद के रूप की निंदा करते हुए इससे वित्तीय मदद पहुंचाने वाले नेटवर्क और इसकी सुरक्षित पनाहगाह खत्म किए जाने की मांग की है। प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस की सफल यात्रा के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि किसी भी देश को आतंकवादी कृत्यों को वित्त, योजना, समर्थन करने वालों को सुरक्षित आश्रय प्रदान नहीं करना चाहिए।

## पीएम मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। मुंबई पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने कंट्रोल रूम में कॉल कर पीएम मोदी की आधिकारिक विदेश यात्रा के दौरान हमले की चेतावनी दी थी। मुंबई पुलिस के हवाले से बताया गया, कि 11 फरवरी को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आया जिसमें चेतावनी देते हुए कहा गया, कि चूंकि प्रधानमंत्री मोदी विदेश यात्रा पर जा रहे हैं ऐसे में उनके विमान पर आतंकवादी हमला कर सकते हैं। इस धमकीभरे संदेश के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धमकी देने वाले शख्स को मुंबई के चेंबूर इलाके से हिरासत में ले लिया है। जांच में पता चला है कि आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ है। पुलिस ने कहा कि इस कॉल के बाद सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया और मामले की गहन जांच जारी है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जबकि प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा को लेकर मुंबई पुलिस को इस तरह की धमकी मिली हो। पिछले साल दिसंबर में ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन पर एक धमकी भरा संदेश मिला था, जिसमें दो संदिग्ध आईएसआई एजेंटों द्वारा बम विस्फोट की साजिश का दावा किया गया था। इसके अलावा, पिछले साल कांदिवली निवासी 34 वर्षीय शीतल चव्हाण को पीएम मोदी की जान को खतरा बताने वाली फर्जी कॉल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार से अपनी चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर फ्रांस और अमेरिका गए हुए हैं।

## सहकारिता के जरिये रोजगार सृजन व ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि संभवः शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि सहकारिता के माध्यम से रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि दोनों संभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के हित में सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकार से समृद्धि का मंत्र दिया है। उन्होंने आज यहां 'सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए की गई और वर्तमान में की जा रही पहलें' विषय पर सहकारिता मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह अभिमत व्यक्त किया। बैठक में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल और मुरलीधर मोहोल, समिति के सदस्यों, केंद्रीय सहकारिता सचिव और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद परामर्शदात्री समिति की यह पहली बैठक है। अमित शाह ने कहा कि केन्द्र में सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद हमने सबसे पहले राज्यों के साथ मिलकर प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का डेटाबेस बनाने का काम किया और दो लाख पैक्स के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस विकसित करने का काम लगभग पूरा हो चुका है और अब देशभर की सहकारी समितियों की क्षेत्रवार जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध है। शाह ने कहा कि पैक्स के कंप्यूटरीकरण के लिए कदम उठाये गये। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश की एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी जहां पैक्स उपलब्ध नहीं हों। उन्होंने कहा कि पैक्स को व्यावहारिक बनाने के लिए बनाए गये उपनियमों को देश के लगभग सभी राज्यों ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि पैक्स को 20 से अधिक गतिविधियों से जोड़ा गया है और अब वे कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केन्द्र सहित अन्य सेवाएं प्रदान करना शुरू कर चुकी हैं। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने मौजूदा बजट सत्र में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के गठन के लिए विधेयक पेश किया है और जल्द ही संसद से पारित होगा। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के गठन से सहकारी क्षेत्र में आने वाले पेशेवरों को तकनीकी शिक्षा, एकाउंटिंग और प्रशासन संबंधी जानकारी और प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र में प्रशिक्षित मेनपावर उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल), राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लिमिटेड (एनसीओएल) और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) जैसी सहकारी संस्थाओं का गठन किया गया है, जिससे सहकारी क्षेत्र में निर्यात, ऑर्गेनिक उत्पादों और उन्नत बीजों को बढ़ावा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इन पहलों से आगामी कुछ वर्षों में सहकारी क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा।

### संक्षिप्त समाचार

## माघी पूर्णिमा पर महाकुंभ में 6 बजे तक 73 लाख ने किया स्नान, कल्पवासी लेंगे विदा



**प्रयागराज**। महाकुम्भ का पांचवां प्रमुख स्नान पर्व आज माघी पूर्णिमा पर पर हो रहा है। बीते एक महीने से संगम तट पर एक वक्त का भोजन और तीन वक्त स्नान और पूजन का संकल्प लेकर ठहरे कल्पवासी बुधवार से घर लौटेंगे। श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। यह स्नान पिछले तीन स्नान पर्व से इसलिए भी अलग है, क्योंकि इसमें अखाड़े नहीं है। इधर, श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बीच मंगलवार रात तक स्नान करने वालों का आंकड़ा 46.08 करोड़ के पार हो गया। जबकि माघी पूर्णिमा पर महाकुंभ में 6 बजे तक 73 लाख ने स्नान किया है। पुलिस प्रशासन की ओर से मेला क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मार्गों व हाईवे किनारे के अलावा प्रयागराज शहर में भी जगह-जगह पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इन पार्किंग स्थल पर श्रद्धालु अपने वाहन खड़ी कर पैदल मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। श्रद्धालुओं को संगम नोज के नजदीक नहीं जाने की अपील की गई है। सीपी तरुण गाबा ने बताया कि श्रद्धालुओं को समस्या न हो, यातायात भी सुचारू रूप से चलता रहे, इसके लिए नो-वीकल जोन लागू किया गया है। महाकुंभ की अंतिम चुनौती माघी पूर्णिमा को लेकर अधिकारी एक्शन मोड में हैं। मेला क्षेत्र को पहले ही नो व्हीकल जोन घोषित किया जा चुका है। मंगलवार को प्रयागराज शहर भी नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया।

## लंदन, बैंकॉक जाने से महंगा हुआ महाकुंभ जाना, आसमान पर पहुंचा हवाई किराया

**नई दिल्ली**। महाकुंभ में बढ़ती भीड़ और लोगों की जरुरत के चलते कंपनिया इसका फायदा उठा रही हैं। खासतौर से एयरलाइंस कंपनियां कुछ ज्यादा ही इसका फायदा उठाने की कोशिश कर रही हैं। यही वजह है कि लंदन, बैंकॉक जाने से भी ज्यादा महंगा महाकुंभ जाना हो गया है। मौजूदा समय में दिल्ली से प्रयागराज के लिए हवाई किराया 80,000 रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि लंदन की एकतरफा टिकट मात्र 3100 रुपये में मिल रही है। सामान्य दिनों में दिल्ली से प्रयागराज का हवाई किराया केवल 3,000 से 5,000 रुपये के बीच होता है। दिल्ली ही नहीं मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे अन्य प्रमुख शहरों से भी प्रयागराज जाने वाली उड़ानों के किराए में भारी उछाल देखा गया है। इन शहरों से प्रयागराज के लिए टिकट की कीमतें मुख्य स्नान पर्वों के दौरान 18,000 रुपये से 41,106 रुपये तक पहुंच गई हैं। चेन्नई से प्रयागराज की एकतरफा टिकट की कीमत हाल ही में 70,996 रुपये तक दर्ज की गई थी। दिल्ली से प्रयागराज की हवाई यात्रा अब अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से भी महंगी हो गई है। लंदन और बैंकॉक की एकतरफा फ्लाइट टिकट की तुलना में दिल्ली से प्रयागराज की टिकट ज्यादा महंगी हो गई है। महाकुंभ के प्रमुख स्नान पर्वों जैसे मौनी अमावस्या (29 जनवरी), बसंत पंचमी (3 फरवरी), माघी पूर्णिमा (12 फरवरी) और महाशिवरात्रि (26 फरवरी) के दौरान हवाई किराए में अप्रत्याशित बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## जयंती पर जेपी नड्डा ने संत रविदास को किया नमन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को जयंती के दिन संत शिरोमणि गुरु रविदास को नमन किया। नड्डा ने गुरु रविदास की शिक्षाओं को चरित्र निर्माण के लिए अनुकरणीय बताया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा बुधवार को करोलबाग स्थित गुरु रविदास विश्राम धाम मंदिर पहुंचे और संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उनके साथ दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, भाजपा महासचिव दुष्यंत गौतम, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने संत रविदास का एक अनमोल वचन साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न। छोट-बड़ों सब सम बसें, रविदास रहे प्रसन्न।। कर्म को सर्वोपरि मानकर सभी के उत्थान के लिए समाज में समानता का मार्ग दिखलाने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदासजी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करता हूँ। सामाजिक समरसता का संदेश देती उनकी शिक्षाएं आज भी एकता, सद्भावना व चरित्र निर्माण के लिए सर्वथा अनुकरणीय हैं।

## नशा मुक्त भारत के लिए आयुष और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के बीच समझौता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयुष मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने बुधवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य वृद्धजनों की स्वास्थ्य सेवा बढ़ाने और मादक द्रव्यों के सेवन से निपटने के लिए आयुष-आधारित हस्तक्षेपों को लागू करना है। यह समझौता ज्ञापन वरिष्ठ नागरिकों और मादक द्रव्यों के सेवन से प्रभावित लोगों के बीच स्वास्थ्य संवर्धन के लिए सहकारी पहल विकसित करने की दिशा में एक अग्रणी कदम है। आयुष मंत्रालय में आयोजित समझौता ज्ञापन समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव और केंद्रीय राज्यमंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय बीएल वर्मा मौजूद थे। इस अवसर पर आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय सचिव अमित यादव, डॉ. मनोज नेसारी, सलाहकार (आयुर्वेद) उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत दुनिया में युवाओं के देश के रूप में जाना जाता है। इसके साथ भारत में बुजुर्गों की संख्या भी बढ़ रही है। जाहिर है देश में उनसे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं भी सामने आएंगी। इसी को देखते हुए आज हमने सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय के साथ करार किया है, जिसके तहत बुजुर्गों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के साथ बच्चों में नशे की लत को आयुष की सहायता से छुड़वाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के मुख्य उद्देश्यों में आयुष मंत्रालय और सामाजिक न्याय मंत्रालय के बीच सहयोग, अभिसरण और तालमेल विकसित करना है। इसके साथ अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियां को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री जाधव ने कहा कि सामाजिक कल्याण पहल के साथ-साथ आयुष प्रणालियों के समग्र दृष्टिकोण का लाभ उठाकर, हमारा लक्ष्य हमारे वरिष्ठ नागरिकों और मादक द्रव्यों के सेवन से प्रभावित लोगों को सशक्त बनाना है।

## वित्तमंत्री सीतारमण के बयान पर प्रियंका गांधी वाड्रा का तंज, वे किस ग्रह पर रह रहीं मुझे नहीं पता

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह (निर्मला सीतारमण) किस ग्रह पर रह रही हैं। वे कह रही हैं कि महंगाई नहीं है, बेरोजगारी नहीं बढ़ी है, कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। दरअसल प्रियंका वाड्रा का ये बयान वित्तमंत्री के संसद में दिए बयान पर आया, जिसमें उन्होंने कहा कि भारत में यूपीए सरकार की तुलना में पीएम मोदी की सरकार में महंगाई काफी कम है। सीतारमण ने बताया कि यूपीए के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान खाद्य महंगाई 11 प्रतिशत थी, जो चौंकाने वाली थी। एनडीए सरकार के तहत खाद्य महंगाई 2014 से 2024 तक 5.3 प्रतिशत तक कम हो गई। यूपीए के समय में देखी गई 10 प्रतिशत की दोहरे अंकों की महंगाई अब नहीं है। वहीं डीएम के सांसद कनिमोझी ने बताया कि वित्तमंत्री सीतारमण का बजट पर लोकसभा में उनका जवाब राजनीति से प्रेरित था। मुझे नहीं लगता कि यह संसद में हुई चर्चा का जवाब था, क्योंकि बहुत सारे प्रासंगिक सवाल उठाए गए थे। लेकिन वित्त मंत्री वास्तव में विशेष राज्य सरकारों को जवाब दे रही थीं और इस बहुत राजनीतिक बना रही थीं।

## राममंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन

### पीएम सहित कई दिग्गजों ने दुख जताया

**अयोध्या**। श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर आते ही लोगों का मन दुखी हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के कई दिग्गज नेताओं ने दुख व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, परम रामभक्त, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद एवं सामाजिक व आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। भाजपा सांसद रवि किशन ने भी एक्स पर लिखा कि श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी, आचार्य सत्येंद्र दास जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। लखनऊ के पीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ था। पीजीआई से थोड़ी देर में अयोध्या के लिए उनका पार्थिव शरीर ले जाया जाएगा। 7 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से इसकी घोषणा कर दी गई है।


## चुनावों से पहले मुफ्त उपहारों की घोषणा की प्रथा पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

### कहा-फ्री में मिल रही योजनाओं के कारण लोग नहीं कर रहे काम



**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनावों से पहले मुफ्त उपहारों की घोषणा करने की प्रथा पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि लोग अब काम करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि उन्हें मुफ्त राशन और धनराशि मिल रही है। फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच शहरी क्षेत्रों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि दुर्भाग्यवश, इन मुफ्त योजनाओं के कारण लोग काम करने के इच्छुक नहीं हैं। उन्हें बिना काम किए मुफ्त राशन और धनराशि मिल रही है। बेंच ने कहा कि सरकार को लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने और उन्हें राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करना चाहिए। बेंच ने कहा कि हम उनके लिए आपकी फिक्र की तारीफ करते हैं लेकिन क्या ये बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और उन्हें देश के विकास में योगदान करने दिया जाए। केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। इस मिशन में शहरी बेघर लोगों के लिए आश्रय प्रदान करने समेत कई मुद्दों का समाधान शामिल होगा। कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से यह वेरिफाई करने को कहा कि सरकार इस मिशन को कब तक लागू करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद तय की है। इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में भी सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में फ्रीबीज को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

## फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान की साझेदारी में बीईएल भारत में बनाएगी हैमर मिसाइल



**बेंगलुरु**। एयरो इंडिया में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में सीईओ राउंड टेबल को अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 116 वैश्विक सीईओ ने हिस्सा लिया। कई विदेशी और भारतीय मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) ने निवेश, सहयोग, विकास केंद्रों और उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए अपनी योजनाओं के बारे में घोषणाएं कीं। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बुधवार सुबह बेंगलुरु में जीई एयरोस्पेस और फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। बैठकों में एयरोस्पेस सहयोग को आगे बढ़ाने, रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सीईओ राउंड टेबल में अल्ट्रा मैरीटाइम और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने अमेरिकी विनिर्देश के सह उत्पादन के लिए प्रारंभिक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने का ऐलान किया। भारत फोर्ज ने कुछ वाणिज्यिक विमानों के लिए 100 फीसदी लैंडिंग गियर का निर्माण देश में ही करने की योजना बताई। फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने भारत में हैमर मिसाइल के सह उत्पादन के लिए साझेदारी की घोषणा की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार गोलमेज सम्मेलन में जॉन कॉकरिल (बेल्जियम), एयरबस (फ्रांस), अल्ट्रा मैरीटाइम (यूएसए), जीएनटी (दक्षिण कोरिया), मित्सुबिशी (जापान), सफ्रान (फ्रांस), लिबरर एयरोस्पेस (फ्रांस), एल3हैरिस टेक्नोलॉजीज इंक (यूएसए), थेल्स (फ्रांस), लॉकहीड मार्टिन (यूएसए), मार्टिन बेकर (यूके) सहित 58 विदेशी ओईएम ने भाग लिया। भारतीय ओईएम में भारत फोर्ज लिमिटेड, अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस, महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स लिमिटेड, अशोक लीलैंड डिफेंस और डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स शामिल हुए। सीईओ बैठक के दौरान रक्षा मंत्री ने दुनियाभर की विमानन कंपनियों को मौजूदा अस्थिर भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण उभर रही चुनौतियों के लिए लक्षित समाधान और जवाबी उपाय खोजने के लिए आमंत्रित किया।

## माघ पूर्णिमा में उमड़ा कुंभ में आस्था का सैलाब... करीब 2.5 करोड़ लोगों के स्नान का अनुमान

**प्रयागराज**। प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा अवसर पर स्नान करने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एकत्र हुई। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। प्रशासन के मुताबिक, दोपहर 12 बजे तक 1.59 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। अनुमान है कि बुधवार को माघ पूर्णिमा के दिन 2.5 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे। योगी सरकार के द्वारा श्रद्धालु पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। प्रयागराज जाने वाले रास्तों में भीषण जाम के बाद ट्रैफिक प्लान में बदलाव हुआ है। प्रयागराज शहर में वाहनों का प्रवेश बंद है। मेला क्षेत्र में भी कोई भी वाहन नहीं चलेगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। प्रशासन पार्किंग से शटल बसें चला रहा है। हालांकि, यह बेहद सीमित हैं। इतना ही नहीं संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दे रहे हैं, ताकि भीड़ न बढ़े। ज्यादातर लोगों को बाकी घाटों पर स्नान के लिए भेजा जा रहा है।

## 41 साल बाद कांग्रेस नेता सज्जन कुमार दोषी करार,18 फरवरी को सजा सुनाएगी कोर्ट

**नई दिल्ली**। करीब 41 साल बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को सिख दंगों के दौरान दो सिखों की हत्या के मामले में दोषी मना है। कोर्ट 18 फरवरी को सजा का ऐलान करेगी। इसके पहले दिसंबर 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट की डबल बेंच ने एक अन्य मामले में सज्जन कुमार को दोषी मनाकर उम्रकैद की सजा सुनाई थी। उन्हें हिंसा कराने और दंगा भड़काने का दोषी पाया गया था। पहले से ही वे तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं।

**1984 में हत्या, 2021 में आरोप तय, 2025 में फैसला...** : 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और तरुणदीप सिंह की हत्या की गई थी। पंजाबी बाग पुलिस स्टेशन में सज्जन कुमार के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इसके बाद 16 दिसंबर 2021 को पुलिस जांच को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने सज्जन के खिलाफ आरोप तय किए थे। इस दौरान पीड़ित के वकील ने दलील दी थी, कि बड़ी भीड़ खतरनाक हथियार लेकर सरस्वती विहार में घुसी। उन्होंने लूटपाट, आगजनी और तोड़फोड़ शुरू कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची के डोरंडा थाना में तैनात सिपाही की मौत




**एजेंसीः रांची।** राजधानी रांची के डोरंडा थाना में तैनात सिपाही गजेंद्र कुमार यादव का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह मूल रूप से गोड्डा जिले के रहने वाले थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिससे मौत के सही कारणों का पता चल सके। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, गजेंद्र कुमार यादव लंबे समय से बीमार थे और कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे।

### रांची में तापमान औसत से अधिक, रूलाएगी गर्मी

**एजेंसीः रांची।** राजधानी रांची में इस वर्ष भी गर्मी सताएगी। फरवरी माह में रांची में अधिकतम तापमान औसत से अधिक रिकॉर्ड की जा रही है। राजधानी में यदि पिछले चार दिनों की बात की जाए तो बुधवार को यहां का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो औसत से 2.5 डिग्री अधिक है। वहीं मंगलवार को 2.5 डिग्री अधिक, सोमवार को 3.8 डिग्री अधिक, जबकि रविवार को राजधानी में औसत तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस वर्ष रांची के अलावा राज्य के कई शहरों में अभी से ही तापमान में काफी बढोत्तरी दर्ज की जा रही है, जिसमें सरायकेला, चाईबासा, जमशेदपुर, डालटेनगंज प्रमुख रूप से शामिल है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि लगातार तापमान में बढोत्तरी से संभावना है कि इस वर्ष गर्मी ज्यादा पड़ेगी।उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी रांची में प्रचंड गर्मी पडी थी, जिससे आम जन जीवन परेशान हो गया था।

## पति की प्रताड़ना नहीं झेल पाई पुष्पा, कर ली खुदकुशी



**एजेंसीः रामगढ़।** रामगढ़ शहर के न्यू बगीचा कॉलोनी सौदागर मोहल्ला में पुष्पा शुक्ला की मौत से पर्दा उठ गया है। पुष्पा कई वर्षों से अपने पति छोटू शुक्ला की ओर से दी जा रही प्रताड़ना झेल रही थी। पुष्पा को उसके पति ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। शायद इसी प्रताड़ना की वजह से उसने खुदकुशी कर ली है। इन सारे तथ्यों का खुलासा तब हुआ जब पुष्पा शुक्ला का भाई ओमप्रकाश रामगढ़ पहुंचा। बुधवार को ओमप्रकाश ने पुष्पा की पिछले 15 वर्षों की कहानी बयां की है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अमेठी जिला अंतर्गत मुंशीगंज थाना के बहेलियापुर (सराय बरवंडा सिंह) के रहने वाले ओमप्रकाश ने बताया कि पुष्पा पिता दिवंगत चीनी प्रसाद वर्ष 2010 में ही अपने घर से भाग गई थी। ओमप्रकाश ने पुलिस को बताया कि अक्टूबर 2010 में ही पुष्पा शुक्ला घर से भागी थी। हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंबाजीत, शुक्ला खपिया निवासी छोटू शुक्ला ने बहला फुसलाकर उसे अपने साथ ले गया था। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि छोटू कुमार शुक्ला और पुष्पा ने शादी कर ली है। वह दोनों साथ-साथ रह रहे हैं। काफी समय बीतने के बाद बीच-बीच में घर की महिलाओं से पुष्पा की बात होने लगी थी। कुछ वर्षों बाद पता चला कि छोटू शुक्ला, पुष्पा के साथ मारपीट करता है और उसे प्रताड़ित करता है। छोटू कुमार शुक्ला ने पुष्पा को जान से मारने की धमकी दी थी। पुष्पा एक माह पूर्व भी घर की महिलाओं से फोन पर रो कर बात कर रही थी और यह बताई थी कि कभी भी उसकी हत्या छोटू कर सकता है। उसे वह अनजान जगह पर भी रख रहा है। ओमप्रकाश ने बताया कि 10 फरवरी को रामगढ़ थाना प्रभारी ने उन्हें फोन कर पुष्पा की मौत की खबर दी। उन्हें पूरा विश्वास है कि शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना की वजह से ही पुष्पा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसकी मौत के पीछे छोटू कुमार शुक्ला का हाथ है। उन्होंने पुलिस से छोटू शुक्ला एवं अन्य के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## कुंभ मेले में गया परिवार, चोरों ने तोड़ दिया घर का ताला



**एजेंसीः रामगढ़।** रामगढ़ शहर के मुर्रामकला में कुंभ मेले में गए एक परिवार के घर को चोरों ने निशाना बनाया। घर का ताला तोड़कर अलमारी से लाखों रुपए के जेवर, नगद और जमीन के दस्तावेज चोरी कर ले गए। इस मामले में घर के मालिक मिथिलेश कुमार के भाई दामोदर महतो ने बुधवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दामोदर महतो ने पुलिस को बताया कि उनका भाई मिथिलेश कुमार अपने परिवार के साथ कुंभ मेले में गया हुआ था। 11 फरवरी की रात दो चोर उस घर में घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर ले गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी 80 वर्षीया मां सालखो देवी ने दोनों चोरों को भागते हुए भी देखा। दामोदर महतो ने पुलिस को बताया कि देर रात जब टूटने फूटने की आवाज आई तो उनकी मां सालखो देवी ने दो चोरों को भागते हुए देखा। उन्होंने शोर मचाया तो कई लोग वहां जुट गए। घर के अंदर जब लोगों ने प्रवेश किया तो देखा की मुख्य द्वार का कुंडी टूटा हुआ है और बेडरूम में अलमीरा भी खुला हुआ है। बाद में जब मिथिलेश कुमार से फोन पर बात हुई तो पता चला कि सोने और चांदी के जेवर के साथ-साथ 15 हजार नगद और जमीन के मूल दस्तावेज चोरी हो गया है।

## रांची में पांच लाख की लूट, जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसीः रांची।** रांची के तमाड़ में बुधवार को अज्ञात तीन अपराधियों ने दिनदहाड़े पांच लाख रुपये लूट कर फरार हो गये। लूट की वारदात को एसबीआई के सीएससी संचालक के तमाड़ सेंटर पर अंजाम दिया गया है। सीएससी संचालक शिवचरण महतो ने बताया कि वह हर दिन की तरह बुधवार को सेंटर खोल कर अंदर बैठे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन अपराधी उनके सेंटर में आ धमके और आते ही उन्होंने सबसे पहले सेंटर का दरवाजा बंद कर दिया। फिर उनके साथ मारपीट करते हुए काउंटर में रखे करीब पांच लाख रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए। शिवचरण ने बताया कि अपराधियों के भागने के बाद वह तुरंत तमाड़ थाने पहुंचे और पुलिस को मामले की पूरी जानकारी दी, हालांकि जब तक पुलिस की टीम मौके पर पहुंचती तीनों अपराधी फरार हो चुके थे। मामले में शिवचरण के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई है। लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस की टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की तलाश कर रही है। इसके अलावा रांची-टाटा रोड से गुजरने वाली सभी सड़कों पर चेक पोस्ट स्थापित कर तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने सीएससी में लूट की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी मिलने पर पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# भाजपा ने मनाई संत रविदास की जयंती

### कर्मयोग के सच्चे उपासक रहे संत रविदासः बाबूलाल मरांडी



एजेंसीःरांची

भाजपा प्रदेश कार्यालय में माघ पूर्णिमा पर बुधवार को संत रविदास जयंती मनाई गई। अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित मोर्चा के कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने संत रविदास के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि संत रविदास कर्म योग के सच्चे उपासक थे। रविदास जी भक्ति मार्ग के लिए अपने कर्म को शुद्ध पवित्र बनाकर ईश्वर के चरणों में अर्पित करना ही भक्ति मानते थे। उन्होंने मन और विचार की शुद्धि पर जोर दिया तथा बाह्य आडंबरों से दूर रहने की प्रेरणा दी। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि संत रविदास जी ने रविदासिया पंथ की स्थापना की थी। इन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गई थीं। संत रविदास बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। वे भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ-साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया। संत रविदास ने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए। संत रविदास अपना अधिकांश समय भगवान की पूजा में लगाते थे और धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए, उन्होंने एक संत का दर्जा प्राप्त किया। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' रविदास जी का ये दोहा आज भी प्रसिद्ध है। रविदास जी का कहना था कि शुद्ध मन और निष्ठा के साथ किए काम का हमेशा अच्छा परिणाम मिलता है। इस मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र नायक, सीमा पासवान, शिवपूजन पाठक, हेमंत दास, आरती सिंह, जोगेंद्र लाल, राजीव राज लाल, राकेश राम, संदीप कुमार, सुचिता सिंह, पंकज सिन्हा, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, संजय जायसवाल एवं अन्य ने भी पुष्प अर्पित किया।

## मारवाड़ी युवा मंच ने की गौ सेवा




एजेंसीःरांची

मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा ने बुधवार को हरमू रोड स्थित रांची गौशाला न्यास में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सदस्यों एवं उनके परिवार वालों ने ताज़ा पालक, रोटी और गुड़ खिलाकर बिना दूध देने वाली निर्बल और असहाय गायों की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के गौ सेवा प्रभारी युवा विशाल महलका एवं युवा उज्जवल मुरारका थे। उल्लेखनीय है कि मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर माह अपने सदस्यों एवं उनके परिवार वालों के लिए गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन करता है। मारवाड़ी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया कि कार्यक्रम में मंच के शाखा अध्यक्ष युवा आशीष अग्रवाल , सचिव सोनित अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, युवा अमित अग्रवाल एवं अन्य सदस्य अपने परिवार सहित उपस्थित थे।

## माघ पूर्णिमा पर रांची के मंदिरों में रही भीड़



एजेंसीःरांची

माघ पूर्णिमा पर राजधानी रांची के विभिन्न मंदिरों में बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु सुबह नहा धोकर मंदिरों में पूजा अर्चना कर दान पुण्य किया। रांची के पहाडी मंदिर, जगरनाथपुर मंदिर, मेन रोड स्थित काली मंदिर, मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भीड़ देखी गयी। इस दौरान रांची के पुंदाग स्थित राधा- कृष्ण मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में पूर्णिमा में विशेष पूजा- पाठ और विशेष आरती का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने किया था। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर का संचालन प्रणामी ट्रस्ट करता है। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत पूजा- अर्चना कर भोग लगाया तथा पूरे विधि विधान से पूजा संपन्न कराया। इसके बाद सामूहिक रूप से आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। माघ ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा- पाठ किया गया तथा भजन- कीर्तन में सदस्यों ने एक से बढ़कर एक भजन गाए। मधुर भजनों पर भक्त खूब झूमे। उन्होंने बताया कि माघ पूर्णिमा का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना गया है। यह पर्व पूर्णिमा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस अवसर पर भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी की प्रार्थना करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। वहीं इस अवसर पर कई घरों में सत्यनारायण भगवान की कथा और पूजा की गई। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने माघ पूर्णिमा के दिन मत्स्य अवतार धारण किया था। इसलिए यह पूर्णिमा बेहद खास मानी गई है। उन्होंने बताया कि हजारों की संख्या में श्रद्धालु श्री कृष्ण राधा मंदिर पहुंचे और भव्य मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा-कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना की।

## आयुष्मान योजना को लेकर हेमंत सरकार ले रही अव्यवहारिक फैसले : बाबूलाल



एजेंसीःरांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मरांडी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की धरती से विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत की शुरुआत की थी, लेकिन अब झारखंड सरकार की एक अव्यवहारिक फैसले ने आमजनों के लिए समस्याएं उत्पन्न कर दी हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत झारखंड सरकार ने नया नियम जारी किया है, जिसमें केवल 50 बेड (शहरी) और 30 बेड (ग्रामीण) वाले निजी अस्पताल ही योजना में शामिल होंगे। इससे सैकड़ों छोटे अस्पताल बाहर हो जाएंगे, जिससे गरीब मरीजों को इलाज में दिक्कत होगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां छोटे अस्पतालों पर निर्भरता ज्यादा है, मरीजों को महंगे और दूर के बड़े अस्पतालों में जाना पड़ेगा। इससे स्वास्थ्य सेवाएं गरीबों के लिए और सीमित हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करें और इसे तुरंत वापस लें, ताकि कोई भी व्यक्ति आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित न हो। उन्होंने कहा कि अगर कहीं गड़बड़ी हो रही है, तो उसकी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें।लेकिन ऐसा आदेश न दें जिससे किसी को आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित होना पड़े। वहीं दूसरी ओर मरांडी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने अपने ज्ञान, कर्म, समानता और भाईचारे के पवित्र भाव से जीवन जीने की शिक्षा देने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर सादर नमन किया है।

# कांग्रेस ने गुरु रविदास की 648 वीं जयंती मनाई




एजेंसीःरांची

संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648 वीं जयंती कांग्रेस भवन रांची में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की ओर से केदार पासवान की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गुरु रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि गुरु रविदास से हमें सीखने की आवश्यकता है। खासकर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को उनके विचारों के अनुसार संगठित होकर समाज में आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। आज अनुसूचित जाति के लोगों को अपने बारे में सोचने की आवश्यकता है,समाज का अन्य वर्ग उन्हें आगे बढ़ना चाहता है लेकिन कोशिश उन्हें स्वयं करना होगा। समाज के मुख्य धारा में आगे रखने के लिए संविधान में उन्हें अधिकार प्रदान किए गए हैं उन अधिकारों के बारे में उन्हें जानना होगा, संगठन को मजबूत बनाने के लिए समाज के बीच जाना होगा और उन्हें जागरूक करना होगा। कांग्रेस हमेशा से दलित वर्ग के उत्थान के लिए आवाज उठाती है, कांग्रेसनीत सरकारों में कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की गई थी जिसने अनुसूचित जाति समाज के आर्थिक स्तर को मजबूत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि संत रविदास की जयंती समाज में उनके योगदान को याद करने का अवसर है यह समाज में समानता प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने की प्रेरणा देता है। उनका जीवन सीखाता है कि हमें जाति, धर्म और समाज के हर वर्ग से ऊपर उठकर एकता और प्रेम में विश्वास करना चाहिए। अनुसूचित जाति के अंदर 66 उपजातियां आती हैं और हम एक होने की जगह इन्हीं उपजातियों में विभक्त होकर रह गए हैं। विभाजन का परिणाम है कि संविधान में अधिकार मिलने के बाद भी हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं है। अधिकारों के व्यापक संघर्ष के लिए एकजुटता आवश्यक है। कार्यक्रम को विधायक सुरेश बैठा सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, किशोर शाहदेव, निरंजन पासवान, सोनाल शांति रियाज, अहमद विनय सिन्हा, दीपू कमल ठाकुर, अमूल्य नीरज खलको, जगदीश साहू सहित अन्य शामिल थे।

## शादी समारोह में फायरिंग से घायल युवक के पिता ने जताई नाराजगी, बोले- निर्दोषों को फंसाया जा रहा



एजेंसीःरांची

धुर्वा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पास हुई फायरिंग में घायल गुलशन पांडे का इलाज पारस अस्पताल में चल रहा है। उसे पीठ में गोली लगी थी, जो निकाल दी गई है. और अब उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घायल युवक के पिता संतोष पांडेय ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि पुलिस ने निर्दोष युवकों को पकड़ रखा है। उन्होंने कहा कि गोलू, रवि, रोहित और अंशु को जबरदस्ती हिरासत में लिया गया है, जबकि इन्हीं लोगों ने मेरे बेटे को उठाकर अस्पताल पहुंचाया था। ये सभी मेरे पड़ोसी हैं और काफी मददगार भी हैं। उल्लेखनीय है कि 10 फरवरी की देर रात धुर्वा थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान डांस करने के दौरान गुलशन पांडेय उर्फ मेडी को गोली लग गई थी। अचानक हुई इस फायरिंग से समारोह में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजद लोगों के अनसार, कई लोग डांस कर रहे थे, तभी फायरिंग की आवाज आई और गुलशन घायल होकर गिर पड़ा। हालांकि, गोली किसने चलाई, यह कोई नहीं देख पाया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ जारी है।

## पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट



एजेंसीःचतरा

पुलिस और प्रशासन की टीम ने पन्द्रह दिनों के भीतर अफीम माफियाओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। गुप्त सूचना के आधार पर सीओ विजय दास और थाना प्रभारी उमेश उरांव के संयुक्त नेतृत्व में गठित पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने टंडवा-बालूमाथ थाना क्षेत्र के सीमांत पर स्थित मारंगलोईया के जंगली इलाके में करीब एक एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट कर दिया है। सीओ ने बताया कि अफीम की खेती के दुष्प्रभाव को लेकर लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बावजूद भी कुछ लोगों के द्वारा अफीम की खेती गई थी। इसकी सूचना के बाद यह कार्रवाई की गई।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में मांडर रेफरल अस्पताल नजीर साबित होगा: कृषि मंत्री



एजेंसीःरांची

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को मांडर रेफरल अस्पताल के नये भवन का उदघाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इस रेफरल अस्पताल ने ना जाने कितने लोगों को नया जीवन दिया। समय के साथ अस्पताल भवन का भी कायाकल्प जरूरी था। जब से मांडर की जनता ने मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना, तब से अस्पताल परिसर को नया रूप, नया जीवन देने के प्रयास में लगी थी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मांडर रेफरल अस्पताल नजीर साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज नौ करोड़ 21 लाख 15 हजार रुपए से ज्यादा की लागत से नवनिर्मित भवन सबके सामने है। मांडर रेफरल अस्पताल स्वास्थ्य के क्षेत्र में नजीर साबित होगा। इस रेफरल अस्पताल के साथ भले ही मांडर का नाम जुड़ा हो, पर हकीकत ये है कि इस अस्पताल में खलारी, बुड़मू, चान्हो जैसे सीमावर्ती प्रखंड और उसके गांव के लोग बेहतर इलाज के लिए यहां रोजाना आते है। अस्पताल के नये भवन के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए उपकरण की भी व्यवस्था जरूरी है। आज लोग गंभीर बीमारियों के लिए भले ही बड़े अस्पताल या बड़े शहरों की तरफ रुख करते हो, पर कोशिश ये होनी चाहिए की गंभीर बीमारी को छोड़ बाकी का इलाज इसी अस्पताल में हो सके ।<मंत्री ने कहा कि अगर आप और हम स्वस्थ रहेंगे, तभी स्वस्थ समाज का भी निर्माण संभव है। मेरा इस रेफरल अस्पताल को समय के साथ अपग्रेड करने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। मंत्री ने बुढ़ा खुखरा स्थित सरकारी हाई स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य मेले में भी भाग लिया। मंत्री के सौजन्य से इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था । इस स्वास्थ्य मेले में हड्डी रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों निःशुल्क परामर्श दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। दिन भर इस स्वास्थ्य मेले में लोगों का आना जाना लगा रहा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की वंडरलैंड स्कूल मांडर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। यहां स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से वो प्रभावित भी हुई। उन्होंने स्कूली बच्चों से मन लगा कर पढ़ने और भविष्य में कुछ बन कर दिखाने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

## सर्विस रिवॉल्वर से जवान ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारोः** सेक्टर 4ए में एक जवान ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना लक्ष्मी मार्केट के समीप स्ट्रीट फोर, क्वार्टर नंबर 2068 में हुई, जहां जवान चंदन कुमार शांडिल्य अपने परिवार के साथ रहते थे।

सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी आलोक रंजन मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम भी साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चला है। चंदन कुमार बिहार के नवादा जिले के हिशवासराय गांव के रहने वाले थे और अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ बोकारो में रह रहे थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने चलाया मधुकरपुर में सदस्यता अभियान



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : कसमार प्रखंड के मधुकरपुर पंचायत के मधुकरपुर एवं रानीटांड़ मुंडा टोला में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें दर्जनों महिला पुरुषों व युवाओं को झामुमो का सक्रिय सदस्य बनाया गया। इस दौरान उपस्थित झामुमो के प्रखंड संयोजक मंडली के सदस्य धीरेंद्र नाथ महतो, सुभाष चंद्र ठाकुर, मिथिलेश तिवारी, धनंजय स्वर्णकार, रमेश कुमार वर्मा, धर्मनाथ महतो, अंजय महतो, प्रकाश हजाम की उपस्थिति में सभी टोले में घूम घूमकर लोगों को झामुमो की सदस्यता अभियान से जोड़ते हुए उन्हें पार्टी के बारे विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही संगठन को मजबूत बनाकर पूरे प्रदेश में झामुमो को और ज्यादा मजबूत बनाने की अपील की गई। मौके पर पंचायत के कार्यकर्ता जगेश्वर मुंडा, मिन्हाज अंसारी, विक्रम महतो, लखन लाल मुंडा, महेश मुंडा,भदरु मुंडा, धनेश्वर मुंडा, उमेश मुंडा, मीना देवी, यशोदा देवी, संगीता देवी, प्रमिला देवी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## टीयूसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष बने निवारण




**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** तुपकाडीह अम्बेडकर नगर दुर्गा मंदिर के प्रांगण में ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर राज्य कमेटी की चयनित विस्तारित सभा प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विस्थापित नेता निवारण दिगार को यूनियन की राज्य कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार और झारखंड सरकार विस्थापन, पलायन से मुक्ति दिलाए। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए न्यूनतम कानून व्यवस्था बहाल हो। विस्थापितों से ली जाने वाली जमीन के बदले उन्हें नियोजन, मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था सरकार पहले करे। यूनियन का विस्तार कर किसान मजदूरों को भी संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। मौके पर टीयूसीसी के पदाधिकारी और दैनिक मजदूर मौजूद रहे।

## आम के मंजर से वातावरण सुगंधित



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : वसंत की बहार आते ही चारों ओर आम के पेड़ों में मंजर आने लगे हैं। बसंत ऋतु में मंजर की खुशबू से आस पास का क्षेत्र महक रहा है। चिड़ियां व भंवरे भी आनंद लेकर फीलगुड महसूस कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि बोकारो जिले में इस बार आम की अच्छी फसल होगी।

# बीएसएल प्लांट में हादसाः ठेका मजदूर की ऊंचाई से गिरकर मौत, मुआवजे की मांग

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** बोकारो स्टील प्लांट (BSL) के CO&CC बैटरी-5 में बुधवार दोपहर ठेका मजदूर मनोज कुमार (48) की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई। हादसा दोपहर 3:10 बजे हुआ, जब वह लगभग 3 मीटर ऊंचाई से गिर पड़े। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें बोकारो जनरल अस्पताल (BGH) के CCU में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।





**काम के दौरान हुआ हादसा, मजदूर संगठनों में आक्रोश-** मनोज कुमार जनरल शिफ्ट में कार्यरत USW वर्कर थे और ठेका मजदूर के रूप में बीएसएल प्लांट में काम कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल के बाहर ठेका मजदूरों और HMS (हिंद मजदूर सभा) से जुड़े लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

मजदूर संगठनों ने इस हादसे पर गहरी नाराजगी जताते हुए बीएसएल प्रबंधन से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को स्थायी नियोजन देने की मांग की।

**प्रबंधन की चुप्पी से बढ़ रहा असंतोष-** मजदूर संगठनों का कहना है कि ठेका मजदूरों की सुरक्षा के प्रति बीएसएल प्रबंधन लापरवाही बरत रहा है। प्लांट में सुरक्षा मानकों के अभाव में आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा।

घटना के बाद एचएमएस नेता और अन्य यूनियन प्रतिनिधियों ने बीएसएल प्रबंधन से वार्ता की और ठोस कार्रवाई की मांग की। मजदूरों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

**मृतक के परिवार को मदद की उम्मीद-** मनोज कुमार सेक्टर-8 के निवासी थे और उनके परिवार पर इस हादसे का गहरा असर पड़ा है। अब सभी की निगाहें बीएसएल प्रबंधन के अगले कदम पर टिकी हैं, कि वे मृतक के परिवार की सहायता के लिए क्या कदम उठाते हैं।

## भूतों का डेरा बना दुर्गापुर उप स्वास्थ्य केंद्र, इलाज के लिए भटक रहे ग्रामीण



राष्ट्रीय मुख्यधारा


**बोकारो** : कसमार के दुर्गापुर पंचायत में लाखों रुपये की लागत से बना उप स्वास्थ्य केंद्र चालू होने से पहले ही बदहाल हो गया। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण यह केंद्र अब भूतों का डेरा और मवेशियों का अड्डा बन चुका है।

**इलाज के लिए 10-12 किमी दूर जाने को मजबूर ग्रामीण-** स्थानीय लोगों को मामूली इलाज के लिए भी रांची या बोकारो जाना पड़ता है। कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं निकला।

**संवेदक अधूरा काम छोड़ गया, विभाग ने साधी चुप्पी-** ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक अधूरा काम छोड़कर चला गया, और स्वास्थ्य विभाग ने इसे चालू करने की दिशा में कोई पहल नहीं की। पंचायत के मुखिया अमरेश कुमार महतो ने अस्पताल शुरू करने और जांच की मांग की है।

**सरकारी योजना सवालों के घेरे में-** राज्य सरकार का दावा था कि हर गांव में स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलेंगी, लेकिन दुर्गापुर में स्थिति इसके उलट है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रहना पड़ रहा है।

## कसमार के दांतू में मनी संत शिरोमणि रविदास की जयंती



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : कसमार प्रखंड के दांतू स्थित रविदास टोला में बुधवार को महान संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संत शिरोमणि की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला बीस सूत्री कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक, झामुमो नेता विनय कपूर, स्थानीय मुखिया चंद्रशेखर नायक, महेंद्र सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास ने भक्ति की जो पाठ पूरी दुनिया को पढ़ाई, उसे भारत के लोग अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने बताया था कि मानव प्रेम से ही भगवान को।प्राप्त किया जा सकता है। बीस सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण नायक ने कहा कि संत रविदास भारत के महान संतो मे से एक थे। संत रविदास ने अपने वचनों एवं दोहों से भक्ति की अलग छाप दुनिया मे छोड़ी। झामुमो नेता विनय कपूर ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने भक्ति व करुणा की जो रसधार बहाकर प्रेम का संदेश दिया, उसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। इस दौरान भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री योगेंद्र प्रसाद के पुत्र ने किया। वहीं भंडारा का भी आयोजन किया गया। मौके पर छोटेलाल रविदास, आशिष रविदास, राजेश रविदास, भुनेश्वर रविदास, सुरेश रविदास, अजित रविदास, कृष्णा रविदास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डीवीसी चंद्रपुरा पर पर्यावरणीय उल्लंघन का आरोप, 3.30 करोड़ का जुर्माना संभव

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन को लेकर समय-समय पर कई विवाद सामने आते रहे हैं। वर्ष 2024-25 में 800 मेगावाट के सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट की स्थापना की योजना बनाई गई है, जिसके लिए सर्वेक्षण और डिजाइन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मंत्रालय की मंजूरी के बाद कार्य शुरू किया जाएगा।

हालांकि, डीवीसी के तीन प्रमुख प्लांट—बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा और कोडरमा—को झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रदूषण मानकों के उल्लंघन पर नोटिस जारी किया है। चिमनियों से अत्यधिक धुआं निकलने से वायु प्रदूषण में वृद्धि हुई है। यदि संतोषजनक उत्तर नहीं मिला, तो डीवीसी पर 3.30 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है।




इसके अलावा, कोयले की आपूर्ति बाधित होने से बोकारो और चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट में बिजली उत्पादन पर संकट आ गया था। संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति के गेट जाम आंदोलन के कारण कोयला स्टॉक खत्म होने की स्थिति में था, जिससे उत्पादन आधा रह गया।

स्थानीय श्रमिक संघों का आरोप है कि डीवीसी की कार्यशैली में खानापूर्ति अधिक होती है और योजनाओं को पूरी ईमानदारी से लागू नहीं किया जाता। चूंकि डीवीसी एक सरकारी उपक्रम है, इसलिए इसकी निष्पक्ष जांच कराना सरकार की जिम्मेदारी बनती है।

पुराने विवादों में, झारखंड सरकार और डीवीसी के बीच बिजली बकाया राशि को लेकर लंबे समय से मतभेद हैं। डीवीसी के विभाजन की अटकलों को लेकर श्रमिक संगठनों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। चंद्रपुरा में डीवीसी आवासों पर अवैध कब्जे हटाने को लेकर भी विवाद हुआ है।

इन विवादों और लापरवाहियों के बावजूद, डीवीसी चंद्रपुरा में अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है, जिसमें पर्यावरणीय मानकों का पालन और नए पावर प्लांट की स्थापना शामिल है।

## बहादुरपुर-कसमार पीडब्ल्यूडी सड़क अधूरी, जर्जर हालत में बढ़ रही दुर्घटनाएं



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : बहादुरपुर से कसमार तक पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे कसमार प्लस टू हाई स्कूल और पोस्ट ऑफिस के पास सड़क जर्जर हो गई है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद विभाग की उदासीनता बनी हुई है।

**गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे लोग-** स्थानीय निवासियों के अनुसार, टूटी सड़क के कारण बाइक और साइकिल सवार अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद अब तक समाधान नहीं निकला है।

**आंदोलन की चेतावनी-** क्षेत्रीय लोगों और राजनीतिक दलों ने जल्द से जल्द सड़क मरम्मत की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन होगा। प्रशासन की चुप्पी से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

## मंजूरा में बजरंगबली मंदिर निर्माण को लेकर पूजा कमिटी का गठन

### ध्वजारोहण के साथ मंदिर के गुम्बद निर्माण कार्य की हुई शुरुआत

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : कसमार प्रखंड के मंजूरा में बजरंगबली मंदिर निर्माण को लेकर बुधवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। इस दौरान मंदिर के भव्य एवं आकर्षक गुम्बद निर्माण को लेकर मंदिर निर्माण कमिटी का गठन किया गया। सबसे पहले मंदिर निर्माण कार्य की शुरुआत से पूर्व ध्वजारोहण कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। उक्त मंदिर का निर्माण कार्य स्थानीय युवा समिति द्वारा आर्थिक सहयोग से ही पूरा करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मंदिर निर्माण कमिटी में संरक्षक के रूप में फणींद्र नाथ महतो, सरोज कुमार महतो, मुक्तेश्वर नायक, सुभाष महतो, भगवान दास महतो, यमुना प्रसाद महतो एवं कृष्ण किशोर जायसवाल का चयन किया गया। साथ हीं जयंत कुमार जायसवाल को अध्यक्ष, प्रकाश कुमार महतो को उपाध्यक्ष, अमित कुमार महतो को सचिव, शिशुपाल महतो को उप सचिव, बासुदेव प्रजापति को कोषाध्यक्ष एवं संजय प्रजापति को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा संतोष हजाम एवं सीताराम भगत को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक के दौरान महाशिवरात्रि के दिन मंजुरा में शिवालय में पूजा अर्चना के बाद भव्य झांकी निकालने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर पूजा कमिटी के पदाधिकारियों के अलावा विधान चन्द्र झा, गोपाल कृष्ण महतो, अमित प्रसाद महतो, चक्रधर भगत, अजय शर्मा, अजय कुमार महतो, राकेश कुमार महतो, सोमेश महतो, प्रीतम महतो, मिथिलेश कुमार महतो, साधु महतो, राजन महतो, पुशु घासी, दिलीप प्रजापति, अक्षय प्रजापति, विनोद प्रजापति, विवेकानंद जायसवाल, देवेंद्र महतो, राजेश रंजन व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



## समाज सुधारक और क्रांतिकारी चिंतक भी थे संत रविदास : राकेश

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** शहर के आम्रपाली क्लब में बुधवार को संत रविदास जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के ओबीसी मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में संत रविदास के जीवन, उनके विचारों और सामाजिक सुधार में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अतिथि कुशवाहा राकेश महतो ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास केवल एक संत ही नहीं, बल्कि समाज सुधारक और क्रांतिकारी चिंतक भी थे। उन्होंने जीवन भर छुआछूत, भेदभाव और सामाजिक असमानता के खिलाफ संघर्ष किया। उनका संदेश था कि इंसान की पहचान उसके कर्मों से होती है, न कि उसकी जाति या जन्म से। उन्होंने समाज में समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने पर बल दिया। संत रविदास ने अपने भक्ति और आध्यात्मिकता से भरपूर दोहों के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का प्रयास किया। राकेश महतो ने कहा कि आज के समय में जब समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियां मौजूद हैं, तब संत रविदास के विचार हमें सही राह दिखा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संत रविदास के बताए मार्ग पर चलें और समाज में समानता, सद्भाव और आपसी प्रेम की भावना को बढ़ावा दें। अगर हम सभी उनके आदर्शों को अपनाएं, तो एक समरस और भाईचारे पर आधारित समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने संत रविदास के आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। आयोजकों ने संकल्प लिया कि वे संत रविदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देंगे। उपस्थित लोगों ने संत रविदास के दिखाए मार्ग पर चलने और समाज में समानता व सद्भाव बनाए रखने की शपथ भी ली।



# चिन्मया विद्यालय में जेईई मेंस फेज- 1 में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** चिन्मय विद्यालय बोकारो में जेईई मेंस फेज- 1 में सफल छात्रों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि चिन्मय विद्यालय बोकारो के छात्रों ने जेईई मेंस में शानदार सफलता प्राप्त की है। उन्होंने सफलता के इतिहास में एक और सुनहरा पन्ना जोड़ दिया है। अभी तक कुल 68 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। चिन्मय विद्यालय ने छात्रों के लिए आज विशेष रूप से आयोजित समारोह में सभी को मिढ़ाई खिलाकर सम्मान दिया और फेज-2 एवं एडवांस में बेहतर प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन किया। साथ ही, हर संभव सहायता देने की बात कही।




प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि अभी सामने बोर्ड परीक्षा, मेंस, एडवांस परीक्षा पर ध्यान केंद्रित कर पढ़ाई करनी चाहिए। अभी हमें अपने सुनहरे पल को अपनी मेहनत और एकाग्रता से और अधिक सुसज्जित करे। तन मन को स्वस्थ रखना है।

चिन्मय विद्यालय के सफल छात्रों में अतिन गौरव, अश्विन कुमार, आर्यन, नारायण राय, वेद कुमार, अभ्यास मल्लिक आदित्य राज, मीनाक्षी कुमारी, शिवम रंजन, हर्ष लच्छीरामका, रजनीश कुमार, शरण्या रंजन, ईशान गोप, भव्या विक्रम, सत्यम सोनी, एकांश महावार, श्रेयांश मिश्रा, अदित्या, आकर्ष देव, ऋषि प्रसाद, आदर्श राय, अभिषेक, प्रेम कुमार, रोहित राज, प्रिंस रॉय, एकता आकृति, अंकित कुमार, शुभम कुमार, रितु राज, अमृत कुमार, खुशी किरण, एकता आकृति, समीर मंडल, हर्षित आर्यन, पीयूष पांडेय, आर्यन चौरसिया, भव्य विक्रम, आदित्य रंजन, मिथुन सिंह, शुभम कुमार, वत्सल सिंह, अभिषेक कुमार, अंबिका कुमारी, अभिषेक कुमार, रिशु कुणाल, केसर कुमारी, अमित कुमार गोराई, श्रद्धा सिन्हा, अंकित कुमार, विनीत निशांत गुप्ता, प्राची सहित समाचार लिखे जाने तक 68 से अधिक बच्चै ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किये।

सभी सफल छात्रों को सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार सहित वरीय शिक्षको प्रफुल्ल कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, कुमोद रंजन सिंह, देवज्योति बराल, अशोक चौबे, राजकुमार, चंदन कुमार सिंह एवं अन्य शिक्षको ने ढ़ेरो शुभकामनाए दीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मिर्जाचौकी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंजः** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र की पुलिस ने बुधवार को युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषन करने वाले आरोपी युवक बादल कुमार उर्फ बिट्टू उर्फ किट्टू उम्र 26 वर्ष पिता बसंत कुमार राम को गोड्डा जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र के हीरा खुटहरी गांव से गिरफ्तार करने के बाद मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ केशव कृष्णा ने आरोपी युवक का मेडिकल जांच किया जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उधर मामले को लेकर मिर्जाचौकी थाना के एसआई मो. आफताब अंसारी ने बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने बीते दिनों 8 दिसंबर 2024 को आरोपी युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर यौन शोषन करने के मामले में केस दर्ज कराया था जिसमें आरोपी युवक फरार चल रहा था। उधर गुप्त सूचना के बाद आरोपी युवक को उसके घर हीरा खुटहरी गांव से गिरफ्तार करने के बाद मिर्जाचौकी थाना कांड संख्या 92/24 दिनांक 08/12/25 की धारा 69/3(5) में जेल भेज दिया गया है।



### समाजसेवी संजय सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची :** गाड़ीखाना चौक स्थित कार्यालय में झारखंड क्षत्रिय-राजपूत महापंचायत के संस्थापक संजय सिंह का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। केक काटकर उन्होंने सभी का आभार जताया। युवाओं ने "प्रखंड हो या जिला बबुआन से हिला" गाने पर जमकर नृत्य किया। समारोह में कई प्रतिष्ठित हस्तियाँ शामिल हुईं।

### संत रविदास जयंती पर स्कूली बच्चों में पाठ्य सामग्रियों का वितरण

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** जन कल्याण सामाजिक संस्था द्वारा संचालित बिरसा मुंडा निःशुल्क विद्यालय में बुधवार को संत रविदास जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेंद्र प्रसाद कुशवाहा रहे। रविदास जयंती के अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच बोकारो क्लब के विक्रम की ओर से लेखन सामग्री व बच्चों व अभिभावकों के लिए खाने का पैकेट का वितरण किया गया। सभी ने संत रविदास जी को याद कर नारे लगाये, उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम में संस्थापक परशुराम राम के अलावा हरि शंकर प्रसाद सोनी, गुड़िया देवी, विजय कुमार, बबीता कुमारी, शंकर रजक, शशि शेखर, अजय कुमार, उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे।



### 99 बिल्डर्स के 99 बोकारो एनक्लेव का भूमि पूजन, 30 दुकानों की हुई बुकिंग



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** 99 बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बोकारो के चास-चंदनकियारी रोड पर स्थित चमसोबाद में 99 बोकारो एन्क्लेव नामक एक विश्व स्तरीय टाउनशिप विकसित की जा रही है। यह टाउनशिप आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगी, जिसमें क्लब हाउस, स्विमिंग पूल, पार्क, मंदिर, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, और अंडरग्राउंड पार्किंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं। संपूर्ण टाउनशिप सोलर सिस्टम के माध्यम से ऊर्जा प्राप्त करेगी, जिससे यह ग्रीन एनर्जी का उपयोग करने वाली परियोजना बनेगी। इस परियोजना में कुल 48 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से भूमि पूजन के दिन ही 30 दुकानों की बुकिंग हो चुकी है। 99 बोकारो एन्क्लेव में विभिन्न प्रकार के आवासीय विकल्प उपलब्ध हैं, जैसे कि लग्ज़री डुप्लेक्स, विला, और कोठी, जिनकी कीमतें 43,11,560 से शुरू होती हैं।

कंपनी के सीएमडी, श्याम पांडे ने मीडिया से बातचीत में बताया कि यह बोकारो में अपनी तरह का पहला मार्केट होगा, जहां सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## योजनाओं को धरातल पर उतार रही हेमंत सरकार : श्वेता सिंह



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चितामी ग्राम के निवासी संजय महतो को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ट्रैक्टर ऋण प्रदान किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामना दीं। श्रीमती सिंह ने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जिसके तहत विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। सरकार के द्वारा यह ऋण की सहायता से लोग सबल तो ही रहे हैं, साथ ही साथ रोजगार के प्रति समर्पित हैं और पूरी निष्ठा से मेहनत कर अपने जीवन को खुशहाल बना रहे हैं। इस कदम से न केवल उनके जीवन में कृषि का स्तर बढ़ रहा है, अपितु आधुनिक मशीनों से कृषि के कार्यों में सुलभता भी मिल रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं और हमेशा से यह प्रयास करते हैं कि क्षेत्र में लगातार युवा, किसान और महिलाओं के लिए नए-नए रोजगारों का सृजन होता रहे, जिसके कारण जनता आत्मनिर्भर और समृद्ध बन सके। तभी जाकर हमारा राज्य और बोकारो विधानसभा का विकास सुनिश्चित हो पाएगा।

## चंद्रपुरा क्षेत्र के विकास में डीवीसी की भूमिका अग्रणी : शर्मा

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**चंद्रपुरा (बोकारो) :** चंद्रपुरा और इसके आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) अग्रणी भूमिका निभा रही है। डीवीसी प्रबंधन द्वारा इस क्षेत्र के विकास के लिए प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपए का खर्च किया जाता है। प्रबंधन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, कृषि, पानी, बिजली, कौशल विकास सहित अनेकों योजनाएं चलाकर क्षेत्र में विकास का कार्य किया जा रहा है। उक्त बातें चंद्रपुरा ताप विद्युत केन्द्र के वरिष्ठ महाप्रबंधक सह- परियोजना प्रधान विजयानन्द शर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि चंद्रपुरा के विकास में और इस क्षेत्र की उन्नति के लिए स्थानीय लोगों को डीवीसी प्रबंधन के कार्यों में भरपूर सहयोग करना चाहिए। क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय, डीवीसी के उच्च विद्यालय जमा दो, डीवीसी के दो मध्य विद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आदि को पर्याप्त वित्तीय सहयोग से चलाया जा रहा है। इसके अलावा यहां के डिनोबली विद्यालय को भी डीवीसी भरपूर सहयोग कर रहा है। इस क्षेत्र के लाखों छात्र- छात्राएं शिक्षा पाकर रोजगार से जुड़े हैं और कई छात्र तो उच्च पद पर भी आसीन हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, कृषि, सड़क, कौशल विकास, पानी, बिजली जैसी सुविधाओं के लिए भी इस क्षेत्र में वृहद पैमाने पर कार्य किये जा रहे हैं।

श्री शर्मा ने कहा कि डीवीसी के सहयोग से चन्द्रपुरा में स्थापित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने अपने स्थापना काल से अब तक इलेक्ट्रीशियन, फिटर और वेल्डर ट्रेड के 1369 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया है और वर्तमान में 116 छात्र-छात्राएं यहां प्रशिक्षण पा रहे हैं। इनमें से 133 प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को बड़ी-बड़ी कंपनियों में रोजगार भी प्राप्त हुए हैं। यहां के निगमित सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर इन सकारात्मक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। पत्रकार सम्मेलन में वरिष्ठ महाप्रबंधक पी के मिश्रा, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डी सी पांडेय आदि मौजूद थे।

# झारखंड के पहले गंगा नदी थाना का उद्घाटन, अपराध नियंत्रण की नई पहल





राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** झारखंड राज्य के एकमात्र गंगा नदी थाना का बुधवार शाम 5 बजे झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, राजमहल विधायक एमटी राजा, उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

**अपराध पर लगेगी लगाम–** केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा ने कहा कि गंगा नदी के किनारे बसे दियारा इलाकों में अपराध पर अंकुश लगाने और कलाई फसल की लूट रोकने के लिए इस थाना की जरूरत थी। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस विषय पर चर्चा की थी, जिसका परिणाम यह थाना स्थापना के रूप में सामने आया है।

**राजमहल विधायक ने बताया सरकार की बड़ी योजना–** विधायक एमटी राजा ने कहा कि झारखंड सरकार अपराध मुक्त प्रदेश बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। गंगा नदी थाना का निर्माण भी इसी योजना का हिस्सा है, जिससे अंतरराज्यीय गिरोहों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

**गंगा किनारे बसे ग्रामीणों को मिलेगा सुरक्षा लाभ–** इस थाने की स्थापना से गंगा नदी और दियारा क्षेत्रों में अपराध पर लगाम लगेगी और स्थानीय लोगों को सुरक्षा मिलेगी। सरकार के इस प्रयास से पूरे राज्य में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

## साहिबगंजः ऑटो पलटने से बड़ा हादसा, दो की मौत, दर्जनभर घायल



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** बोरियो थाना क्षेत्र के किताझोर से बीरबल कांदर जा रहा एक ऑटो बुधवार दोपहर दुमकी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। इस दुर्घटना में दर्जनभर से अधिक लोग घायल हो गए।

**दो की मौत, चार गंभीर रूप से घायल–** घायलों को सीएचसी बोरियो ले जाया गया, जहां से चार गंभीर घायलों को सदर अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान क्लेमेट मरांडी (पिता स्व. चिरु मरांडी) की मौत हो गई, जबकि 80 वर्षीय पीरु मुर्मू (पिता स्व. अंता मुर्मू) की मौके पर ही मौत हो गई।

**इलाज जारी, पुलिस कर रही जांच–** अन्य घायलों में सोहरीन किस्कू, बंगरू पहाड़िया (पिता चांदु पहाड़िया) और सांझली हांसदा (पति लाल टुडु) का इलाज जारी है। बोरियो पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## युवाओं के अधिकार के लिए लड़ेगा युवा लायंस फोर्स : देव शर्मा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** युवा लायंस फोर्स का मिलन समारोह चास के बोदरो स्थित आवासीय कार्यालय में बुधवार को सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष सह- युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे। श्री शर्मा ने कहा कि बारह साल पहले सैकड़ों युवाओं द्वारा इस संगठन का निर्माण मुख्य रूप से बेरोजगार युवाओं के अधिकार के लिए किया गया था। लगभग हजारों युवाओं को हम लोगों ने रोजगार दिलाने का काम किया है। आज युवा लायंस फ़ोर्स बोकारो में किसी भी पहचान का मोहताज नहीं है। हर साल युवा लायंस फोर्स द्वारा कई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम भी किये जाते हैं और अब सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया कि युवा लायंस फोर्स बोकारो के साथ अब पूरे झारखंड के बेरोजगार युवाओं की लड़ाई लड़ेगा। देव ने कहा, मुझे गर्व है की आज तक न मुझ पर, न इस संगठन पर किसी तरह का कोई दाग नहीं लगा। हम निःस्वार्थ युवाओं के हक और अधिकार के लिए लड़ते रहे और आगे भी लड़ते रहेंगे।



उन्होंने कहा कि आज हमारा झारखंड पूरे देश को सींचने का काम कर रहा है। लोहा, कोयला, गैस समेत कई खनिज संपदा से भरा है हमारा राज्य। लेकिन, अफ़सोस की बात है कि झारखंड-बोकारो के युवा मजबूरन अपने परिवार से दूर किसी दूसरे राज्य में छोटी मोटी नौकरी के लिए पलायन कर रहे हैं। राज्य में अबुवा सरकार है। मुख्यमंत्री जी ने भी 75% रोजगार पर स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने को कही है। लेकिन कुछ प्रबंधन के अधिकारी को यह प्रेम की भाषा समझ में नहीं आ रही। वैसे अधिकारियों और प्रबंधनों के खिलाफ़ ज़ोरदार उलगुलान किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के लोगों ने देव शर्मा को तलवार भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, संगठन का सदस्यता अभियान भी शुरू किया गया।

# राजमहल में भव्य राजकीय माघी मेला का शुभारंभ, मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया उद्घाटन





राष्ट्रीय मुख्यधारा

साहिबगंजः झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने राजमहल में भव्य राजकीय माघी मेला का शुभारंभ किया। उन्होंने गंगा तट पर विधिवत गंगा पूजन कर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर स्थानीय लोग, प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**माघी मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीकः मंत्री-** मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा, "माघी मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह पर्व जनजातीय गौरव और लोक संस्कृति को समर्पित है। हमें अपने अमर शहीदों— सिद्धो-कान्हू, फुलो-झानो के बलिदान को याद रखना चाहिए, जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया।"

**राजमहल का माघी मेलाः संस्कृति और परंपरा का संगम-** माघी पूर्णिमा मेला झारखंड की धार्मिक आस्था, जनजातीय परंपराओं और वीर गाथाओं का एक अभिन्न हिस्सा है। विधायक मो. ताजुद्दीन ने कहा कि सरकार इसे और भव्य बनाने के लिए प्रयासरत है।

उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में आने वाले कुछ दिनों के मौसम को लेकर मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले पांच दिनों में तापमान में कुछ बड़े बदलाव की संभावना है। इससे लोगों को दिन में गर्मी और रात में हल्की ठंड का एहसास हो सकता है।पिछले 24 घंटे की बात करें तो तापमान में कोई बड़ा बदलाव दर्ज नहीं किया गया। हालांकि अलग-अलग जगहों पर 2।1 डिग्री सेल्सियस से 4।0 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी जरूर दर्ज की गई है। झारखंड में कुछ जगहों पर तापमान सामान्य से काफी ऊपर (3।1 डिग्री सेल्सियस से 5।0 डिग्री सेल्सियस) और सामान्य से काफी ऊपर (5।1 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक) दर्ज किया गया। वहीं पिछले 24 घंटे में झारखंड के अधिकांश जगहों पर न्यूनतम तापमान में 2।1 डिग्री सेल्सियस से 4।0 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 36।0 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 09।1 डिग्री सेल्सियस गुमला में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में सुबह के समय कोहरा रहेगा और बाद में आसमान साफ हो जाएगा। अगले 5 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

### बजट सत्र के लिए 5 मंत्रियों में बंटे ष्टरू्हेमंत सोरेन के विभाग, नामों की लिस्ट आई सामने

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभागों से संबंधित प्रश्नों का जवाब देने के लिए 5 मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। मंत्रिमंडल निगरानी एवं समन्वय विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अब इन मंत्रियों की जिम्मेदारी होगी कि वो अपने विभागों के अलावा सीएम के विभाग से संबंधित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, याचिका, विधेयक, संकल्प आदि विधायी कार्य इनके जिम्मे होगा।यह सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगा। पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण और नए सदस्यों के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम है। इसके बाद 25 और 27 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद होगा। 28 फरवरी को सरकार तीसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी और 3 मार्च को आगामी वित्तीय वर्ष का बजट पेश किया जाएगा।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में अगले मंगलवार 18 फरवरी को कैबिनेट की बैठक होगी, जिसमें बजट सत्र से संबंधित कई प्रस्ताव लाए जाने की तैयारी है। झारखंड सरकार अन्य खनिज बहुल राज्यों के समतुल्य सेस वसूलने की तैयारी में है। राज्यों से रिपोर्ट मंगा ली गई है और खान विभाग इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर रहा है।खनिज धारित भूमि पर सेस की दर बढ़ाने से संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट की बैठक में आ सकता है। पूर्व की दर से 12.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

### गैर पुलिसकर्मियों को भी दिया जायेगा नये आपराधिक कानून का प्रशिक्षण

**रांची, एजेंसी।** गैर पुलिसकर्मियों को भी नये अपराधिक कानून (लॉ) का प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिनमें डॉक्टर, नर्स, सहायक चिकित्सक शामिल हैं। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जिले के एसएसपी और एसपी को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित डीजी एंड आईजी कॉन्फ्रेंस 2024 में लिये गये निर्णय के अनुसार, प्रत्येक जिला में गैर पुलिसकर्मियों को नये आपराधिक कानून के तहत उनकी भूमिका और जिम्मेदारी के संबंध में प्रशिक्षित किया जाना है। ऐसे में अपने-अपने जिला में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते हुए पुलिस मुख्यालय को जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे। दूसरी तरफ पुलिस मुख्यालय ने जिले के एसएसपी और एसपी को निर्देश दिया है कि वे द्व-दश्ह्ल कर्मयोगी पोर्टल पर सभी अनुसंधान पदाधिकारियों का निबंधन सुनिश्चित करें। हर पदाधिकारी को नये आपराधिक अधिनियम के तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, उन्नत प्रौद्योगिकियों का परिचय, साइबर स्पेस में सुरक्षा, मिशन जीवन पर अभिमुखीकरण मॉड्यूल और कार्यस्थल पर योगा ब्रेक पाठ्यक्रम को पूरा करना है।इस निर्देश में कहा गया है कि एक महीने के भीतर विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाये।

# सरकार हमें नक्सली बनने पर कर देगी मजबूर, जेपीएससी चेयरमैन की नियुक्ति




**रांची, एजेंसी।**

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। गुस्सा इतना है कि छात्र नक्सली बनने की बात कर रहे हैं। मंगलवार 11 फरवरी को सैकड़ों छात्र जेपीएससी कार्यालय पहुंचे जहां पर काला बिल्ला लगाकर छात्रों ने सरकार से आयोग के अध्यक्ष को जल्द से जल्द मनोनीत करने की मांग की।

आयोग में अध्यक्ष नहीं होने से सिविल सेवा परीक्षा सहित आधा दर्जन से अधिक परीक्षाओं के रिजल्ट लंबित होने से नाराज इन छात्रों ने सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और आंदोलन तेज करने की घोषणा की है। छात्र नेता सत्यनारायण शुक्ला के नेतृत्व में पहुंचे छात्रों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि यही हालात रही तो सरकार हमें नक्सली बनने के लिए मजबूर कर देगी। उन्होंने जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक आंदोलन जारी रखने की घोषणा करते हुए कहा है कि 12 फरवरी को शव यात्रा, तत्पश्चात भिक्षाटन और इसके बावजूद भी सरकार यदि नहीं मानती है तो छात्र निर्णायक लड़ाई के लिए मजबूर हो जाएंगे।

छात्रों ने कहा कि मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक और सरकार के आला पदाधिकारियों तक गुहार लगा चुके हैं। हर बार आश्वासन मिलता है और अभी तक अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिस वजह से 11वीं से 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का परिणाम अभी तक लटका हुआ है।

### 22 अगस्त 2024 से खाली है जेपीएससी अध्यक्ष का पद

झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष का पद 22 अगस्त 2024 के बाद से खाली है। तत्कालीन अध्यक्ष नीलिमा केरकेट्टा का कार्यकाल खत्म होने के बाद से जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा सहित आधा दर्जन से अधिक परीक्षा अभी नहीं हुई हैं। 11वीं से 13वीं सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 से 24 जून तक हुई थी।

342 पदों पर इस परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति होनी है, इसके लिए जेपीएससी ने पीटी का रिजल्ट 22 अप्रैल 2024 को जारी किया था जिसमें 7011 अभ्यर्थी सफल हुए थे। आयोग ने मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी करने की घोषणा भी कर दी थी, मगर आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद इस पर ग्रहण लग गया। खास बात यह है कि नीलिमा केरकेट्टा के बाद जेपीएससी को ना तो कोई नया अध्यक्ष मिला और ना ही किसी सदस्य को कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर कामकाज चलाया गया। ऐसे में रिजल्ट की आस लगाए हजारों छात्र जेपीएससी चेयरमैन की नियुक्ति को लेकर आंदोलन पर उतारू हैं।

## आयुष्मान भारत योजना में नया अपडेट, 66 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत नई बीमा अवधि शुरू हो गई है। 10 फरवरी को राज्य में सूचीबद्ध सभी निजी और सरकारी अस्पतालों में पुरानी बीमा की अवधि के समाप्त होते ही इस योजना की नई बीमा अवधि को लागू कर दिया गया है।

अब इस बीमा अवधि के दौरान राज्य के सभी पात्र लाभुक लाभ ले सकेंगे और पूर्व की तरह सभी सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों में अपना निश्शुल्क इलाज करवा सकेंगे।

स्वास्थ्य विभाग एवं झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के अनुसार राज्य के 66 लाख से अधिक लाल, पीला एवं हरा राशन कार्डधारी परिवार इस योजना का लाभ ले सकेंगे। साथ ही विभाग द्वारा नई बीमा अवधि से एचबीपी 2022 (हेल्थ बेनिफिट पैकेज) लागू किया गया है।इसके अंतर्गत 534 नये पैकेज भी शामिल किए गये हैं एवं पुराने पैकजों की दर को संशोधित किया गया है। हेल्थ बेनिफिट पैकेज-2022 में प्रशासक देखभाल पैकेज (पैलिएटिव केयर पैकेज), उच्च अंत प्रक्रियाएं (हाई एंड प्रोसेस) जैसे बोन मैरो ट्रांसप्लांट और कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी आदि प्रक्रियाएं भी सम्मिलित की गई हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा टीएमएस (ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम) के नया वर्जन को भी झारखंड में लागू किया गया है। झारखंड में आयुष्मान भारत योजनाहाइब्रिड मोड में संचालित है एवं देश भर में हाइब्रिड मोड में संचालित प्रदेश में झारखंड पहला राज्य है, जहां टीएमएस 2।0 को लागू किया गया है।झारखंड आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक अबु इमरान के अनुसार अब अस्पतालों को भी इस योजना के तहत काम करने में काफी सुविधा होगी। टीएमएस 2।0 में डाक्यूमेंट का साइज अब 500 केबी से बढ़ाकर एक एमबी कर दिया गया है।

## गढ़वा की लाइफ लाइन के रूप में जानी जाने वाली दो नदियां अपने मूर्त रूप में लौटेंगी, शुरू हुई प्रक्रिया



**गढ़वा, एजेंसी।** जिले की लाइफ लाइन समझी जाने वाली दो प्रमुख नदियां, दो दशक बाद अपने मूर्त रूप में आएंगी। गढ़वा शहर से होकर गुजरी दो प्रमुख नदियां सरस्वती नदी एवं दानरो नदी फिर से अपने मूर्त रूप में आएंगी। वजह है नदियों में नगर परिषद क्षेत्र का कचड़ा फेके जाने के कारण नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ना। इसे देखते हुए नगर परिषद के द्वारा नदियों की मिट्टी को निस्तारीकरण करने के बाद इसे मूर्त रुप में लाया जाएगा।

**नदी के कचड़े को रिसाइकल किया जाएगा :** निस्तारीकरण को लेकर नगर परिषद ने टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया है। अब इन नदियों के सभी कचड़े को रिसाइकल कर उससे कई प्रकार की बिल्डिंग मैटेरियल, मिट्टी तथा खाद निकाला जाएगा। इसके लिए नगर परिषद के द्वारा चार करोड़ का ठेका एक कंपनी को दिया गया है।

**कभी इन नदियों में बहती थी कल कल धारा :** गढ़वा शहर की दानरो और सरस्वती नदी करीब 25 वर्ष पहले इन नदियों में कल कल धाराएं बहती थीं। नदी में सालों भर पानी का बहाव तेज धार के साथ हुआ करता था, जिसकी आवाजें आसपास के घरों तक सुनाई पड़ती थी, लेकिन जब से नदियों का अतिक्रमण होने के साथ साथ शहर का कचड़ा इन नदियों में फेंकना शुरू हुआ, तब से इन दोनों नदियों का अस्तित्व ही समाप्ति की कगार पर है। इन नदियों को अस्तित्व विहीन करने में कहीं न कहीं नगर परिषद की भी अहम भूमिका रही है, क्योंकि शहर के कचड़े को इन नदियों में ही डंप करने का काम नगर परिषद द्वारा किया गया है।

**नदियों को मूर्त रुप में लाने के लिए नगर परिषद ने चार करोड़ का ठेका दिया :** नगर परिषद द्वारा पहल कर अब इन नदियों को फिर से अस्तित्व में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए नगर परिषद के द्वारा एक कंपनी को चार करोड़ का ठेका दिया गया है, जो नदियों को फिर से अस्तित्व में लाएगी। यह मशीन ट्रामा मशीन के नाम से जानी जाती है, जो जर्मनी से आ रही है। इस मशीन से नदी में फैले कचड़े को सेग्रीगेशन कर उसका निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान नदियों के कचड़े को मशीन द्वारा अलग कर उसे इस्तेमाल में लाया जाएगा, जिससे नगर परिषद के लिए वेस्ट मैटेरियल आय का जरिया बनेगा।

**बहुत जल्द नदियां अपने मूर्त रुप में लौटेगी :** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि दो से तीन दिनों के अंदर यह कार्य शुरू हो जाएगा और इसे खत्म करने में छः माह लगेगा उसके बाद नदियां अपने मूर्त रूप में आ जाएंगी।

## जेल से फरार, गैंगस्टर अमन साहू गिरोह का शूटर आशीष भागा विदेश, मचा हड़कंप



**रांची, एजेंसी।** गैंगस्टर अमन साहू गिरोह का कुख्यात शूटर आशीष साहू के विदेश भागने की सूचना सामने आई है। इंटरनेट मीडिया पर आशीष साहू के नाम से जारी एक पोस्ट ने उसके विदेश भागने की जानकारी दी है।

उक्त पोस्ट में आशीष साहू ने एक पासपोर्ट का फोटो साझा करते हुए लिखा है कि बाय-बाय इंडिया, आशीष साहू तुम्हारे जेल से फरार। फेसबुक पर जिस पासपोर्ट का फोटो उसने पोस्ट किया है, उसपर नाम - रूद्र साहू और पता - बुकरू, कांके, रांची लिखा है।

यह आशंका जताई जा रही है कि आशीष साहू रूद्र नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाकर विदेश भाग गया है। वर्तमान में झारखंड के दो कुख्यात अपराधी कुख्यात प्रिंस खान व अमन साहू गिरोह का शूटर मयंक सिंह फरार होने के बाद से ही विदेश में है। अब तीसरे अपराधी के भागने के बाद यहां की खुफिया एजेंसी सवालों के घेरे में है। आशीष साहू मूल रूप से चतरा के सिमरिया का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार, अमन साव उर्फ अमन साहू से जुड़ने से पहले वह उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के लिए भी काम करता था। उस दौरान भी उसने कई वारदातों को अंजाम दिया था। गौरतलब है कि आशीष साहू गढ़वा में बीजीआर कंपनी के मैनेजर मल्लिकार्जुन रेड्डी और झामुमो नेता गहन टुडू की हत्या में शामिल रहा है।

उसके विरुद्ध चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ व लातेहार में करीब डेढ़ दर्जन केस दर्ज हैं। उसके फर्जी पासपोर्ट पर विदेश भागने का खुलासा तब हुआ जब गढ़वा और रामगढ़ पुलिस उसका प्रोडक्शन वारंट लेकर सिमडेगा जेल पहुंची। आशीष साहू सिमडेगा जेल में बंद था।

जब दोनों जिलों की पुलिस वहां पहुंची तो पता चला कि आशीष साहू 23 जनवरी 2025 को ही जमानत पर जेल से बाहर जा चुका है। वह अमन साहू गिरोह का खास शूटर रहा है। उसे लातेहार पुलिस ने फरवरी 2020 में लातेहार से गिरफ्तार किया था।

बता दें कि गैंगस्टर अमन साहू ने विधानसभा चुनाव में बड़कागांव से चुनाव लड़ने का भी एलान किया था हालांकि, वह इसमें सफल नहीं हो सका। अमन साहू पर रंगदारी, हत्या और वसूली समेत 100 से अधिक मामले दर्ज हैं। वह छत्तीसगढ़ पुलिस की रिमांड में भी रह चुका है।

## आयुष्मान भारत योजना में नया अपडेट, 66 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत नई बीमा अवधि शुरू हो गई है। 10 फरवरी को राज्य में सूचीबद्ध सभी निजी और सरकारी अस्पतालों में पुरानी बीमा की अवधि के समाप्त होते ही इस योजना की नई बीमा अवधि को लागू कर दिया गया है।

अब इस बीमा अवधि के दौरान राज्य के सभी पात्र लाभुक लाभ ले सकेंगे और पूर्व की तरह सभी सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों में अपना निश्शुल्क इलाज करवा सकेंगे।

स्वास्थ्य विभाग एवं झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के अनुसार राज्य के 66 लाख से अधिक लाल, पीला एवं हरा राशन कार्डधारी परिवार इस योजना का लाभ ले सकेंगे। साथ ही विभाग द्वारा नई बीमा अवधि से एचबीपी 2022 (हेल्थ बेनिफिट पैकेज) लागू किया गया है।

इसके अंतर्गत 534 नये पैकेज भी शामिल किए गये हैं एवं पुराने पैकजों की दर को संशोधित किया गया है। हेल्थ बेनिफिट पैकेज-2022 में प्रशासक देखभाल पैकेज (पैलिएटिव केयर पैकेज), उच्च अंत प्रक्रियाएं (हाई एंड प्रोसेस) जैसे बोन मैरो ट्रांसप्लांट और कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी आदि प्रक्रियाएं भी सम्मिलित की गई हैं।

## देवघर में शिव बारात को लेकर राजनीति तेज, सांसद निशिकांत दुबे के पोस्ट से चर्चाओं का बाजार हुआ गर्म




**देवघर, एजेंसी।** बाबाधाम में शिवरात्रि कार्यक्रम बेहद खास होता है। क्योंकि यहां पर द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक बैद्यनाथ धाम ज्योतिर्लिंग स्थापित है। लेकिन देवघर में शिव बारात को लेकर राजनीति हो रही है। वर्ष 1994 से ही देवघर के बैद्यनाथ धाम में भव्य तरीके से शिव बारात का आयोजन किया जाता है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा।

हर साल शिव बारात कमेटी इसके आयोजन की जिम्मेदारी लेती है। लेकिन इस वर्ष यह जिम्मेदारी राज्य सरकार के पर्यटन विभाग ने ले ली है। पिछले कुछ दिनों से देवघर जिले में शिव बारात को लेकर अंदर खाने राजनीति भी देखने को मिल रही थी। पंडा धर्म रक्षिणी सभा के वरिष्ठ सदस्य विनोद दत्त द्वारी बताते हैं कि पिछले कई वर्षों से शिव बारात का आयोजन पूर्व मेयर बबलू खवाड़े की अध्यक्षता में होती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से उनके द्वारा यह जिम्मेदारी अभिषेक झा को दे दी गई।

विनोद दत्त तिवारी ने बताया कि अभिषेक झा को जिम्मेदारी देने के बाद यहां के स्थानीय सांसद कमेटी में दखलअंदाजी करने लगे। जिसकी वजह से इस वर्ष शिव बारात कमेटी द्वारा बारात निकालने की जिम्मेदारी छीन ली गई है। पंडा धर्म रक्षिणी के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर खवाड़े ने बताया कि सरकार द्वारा जिम्मेदारी ली गई है तो वह उम्मीद करते हैं कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सफल पूर्वक शिव बारात का आयोजन हो सके।

वहीं, स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा सोशल साइट पर किए गए पोस्ट को लेकर पंडा धर्म रक्षिणी सभा के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर खवाड़े ने कहा कि देवघर में भले ही सरकार की तरफ से शिव बारात का आयोजन किया जा रहा हो, लेकिन निशिकांत दुबे चाहे तो अपने दम पर इससे बड़ी बारात का आयोजन अन्य क्षेत्रों में भी कर सकते हैं।

बता दें कि निशिकांत दुबे ने सोशल साइट पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि आखिरकार देवघर के बाबा मंदिर का भी सरकारीकरण हो गया।

## लामू और कोडरमा में मनाया गया सुरक्षित इंटरनेट दिवस, अधिकारियों ने बताया साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके




**पलामू, एजेंसी।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर पलामू में जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से लोगों से सुरक्षित इंटरनेट का इस्तेमाल करने की अपील की गई। साथ ही लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके भी बताए गए। कार्यशाला में लोगों को फाइनेंशली फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड और केवाईसी फ्रॉड के खिलाफ जागरूक किया गया। लोगों से अपील की गई कि वह किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करें। वही ऐसे ऐप जिसका इस्तेमाल फोन में नहीं है उसको डिलीट करने की सलाह दी गई।

**सावधानी से करें इंटरनेट का इस्तेमालः डीसी :** कार्यशाला में पलामू डीसी शशिरंजन ने कहा कि इंटरनेट का सुरक्षित और जिम्मेदारी पूर्ण इस्तेमाल सभी के हित में है। इंटरनेट का इस्तेमाल वरदान है या अभिशाप यह उपयोग के तरीकों पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड तेजी से बढ़ रहा है और जागरुकता से ही इसे रोका जा सकता है। इसके पूर्व कार्यशाला का उद्घाटन नगर आयुक्त जावेद हुसैन और डीडीसी शब्बीर अहमद ने किया। जिला सूचना पदाधिकारी रणवीर सिंह ने कार्यशाला में बताया कि कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल का इस्तेमाल करने से पहले एंटीवायरस को जरूर देख लें। अनजान नंबर से आने वाले कॉल पर किसी भी तरह की जानकारी को साझा नहीं करें।

**कोडरमा में भी सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया गया :** इधर, कोडरमा में भी सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया गया। इस मौके पर समाहरणालय सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एनआईसी के अधिकारियों ने सुरक्षित इंटरनेट के इस्तेमाल को लेकर लोगों को विस्तार से जानकारी दी।

**डिजिटल अरेस्ट और एआई की दी गई जानकारी :** इस मौके पर डिजिटल अरेस्ट और एआई के बारे में भी बताया गया। कार्यशाला के दौरान वहां मौजूद लोगों ने भी सुरक्षित इंटरनेट के इस्तेमाल को लेकर कई सवाल पूछे। जिसका जवाब अधिकारियों की ओर से दिया गया। कार्यशाला में बतौर ट्रेनर कोडरमा पुलिस के तकनीकी शाखा के अधिकारी भी मौजूद रहे।

**अनजान लिंक पर नहीं करें क्लिक :** लोगों को बताया गया कि किसी तरह के फेक कॉल पर विश्वास ना करें और अनजान लिंक पर क्लिक कभी भी ना करें। अगर कभी ऐसा हो तो 1930 पर कॉल करें। जिला सूचना पदाधिकारी सुभाष कुमार यादव ने बताया कि वर्तमान में जिस तरह से इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ा है साइबर फ्रॉड के मामले भी बढ़े हैं। ऐसे में लोग सुरक्षित इंटरनेट का इस्तेमाल कर साइबर ठगी से बच सकते हैं।

## बोकारो डीएफओ ने बीएसएल के निदेशक प्रभारी को लिखा पत्र, मांगी वन विभाग की 760 एकड़ भूमि



**बोकारो, एजेंसी।** जिले के वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी को पत्र लिखकर बीएसएल से 759।94 एकड़ वन भूमि की पिलरिंग कर वापस करने को कहा है। विदित हो कि साल 1962 में वन विभाग ने 1535।40 एकड़ भूमि बोकारो स्टील को दी थी। जिसमें से केवल 778।46 एकड़ जमीन पर ही बोकारो स्टील का स्वामित्व है।

**बीएसएल के निदेशक प्रभारी को लिखा पत्र :** बोकारो वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने 1 फरवरी को यह पत्र बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी को लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि या तो बोकारो इस्पात संयंत्र वन भूमि का संरक्षण करें या फिर भूमि की पिलरिंग करने के बाद वन विभाग को वापस लौटा दें। बोकारो डीएफओ रजनीश कुमार ने बताया कि 18 नवंबर 2024 को राज्य के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। जिसमें वन भूमि की रक्षा संबंधी मामलों पर चर्चा की गई थी। साथ ही 26 दिसंबर को इस मामले पर अपना पक्ष रखने के लिए बोकारो स्टील के पदाधिकारी को बुलाया गया था, लेकिन बैठक में बोकारो स्टील की ओर से कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ।

**वन भूमि की अवैध बिक्री मामले में जारी है साआईडी जांच :** पत्र में कहा गया है की जाली दस्तावेजों के आधार पर बोकारो स्टील को हस्तांतरित वन भूमि की अवैध बिक्री और अतिक्रमण के संबंध में जानकारी मिली है। इसमें बीएसएल के कुछ अधिकारियों की संलिप्तता सामने आई है। इस संबंध में सेक्टर 12 थाना में मामला भी दर्ज कराया गया है।इस मामले को सीआईडी ने टेकओवर कर लिया है। बोकारो डीएफओ रजनीश कुमार ने बताया कि इससे पहले बोकारो स्टील के जीएम स्तर के अधिकारी को पत्र लिखा गया था, लेकिन उन्होंने पत्र का गलत अर्थ समझा। इसी कारण इस बार उनके निदेशक प्रभारी को पत्र लिखा गया है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025



# दुर्व्यवहार की शिकार लड़कियां

किसी पुरुष के साथ यौन संबंध बनाने की महिला की सहमति उसके निजी पलों को वीडियो में कैद करने और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की सहमति के रूप में नहीं माना जा सकता। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह कहते हुए दुष्कर्म के आरोपी को जमानत देने से इंकार कर दिया। आरोपी के कृत्य को अदालत ने स्पष्ट तौर पर ब्लैकमेलिंग बताया। शिकायतकर्ता ने परिचित पुरुष से कर्ज लिया जिसे नौकरी प्राप्त होने के बाद चुकाने का वादा था। इस दरम्यान दोनों में नजदीकियां बढ़ती गईं और वे वाट्सएप पर बातें करने लगे। वीडियो कॉल के दौरान वह जो कहता, महिला वही करती। प्रेमालाप के दौरान दोषी ने उसे बरगला कर कपड़े उतवाए और नग्न वीडियो बना लिया।

बाद में वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अनबन होने पर दोषी ने यह वीडियो उसके पैतृक गांव के कुछ लोगों व सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उसे बदनाम करना शुरू कर दिया। उसका कहना है कि कर्ज की राशि प्राप्त न होने के कारण उसने यह कदम उठाया। चूंकि मामले में महिला मासूम नहीं है। वह विवाहित और परिपक्व है। भावावेशवश, लाभ के लोभ में, मजबूरन या ब्लैकमेलिंग के चलते जो कुछ करने को वह राजी हुई, उस पर अपने धन की वसूली के नाम पर दोषी ने जो तरीका इख्तियार किया वह किसी स्त्री की गरिमा, निजता और अधिकारों पर अतिक्रमण है। हालांकि महिलाओं को सहमति से संबंध बनाने के बावजूद इतना सतर्क और दूरदर्शितापूर्ण निर्णय लेने से नहीं चूकना चाहिए जो विपरीत स्थितियों में उनके खिलाफ हथियार के तौर पर प्रयोग किया जा सके। पूर्व प्रेमियों के ऐसे दुव्र्यवहार की शिकार लड़कियां अमूमन ब्लैकमेलिंग की शिकायतें करने से भी घबराती हैं। पुरुषों द्वारा अंतरंग संबंधों या नग्न तस्वीरों को हथियार की तरह प्रयोग के प्रति महिलाओं को जागरूक रहना होगा। अपनी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था में महिलाओं को झूठी शान व इज्जत के नाम पर तरह-तरह से शोषित किया जाता है। अमूमन पीड़िताएं इस विषम स्थिति से घबरा कर अपना जीवन ही समाप्त कर लेती हैं। अदालत की सख्त टिप्पणी और कड़ी सजा के जरिए दोषियों को भी सीख दी जानी जरूरी है ताकि वे सहमति से बने संबंधों की गोपनीयता को हथियार बना कर अपने ही हाथ जलाने का जोखिम लेने से घबराएं।

# दिल्ली से आम आदमी पार्टी की विदाई

**हर्षवर्धन पाण्डे**

दिल्ली की राजनीति में भाजपा की हालिया जीत और आम आदमी पार्टी की हार ने मौजूदा दौर में कई सवाल खड़े किए हैं। दिल्ली में जब चुनावी डुगडुगी बजी तो भाजपा और आप दोनों ही दलों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले केजरीवाल दिल्ली के चुनावों में हमेशा नेरेटिव बनाया करते थे और विपक्ष उसकी काट नहीं ढूंढ पाता था लेकिन इस बार भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी जीत के लिए सशक्त प्रचार की रणनीति अपनाई। मोदी ने चुनावी रैलियों में आप के खिलाफ दिल्ली का पैसा लूट लिया का बेहतर नेरेटिव बनाकर भाजपा को प्रचार में आगे किया और केजरीवाल की रेवड़ी के नहले पर बड़ी रेवड़ी का दहला मारकर आप के कामकाज पर सवाल उठाए। साथ ही दिल्ली की जनता से वादा किया कि भाजपा सरकार बनने पर विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। मोदी और अमित शाह का प्रचार अभियान बड़े पैमाने पर था, जो स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता से जुड़ा हुआ था। आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह रही कि उसने पिछले कुछ वर्षों में जिन विकास कार्यों को सबसे बड़ी सफलता के रूप में प्रस्तुत किया था, वे अब जनता के लिए उतने प्रभावी नहीं रहे। शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली-पानी के मुद्दों पर भले ही आप ने दिल्ली के लोगों को आकर्षित किया हो लेकिन यह महसूस किया गया कि अब कुछ नया नहीं है। लोगों ने यह देखा कि आप की सरकार दिल्ली में कुछ बड़े मुद्दों को सुलझाने में विफल रही जैसे रोजगार, महिला सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण। इसके साथ यमुना की सफाई नहीं हो सकी। आप में आंतरिक कलह और नेतृत्व की कमी भी हार का एक बड़ा कारण बनकर सामने आई। पार्टी के भीतर लगातार आपसी विवाद और संगठन के भीतर असंतोष ने आम आदमी पार्टी की छवि को प्रभावित किया। रही-सही कसर शराब घोटाले और इस मामले में उसकी टॉप लीडरशिप के जेल जाने ने पूरी कर दी। अरविंद केजरीवाल का नेतृत्व इस बार उतना प्रभावी नहीं था, जितना पहले था। दिल्ली में भाजपा ने एक बड़ी रणनीति के तहत पूर्वांचल समुदाय के लोगों के वोट बैंक के साथ महिला वोट बैंक और कुछ झुग्गियों के वोट बैंक को अपने पाले में खींचने में सफलता हासिल की। भाजपा ने अपनी रैलियों में स्थानीय मुद्दों को बेहतर तरीके से उठाया और यह संदेश देने की कोशिश की कि केवल वे ही दिल्ली के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में यह रणनीति काम आई क्योंकि भाजपा ने हर वर्ग को आकर्षित करने के लिए अपनी विचारधारा को मजबूती से प्रस्तुत किया इसमें कोई संदेह नहीं है कि केजरीवाल को मात देने के लिए भाजपा और संघ ने पूरा दम लगाया। उसने धारणा के स्तर पर केजरीवाल की कट्टर ईमानदार की छवि भंग कर दी थी और माइक्रो मैनेजमेंट किया। अरविंद केजरीवाल अन्ना की टोपी पहनकर ईमानदारी की राजनीति करके सत्ता में आए थे। दिल्ली की जनता उनसे संपूर्ण ईमानदारी की उम्मीद कर रहा था। तभी शराब नीति से जुड़े घोटाले में नाम आने और जांच शुरू होने के साथ अगर वे इस्तीफा देते तो यह उनका मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता था लेकिन कुर्सी से चिपके रहना उन्होंने पसंद किया। वह जेल में रहकर दिल्ली की सत्ता में बने रहना चाहते थे जिसने लोगों के मन में उनके प्रति धारणा बदली। जेल से छूट गए तो खुद को सीएम के रूप में मतदाताओं के बीच प्रोजेक्ट करने लगे, इससे सीएम बनने की उनकी महत्वाकांक्षाएं फिर से जगी। जेल जाकर सीएम बने रहना उनको भारी पड़ गया और शराब घोटाले में उन पर गंभीर आरोप लगे जो प्रकरण अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है और वह जमानत पर हैं। केजरीवाल के जेल जाने से दिल्ली पूरी तरह से ठहर-सी गई। केजरीवाल ने पिछले वर्ष के बजट में महिलाओं को नकद पैसे देने की घोषणा की थी लेकिन इस साल फरवरी के चुनाव तक महिलाओं को कोई पैसा नहीं मिला। उल्टा ये देखा गया महिलाओं से जो फार्म भरवाए गए वो कूड़े के ढेर में पाए जाने के वीडियो खूब वायरल हुए। दिल्ली के रामलीला मैदान में समाज के हर तबके ने अन्ना आंदोलन में हिस्सा लिया था। बाद में जब केजरीवाल ने आप के रूप में राजनीतिक दल बनाया तो समाज के हर तबके को फ्री की रेवड़ियों से आकर्षित किया। हालांकि शराब घोटाले के बाद दिल्ली के हर वर्ग में उन्हें लेकर असंतोष बढ़ने लगा। खासकर उन लोगों को निराशा हुई जो केजरीवाल से व्यवस्था परिवर्तन की उम्मीदें लगाए बैठे थे। दो साल पहले एमसीडी में बहुमत के बाद भी दिल्ली की बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी समस्याएं दुरुस्त नहीं हो पाई। जगह-जगह कूड़े के ढेर, सीवर समस्या और बढ़ते प्रदूषण से लोग त्रस्त हो गए। उनके जेल में होने से पांच महीने तक सारे कामकाज ठप रहे। पार्टी ने जिस तरह लोगों की बुनियादी जरूरतों को नजरअंदाज किया, उससे जनता में आप के खिलाफ बड़ी निराशा फैली।

आम आदमी पार्टी की दिल्ली में हार, एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के रूप में उभरी है, जिसने न केवल दिल्ली की राजनीति को प्रभावित किया बल्कि देशभर में इसके असर को महसूस किया जा रहा है। यह हार उस समय हुई जब पार्टी की उम्मीदें और राजनीतिक ताकत अपने उच्चतम बिंदु पर थी और एक मजबूत चुनावी आधार पर खड़ी थी। दिल्ली में आप और कांग्रेस का गठबंधन नहीं होने से उनका कुछ वोट कांग्रेस के पास चला गया जिससे आप को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा। केजरीवाल ने अपने कई पुराने साथियों की टिकट काट दी और दूसरे दलों से आये दावेदारों से पैसा लेकर जमकर टिकट बांटी, इसका पार्टी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। जिन 27 नए लोगों को टिकट दी थी उनमें से 20 लोग चुनाव हार गए। केजरीवाल ने अपने 10 साल की सफलता का पैमाना मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, महिलाओं के लिए मुफ्त बस का सफर को मान लिया। उन्होंने दिल्ली के विकास से कोई सरोकार नहीं रखा। आये दिन केंद्र और उप राज्यपाल को निशाने पर लेते रहे, जिसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ी। केजरीवाल ने आज से ठीक 5 साल पहले एक जनसभा में कहा था मुझे 5 साल का समय दे दो, अगर 2025 में मैं यमुना साफ न कर पाऊं तो मुझे वोट मत देना। असल में यही दावा केजरीवाल पर भारी पड़ गया। रही-सही कसर यमुना में जहर को लेकर केजरीवाल के बयान ने पूरी कर दी जब चुनाव से पहले उन्होंने कहा कि हरियाणा से यमुना नदी में जहर मिलाया जा सकता है। इसे पीने से दल्लि में नरसंहार हो सकता है। लोगों की मौत हो सकती है। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने यमुना में जाकर पानी पीकर दिखाया हरियाणा से जो पानी छोड़ा जा रहा है वह तो साफ है लेकिन दिल्ली में यह गंदा कर दिया जाता है, वहां अरविंद केजरीवाल की सरकार है जो सफाई नहीं कर पाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे जनसभाओं में उठाया और कहा जिस यमुना के जल को मैं 11 साल से पी रहा हूं, उसमें केजरीवाल कहते हैं कि जहर मिला हुआ है। क्या यह हरियाणा के लोगों का अपमान नहीं? यूपी के मुख्यमंत्री योगी तक यमुना पर केजरीवाल को चुनौती देते नजर आए। इसी बीच अरविंद केजरीवाल का एक और बयान वायरल होने लगा, जिसमें वे कह बैठे लोग यमुना पर वोट नहीं देते। यह सब भी केजरीवाल के खिलाफ गया। हरियाणा की जाट-गुर्जर आबादी और बाहरी दिल्ली के जो लोग दल्लिी के वोटर हैं, वे इससे खासा नाराज नजर आए और इससे आप के विरुद्ध स्वर मुखरित होने लगे। बेशक आप चुनाव हारी है लेकिन उसे 43.57 फीसदी वोट हासिल हुए हैं। सत्तारूढ़ होने वाली भाजपा को 45.56 फीसदी वोट मिले हैं। मात्र 2 फीसदी वोट का फासला रहा लेकिन भाजपा ने 48 सीटों का ऐतिहासिक जनादेश हासिल किया, जबकि 'आप' 62 सीटों से लुढ़क कर 22 सीटों पर आ गई। दिल्ली हार के बाद केजरीवाल का अहंकार भी समाप्त हुआ है। इसके लिए केजरीवाल ही जिम्मेदार हैं। आम मतदाता इस बार उनकी कट्टर ईमानदार की छवि के दावे को स्वीकार नहीं कर पाया। चुनावी नतीजों में यह निष्कर्ष भी सामने आया कि दलित, महिला, मध्य वर्ग ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया, नतीजतन भाजपा सत्ता तक पहुंच पाई। पिछले चुनाव तक ये समुदाय 'आप' के समर्थक और जनाधार माने जाते थे क्योंकि केजरीवाल की नई छवि के साथ इन वर्गों ने उन्हें वैकल्पिक राजनीति का प्रतीक माना था। दिल्ली में आम आदमी पार्टी का चुनावी अभियान उम्मीदों के मुताबिक नहीं चल सका। जिस तरह से उन्होंने दिल्ली में अपने विकास कार्यों और शिक्षा-संस्था सुधार के मुद्दे को प्रचारित किया था, वह आम लोगों को आकर्षित नहीं कर सका। इसके साथ ही पार्टी को केंद्र सरकार के खिलाफ लगातार विरोध की रणनीति से भी अधिक सफलता नहीं मिली। चुनावी वादे और कार्यों में बुनियादी बदलावों की उम्मीदें पूरी नहीं हो पाईं, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं का विश्वास कमजोर हुआ। अब सबकुछ बेनकाब हो गया। इस चुनाव ने विपक्ष के 'इंडी गठबंधन' वाले नेरेटिव को ध्वस्त कर दिया। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और अब दिल्ली चुनाव जीत कर भाजपा व एनडीए ने 'इंडी गठबंधन' को लगभग बिखेर दिया है। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'इंडी गठबंधन' के घटक दलों ने 'आप' का समर्थन किया और कांग्रेस का खुलेआम विरोध किया। नतीजा कांग्रेस लगातार तीसरे चुनाव में 'शून्य' पर रही। दिल्ली की 70 में से 68 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई है।

## सूडोकु नवताल- 7340

✶✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7339 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# आप का किला बुरी तरह ढहा

**योगेश कुमार गोयल**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) का किला बुरी तरह ढह गया है। आतिशी को छोड़ कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं, और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। 2015 में आप ने 67 सीटें जीती थीं लेकिन 2020 में यह संख्या घट कर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थीं जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है। सत्ताइस साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थीं और अब दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आप पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आप के लिए नाक का सवाल था लेकिन भाजपा ने आप को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। बड़ा सवाल यही है कि आखिर, आप की बड़ी हार के पीछे प्रमुख कारण क्या रहे? दिल्ली में आप ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विकास कार्य की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया। परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो लीं ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली। पार्टी की आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोडऩे या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढांचे में कमजोरी आई। नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने भी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाएं मुफ्त मुहैया कराने की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे 'रेवड़ी संस्कृति कह कर आलोचना करते हुए आर्थिक रूप से अव्यावहारिक बताया। इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में समस्याओं ने भी जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई जिससे 'आप की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं का समाधान न होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी 'आप वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो कीं ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रहीं तमाम योजनाओं को जारी करेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी। विपक्ष खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा मुखर प्रचार आप के लिए बड़ी चुनौती बना। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक-धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थीं लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन न होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। पिछले दो विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। 2015 में कांग्रेस को 9.7 प्रतिशत मत मिले थे लेकिन 2020 में मतों का प्रतिशत गिर कर 4.3 फीसद रह गया था लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में 'आप को ऐसी 'आपदा करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया। इससे भी मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा और 'आपदा वाले नारे से भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश कई गुना बढ़ा। दिल्ली की आबादी में पूर्वांचल (बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड) से आए लोगों की महत्त्वपूर्ण हिस्सेदारी है और विपक्ष ने इस समुदाय की समस्याओं को नजरअंदाज करने के आरोप लगाते हुए आप सरकार को घेरने में कसर नहीं छोड़ी।




**मेष राशि–** आज आपके रुके हुए महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। आज आप अपन व्यवहार सकारात्मक बनाएं रखें। भविष्य के लिए बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार करने की जरूरत हैं। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में परिवारवालों की मदद मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे। आज आपके स्वभाव में संयम और धीरज बन रहेगा, जिसके कारण आप अपनी सभी समस्याओं का हल आसानी से ढूंढ लेंगे। आज कारोबार में उम्मीद से ज्यादा मुनाफा होगा।

**वृष राशि–** आज का दिन व्यापार की गति बढ़ाने वाला साबित होगा। किसी पुराने निवेश से आज आपको फायदा होगा। आज योजन बनने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपने कार्यों को पूरा करने में लगायेंगे। मन लगाकर की गई कोशिशें जल्द ही रंग लाएंगी। अगर किसी से अपने मन की बात करना चाहते हैं तो आज का दिन बहुत अच्छा है। आज आपको किस्मत साथ मिलेगा।

**मिथुन राशि–** आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नए काम करने में लगेगा। आज आपके बिजनेस में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। विद्यार्थी आज कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आज बिन वजह विवादों में फंसने से बचें। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क राशि–** आज का दिन ठीक–ठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। ऑफिस के रुके हुए कार्य निपटाने की कोशिश करेंगे जिनमें आप सफल भी रहेंगे। परिवार से जुड़ा कोई भी फैसला सोच समझकर लें, जल्दबाजी बिलकुल न करें। किसी काम को कल पर टालने से आपको बचना चाहिए। आज आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे, जिससे पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे।

**सिंह राशि–** आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। किसी से भी बात करते समय वाणी पर संयम बनाएं रखें। अपने करियर को लेकर आज आपके मन में दुविधा होगी, लेकिन किसी अनुभवी व्यक्ति से बात करके सॉल्व भी हो जाएगी। आज आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा।

**कन्या राशि–** आज आपका ध्यान ऑफिस के कार्यों को पूरा करने में लगा रहेगा। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपका आत्मविश्वास आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा। प्रशासनिक कार्यों को पूरा करवाने के लिए आपको थोड़े धैर्य से काम लेन होगा।

**तुला राशि–** आज आपके मन में नए नए विचार आएंगे। आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आज आप अपने बनाए प्लान में बदलाव करेंगे, जिससे आपको लाभ भी होगा। बिजनेस में भी कुछ नया करने की योजन बनाएंगे। आज आप दिल की बजाय दिमाग से काम लें। व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा।

**वृश्चिक राशि–** आज बड़े बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगे। जिससे समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु पक्ष आप पर हावी होने की कोशिश करेगा, लेकिन आप अपनी सूझ-बुझ से उन्हें असफल कर देंगे।

**धनु राशि–** आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर वालों के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगायेंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज पड़ोसियों के बीच आपका मान–सम्मान बढ़ेगा। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज माता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। बिजनेस में पिता का सहयोग प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवनशैली में बदलाव करेंगे, ये बदलाव आपके लिए काफी फायदेमंद साबित होंगे। लवमेट आज कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे।

**मकर राशि–** आज वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोतरी भी होगी, जिससे आप आज पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे। आज आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाएं रखें। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है।

**कुंभ राशि–** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपन योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से बात होगी। आज के दिन दूर की यात्रा करने से बचें, अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए समय समय पर चेकअप कराते रहे।

**मीन राशि–** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। संतान की करियर को बेहतर दिशा देने के लिए आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के काम की सीनियर्स तारीफ करेंगे।

# परीक्षा पर चर्चा विशेषः हमेशा जीवन बोलना चाहिए, मार्क्स नहीं

**प्रियंका सौरभ**

"परीक्षा पर चर्चा" 2018 से एक वार्षिक कार्यक्रम रहा है। इस कार्यक्रम में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश के अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करते हैं। वे प्रवेश और बोर्ड परीक्षाओं को सहज और आसान तरीके से कैसे हल किया जाए, इस पर सलाह देते हैं। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को एक प्रतियोगिता के माध्यम से चुना जाता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलने के अलावा प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानमंत्री से आमने-सामने बात करने का भी अवसर मिलता है। परीक्षा पर चर्चा का उद्घाटन संस्करण 16 फरवरी, 2018 को हुआ था। 29 जनवरी, 2024 को होने वाले 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, "पर्याप्त नींद लें और रील देखने में समय बर्बाद न करें।" 2025 में आयोजित होने वाले आठवें पीपीसी में इस साल परीक्षा से सम्बंधित तनाव कम करने पर विशेष जोर दिया गया था। परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम में सद्गुरु (आध्यात्मिक नेता), दीपिका पादुकोण (अभिनेत्री), विक्रांत मैसी (अभिनेता), मैरी कॉम (ओलंपिक चैंपियन, बॉक्सर) और अवनी लेखरा (पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता) जैसे प्रसिद्ध व्यक्ति शामिल हुए। इन प्रतिष्ठित अतिथियों ने तनाव प्रबंधन, उद्देश्यों को पूरा करने और प्रेरणा बनाए रखने पर अपने अनुभव और व्यावहारिक विचार साझा किए।

10 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा 2025 के आठवें संस्करण के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। यह वार्षिक आयोजन छात्रों को परीक्षा की चिंता, करियर प्लानिंग और व्यक्तिगत विकास जैसे मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के आयोजन के लिए 330 करोड़ से अधिक छात्रों, 2071 लाख शिक्षकों और 551 लाख अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है, जो देश के युवाओं पर इस पहल के निरंतर प्रभाव को दर्शाता है। पीएम मोदी के अनुसार, कक्षा 10 और 12 में 40-50% छात्र असफल होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह उनका अंतिम उद्देश्य है। शैक्षणिक और व्यक्तिगत सफलता और असफलता के बीच




अंतर को पहचानना महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जो दिन के अंत में अपनी गलतियों पर विचार करते हैं और उनमें सुधार करते हैं; छात्रों को भी ऐसा ही करना चाहिए। उनके अनुसार, आपका जीवन वही है जो आपके अंक बताते हैं, न कि आप। पीएम ने छात्रों को दबाव को नज़रअंदाज़ करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज की तरह जो स्टेडियम के शोर और नारों को नजरअंदाज कर गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है, छात्रों को भी तनाव के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन बच्चों का क्या होता है जो स्कूल में फेल हो जाते हैं? देखिए, असफलता जीवन के अंत का संकेत नहीं है।

आप जीवन में सफल होना चाहते हैं या किताबों के माध्यम से, यह आप पर निर्भर करता है। अपनी सभी असफलताओं को शिक्षण के अवसर में बदलना जीवन में सफलता प्राप्त करने की एक रणनीति है। अपनी गलतियों को अपने शिक्षण के क्षण बनाएँ। जीवन केवल परीक्षा नहीं है। इसे समग्र रूप से देखा जाना चाहिए। हमें कुछ खासियतें देने के अलावा भगवान ने हमारी कुछ खामियाँ भी रखी हैं। खूबियों पर ध्यान दें।

आपसे यह नहीं पूछा जाएगा कि आपको 10वीं और 12वीं कक्षा में कितने ग्रेड मिले। यह जीवन होना चाहिए, न कि अंक। रटने की शिक्षा के विपरीत, प्रधानमंत्री मोदी ने समग्र शिक्षा और रचनात्मक शिक्षा के महत्त्व पर जोर दिया। छात्रों से सॉफ्ट स्किल सीखने और पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया गया।

प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षाओं को सीखने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि बोझ के रूप में। उन्होंने सलाह दी कि छात्रों को ग्रेड से ज़्यादा ज्ञान को प्राथमिकता देनी चाहिए। अच्छा व्यवहार, अनुशासन और अभ्यास-अधिकारों के लिए शोर मचाना नहीं-नेतृत्व की पहचान हैं। सफल शिक्षा के लिए स्वस्थ भोजन और पर्याप्त नींद के महत्त्व पर बल दिया। छात्रों से मानसिक स्वास्थ्य के लिए बाहर समय बिताने और शारीरिक गतिविधि के स्तर को बढ़ाने का आग्रह किया।

पीएम मोदी ने छात्रों को सलाह दी कि वे परीक्षाओं से डरने के बजाय इसे एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अवसर के रूप में देखें। उन्होंने दावा किया कि परिवार और सामाजिक वातावरण कभी-कभी छात्रों पर दबाव डाल सकते हैं, जो अवांछनीय है। परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों का यह दबाव कि बोर्ड परीक्षाएँ बहुत जरूरी हैं, छात्रों को अत्यधिक चिंतित और तनावग्रस्त बना देता है। आपका जीवन एक परीक्षा के साथ समाप्त नहीं होता है।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025



# 16000 मुखिया और सरपंच ने नीतीश सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, विधानसभा चुनाव में बनेंगे बड़ी चुनौती !

**पटना, एजेंसी।** इस साल बिहार में विधानसभा का चुनाव होना है और उसके ठीक एक साल बाद पंचायत का भी चुनाव होगा, यानी 2026 में फिर से मुखिया और सरपंच चुनाव मैदान में जाएंगे और इसका डर सभी मुखिया और सरपंच को अभी से सताने लगा है. बिहार में 8387 पंचायत हैं. मुखिया और सरपंच को जोड़ लें तो इनकी संख्या 16000 से अधिक है. इसके अलावा वार्ड सदस्य, पंच, पंचायत समिति और जिला परिषद के सदस्य की संख्या को मिला दें ढाई लाख के करीब पहुंच जाते हैं. इन सब की एक ही नाराजगी है कि सरकार ने उनके अधिकार में कटौती कर दी है.




**नीतीश सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा :** आरजेडी पंचायत प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेंद्र विद्यार्थी का कहना है कि नीतीश सरकार पंचायत प्रतिनिधि को जो अधिकार मिले हुए हैं, उसमें लगातार कटौती कर रही है. वहीं, मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह का कहना है कि पहले ग्राम सभा से पास कर हम लोग गांव की आवश्यकता के अनुसार योजना चलाते थे, जिसमें पुल पुलिया के निर्माण से लेकर पीसीसी सड़क, पाइप लगाना, नाली गली और कई योजना होती थी लेकिन अनियमितता का आरोप लगाकर पहले नल जल योजना हम लोगों से छीन कर पीएचईडी विभाग को दिया गया.

**पंचायत प्रतिनिधि को पंगू बना दिया:** पंचायत प्रतिनिधि कहते हैं कि अब सरकार ने स्ट्रीट लाइट की योजना लाई है. अब एजेंसी के माध्यम से जो काम हो रहा है, उसमें काफी गड़बड़ी है. इस तरह मनरेगा के माध्यम से जो योजना चल रही है, उस पर ऊपर से ही डिसीजन होता है. ऐसे में ग्राम सभा के पास जो अधिकार है, उसे सरकार ने पूरी तरह से पंगू बना दिया है.

**गड़बड़ी के लिए कौन होगा जिम्मेदार?:** नालंदा के अम्मा पंचायत के मुखिया पति अविनाश प्रसाद सिंह का कहना है कि टेंडर पॉलिसी से कम होने पर बाहर के लोग आकर काम करेंगे और कुछ गड़बड़ी हुआ, तब आप मुखिया पर ही आरोप लगेगा. वह कहते हैं कि स्ट्रीट लाइट योजना में एजेंसी काम कर रही है लेकिन जिम्मेदारी मुखिया के पास है तो बदनामी मुखिया की हो रही है लेकिन अधिकतर मुखिया के पास नहीं है.

**सरकार ने हमारा अधिकार छीन लिया :** वहीं, मधुबनी के बेरोजगार के मुखिया बुद्ध प्रकाश का कहना है कि मुखिया के पास गांव के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिए योजना बनाने का अधिकार था लेकिन एक-एक कर सभी योजना नीतीश सरकार ने छीन लिया है. अध्यक्ष, मुखिया संघ अशोक कुमार सिंह का कहना है कि सरकार लगातार पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकार में कटौती करने में लगी है. कई योजनाओं ऐसी है, जिसका काम बाहर की एजेंसी से करवाया जा रहा है. अब ऐसे में जब किसी तरह की अनियमितता होगी तो आरोप मुखिया और पंचायत प्रतिनिधियों पर ही लगेंगे. लिहाजा सरकार को इस पर विचार कर हमें हमारा अधिकार सौंपना होगा

**मुखिया-सरपंच में सरकार के खिलाफ असंतोष:** बिहार सरकार ने पहले पंचायत भवन का निर्माण भी मुखिया के माध्यम से करना शुरू किया था लेकिन बाद में गुणवत्ता और कई तरह की अनियमित को लेकर मुखिया से काम ले लिया गया और फिर भवन निर्माण विभाग के माध्यम से इसे कराया जाने लगा. इसको लेकर भी काफी नाराजगी थी और इस नाराजगी को दूर करने के लिए पंचायती राज विभाग की ओर से अभी 2000 से अधिक शेष बचे पंचायत भवन का निर्माण मुखिया को देने की तैयारी हो रही है. विभागीय मंत्री ने कहा कि इस पर फैसला सीएम नीतीश कुमार को करना है. मंत्री, पंचायती राज विभाग केदार गुप्ता का कहना है कि अनियमितता के कारण काम लिया गया था लेकिन हम लोगों ने अब प्रपोजल बनाकर मुख्यमंत्री के पास भेजा है कि जहां जमीन नहीं है, वहां मुखिया जमीन की व्यवस्था कर पंचायत भवन का निर्माण करें. अब फैसला मुख्यमंत्री जी को ही करना है.-

### क्या बोले ग्रामीण विकास मंत्री?

टेंडर पॉलिसी को लेकर मुखिया संघ में काफी नाराजगी है और मुखिया संघ की तरफ से लगातार हड़ताल से लेकर धरना प्रदर्शन और रैलियां भी हो रही है. बिहार के मुखिया के कड़े तेवर के बाद सरकार ने टेंडर पॉलिसी को पूरी तरह फिलहाल लागू नहीं किया है लेकिन कई तरह के वित्तीय अधिकार मुखिया से ले लिया गया है. बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार का कहना है कि सरकार ने पंचायत और ग्रामीण इलाकों में गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो, इसलिए फैसला लिया है. अब जिनको इससे दिक्कत हो रही है, वही लोग विरोध कर रहे हैं.

**बिहार में पंचायत प्रतिनिधियों की संख्या :** 2020 में पंचायत में 6 पदों पर चुनाव हुए थे. पंचायतों की कुल संख्या 8387 है. बिहार में मुखिया की संख्या 8387 और सरपंच की संख्या 8387 हैं. वहीं, वार्ड सदस्य की संख्या 114667, पंच की संख्या 114666, पंचायत समिति के सदस्यों की संख्या 11491 और जिला परिषद के सदस्यों की संख्या 1161 है.

## मुखिया के पास क्या पावर?

बिहार में मुखिया को पंचायती राज व्यवस्था में कई शक्तियां मिली हैं. ग्राम सभा और ग्राम पंचायत की बैठकें आयोजित करना और उनकी अध्यक्षता करना शामिल है. बैठकों का कार्य-व्यवहार संभालना और उनमें अनुशासन कायम रखना. एक कैलेंडर वर्ष में ग्राम सभा की कम-से-कम चार बैठकें आयोजित करना. पूंजी कोष पर विशेष नजर रखना. ग्राम पंचायत के कार्यकारी प्रशासन की देखरेख और ग्राम पंचायत में कार्यरत कर्मचारियों की देखरेख और दिशा निर्देश देना है.

## ये भी मुखिया का ही अधिकार?

ग्राम पंचायत की कार्ययोजनाओं/प्रस्तावों को लागू करना, नियमानुसार रखी गई विभिन्न रजिस्टरों के रखरखाव का इंतजाम करना, ग्राम पंचायत के तय किए टैक्सों, चंदों और फीसों की वसूली का इंतजाम करना और राज्य सरकार या एक्ट अथवा किसी अन्य कानून के अनुसार सौंपी गई अन्य जिम्मेदारियों और कार्यों को पूरा करना भी शामिल है.

## संक्षिप्त समाचार

### भीड़ के कारण ट्रेन से गिरा युवक, बाया हाथ कटा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जंक्शन से सटे कटहीपुल के पास मंगलवार की शाम एक युवक 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस की जेनरल बोगी से गिर गया। इसमें उसका बाया हाथ कट गया है। सूचना पर आरपीएफ दारोगा गोकुलेश पाठक और जीआरपी से दारोगा बीरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। उधर, काजी मोहम्मदपुर थाने के दारोगा रामेश्वर कुमार भी पहुंचे। घायल को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे उसे एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। जख्मी युवक की पहचान सकरा थाना के सकरा फरीदपुर निवासी मो. अलादद्दीन के रूप में की गई। वह अमृतसर से ढोली के लिए ट्रेन से चला था। भीड़ की वजह से गेट पर बैठा था। इसी दौरान किसी ने धक्का दे दिया, जिससे वह चलती ट्रेन से गिर गया। उसके पास से रेलवे टिकट भी बरामद नहीं किया जा सका।

### सीएम 500 जीविका दीदियों को इलेक्ट्रिक साइकिल देंगे

#### पटना में 21 फरवरी को प्रगति यात्रा



**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा पटना जिले में 21 फरवरी को होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री 500 जीविका दीदियों के बीच इलेक्ट्रिक साइकिल बांटेंगे। जीविका ने स्त्री यानी सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन फॉर रूरल एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के तहत राज्य में 500 महिलाओं का चयन किया है। वरीय परियोजना प्रबंधक समीर कुमार ने बताया कि इलेक्ट्रिक साइकिल के माध्यम से महिलाएं सब्जी, फल के साथ कपड़े, मछली और कई तरह के उत्पादों को घूम-घूमकर बेच सकेंगी। यह इलेक्ट्रिक साइकिल एक बार में चार्ज होने पर 70 किलोमीटर तक चलेगी। बैट्री का चार्ज खत्म होने पर पैडल से भी साइकिल चलेगी। महिलाएं गांव-गांव और पंचायतों में जाकर आसानी से काम करके वापस लौट सकेंगी। इस साइकिल पर 50 किलो का सामान एक स्थान से दूसरे स्थान ले जा सकेंगी। साइकिल की कीमत 30-35 हजार रुपए है। जीविका दीदियों को मात्र 9 हजार रुपए में दी जाएगी। जो महिलाएं आर्थिक रूप से असमर्थ हैं, उन्हें लोन की सुविधा दी गई है।

### बिहार में मिट्टी खोदने के दौरान मिली 2 हजार साल पुरानी विष्णु की मूर्ति, थाने में रखी गई प्रतिमा



**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के भागलपुर के शाहकुंड थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में खुदाई के दौरान एक प्राचीन प्रतिमा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. यह प्रतिमा भगवान विष्णु की है. मूर्ति करीब डेढ़ फुट ऊंची बताई जा रही है.अनुमान लगाया जा रहा है कि यह प्रतिमा दो हजार साल पुरानी है. मूर्ती को देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. भागलपुर में मिली विष्णु की मूती: फतेहपुर गांव निवासी ललन मंडल अपने निजी आवास के निर्माण के लिए खुदाई करा रहे थे. तभी मजदूरों को जमीन के अंदर ठोस पदार्थ होने का एहसास हुआ. जब उसे बाहर निकालने का प्रयास किया गया तो एक अद्भुत प्रतिमा दिखाई दी. खुदाई के दौरान प्रतिमा को हल्की क्षति भी पहुंची है. थाने में रखी गई प्रतिमाः घटना की सूचना मिलते ही शाहकुंड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रतिमा को अपने संरक्षण में ले लिया. बाद में इसे थाना परिसर में रखा गया. भागलपुर संग्रहालय के अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार यादव ने बताया कि यह प्रतिमा 7वीं शताब्दी की दुर्लभ मूर्ति है और इसे संग्रहालय में सुरक्षित रखा जाएगा. भागलपुर संग्रहालय के पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार मिश्र का कहना है कि यह मूर्ति दो हजार वर्ष पुरानी हो सकती है. इससे मिलती-जुलती प्रतिमा नवादा में भी मिली थी. जिसे वासुदेव की मूर्ति माना गया था. हालांकि, इस प्रतिमा की सटीक पहचान के लिए और शोध की आवश्यकता है. ऐतिहासिक धरोहर को सहेजने की जरूरतः विशेषज्ञों और स्थानीय प्रशासन ने भागलपुर के जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि इस ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रूप से संग्रहालय में संरक्षित किया जाए. फिलहाल, प्रतिमा के संरक्षण को लेकर प्रशासनिक कवायद जारी है.

# अंजान जी फाउंडेशन ने अंतरज्योति ब्लाइंड स्कूल के लिए की विशेष पहल



**पटना :** अंजान जी फाउंडेशन के सचिव श्रीमती शिल्पी ने आज अंतरज्योति ब्लाइंड स्कूल की वार्डन श्रीमती रेनू से मुलाकात की। इस बैठक में 28 फरवरी को आयोजित किए जाने वाले भोजन कार्यक्रम की योजना बनाई गई। वार्डन श्रीमती रेनू ने फाउंडेशन से अनुरोध किया कि वे नेत्रहीन बच्चों के लिए स्लेट उपलब्ध कराएं, जिससे उनकी शिक्षा में सुधार हो सके।

इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करते हुए, अंजान जी फाउंडेशन के संस्थापक श्री संतोष श्रीवास्तव "अंजान जी" ने इस प्रस्ताव को तुरंत स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य इन बच्चों को सिर्फ स्वादिष्ट भोजन करना ही नहीं है बल्कि शिक्षा और विकास में मदद करना भी है। हम इन्हें स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ स्लेट भी प्रदान करेंगे।"

28 फरवरी का कार्यक्रम अब न केवल भोजन वितरण का अवसर होगा, बल्कि यह नेत्रहीन बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन उपलब्ध कराने का भी अवसर है। फाउंडेशन की इस पहल से बच्चों की शैक्षणिक क्षमता में वृद्धि होगी और उन्हें एक नई दिशा मिलेगी।

फाउंडेशन सभी सदस्यों और समुदाय से इस कार्यक्रम में सहयोग की अपील करता है, ताकि हम मिलकर इन बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकें।

# जिले में एक वर्ष में 12180 लोग शिकार

### डॉग बाइट के मामले बढ़े

**बक्सर, एजेंसी।** जिले में आवारा कुत्तों के साथ पालतू कुत्ते के काटने के मामले में बढ़ोतरी हुई है। यदि आवारा कुत्तों की बात करें तो शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं, खासकर कुत्तों के आतंक ने लोगों के लिए गंभीर समस्याएं पैदा कर दी हैं। शहर के गली-मोहल्लों, मुख्य सड़कों और ग्रामीण इलाकों में ये पशु न केवल दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा साबित हो रहे हैं। आंकड़े भी यही बताते हैं कि जिले के सदर अस्पताल समेत अन्य पीएचसी व सीएचसी में प्रतिदिन लगभग 400 से अधिक मामले आ रहे हैं। बता दें कि सदर अस्पताल में पालतू कुत्ते के काटने के मामले ज्यादा आए हैं। संबंधित कर्मियों का कहना है कि आवारा कुत्तों से ज्यादा पालतू कुत्ते काटने के मामले में बढ़ोतरी हुई है। क्योंकि लोग कुत्ता पालते तो हैं, लेकिन समय से इंजेक्शन नहीं दिलवा पाते हैं, जिसके कारण से ऐसे मामले आ रहे हैं। सदर अस्पताल में डॉग बाइट के मरीज को इंजेक्शन लगा रही कर्मी ने बताया कि कुत्तों को खाना देने के दौरान, तो उससे खेलने के दौरान, नहलाने के दौरान, बाहर ले जाने के दौरान काटने की बातें लोग अक्सर बताते हैं। ऐसे में लोगों को यह पता




होना चाहिए कि यदि पहले से ही कुत्ते का टीका दिला दिया जाए तो उन्हें अस्पताल दौड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस वर्ष जनवरी माह में आए 849 मामले बता दें की बक्सर सदर अस्पताल में प्रतिदिन डॉग बाइट के 40 से 50 मरीज आते हैं, जिनको इंजेक्शन लगाया जाता है। इसके अलावा प्रखंडों के पीएचसी व सीएचससी में भी मरीज आते हैं। इस वर्ष सदर अस्पताल में जनवरी महीने में 849 बाइटिंग के मरीजों ने निबंधन कराकर इलाज कराया है। जिसमें 59 मामले इमरजेंसी में आए हैं जिन्हें इंजेक्शन लगाई गई है। वर्ष 2024 में 12180 मरीज हुए शिकार बता दें कि लोगों को कुत्ता पालने की शौक तो है, लेकिन उसे नियमित टीकाकरण कराने का शौक नहीं है, जिसके कारण से घरेलू कुत्तों के काटने की संख्या बढ़ी है। सदर अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में 12180 लोग डॉग बाइट के शिकार हुए हैं, इसमें से लगभग 40 फिसदी घरेलू कुत्ते के काटने के शिकार मरीज मिले हैं। मांस-मछली दुकानों का बढ़ना भी बन रहा कारण बता दें कि शहर समेत ग्रामीण इलाकों में मांस-मछली की दुकानों का जैसे-जैसे विस्तार हो रहा है आवारा पशुओं का जमावड़ा स्थल भी इसी तरह बढ़ रहा है। खासकर आवारा कुत्तों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जिसके कारण से आम जनों को कई प्रकार के कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है वहीं जिला प्रशासन के द्वारा भी कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# आईआईटी पटना में लड़कों के लिए 732 बेड वाले नए छात्रावास का 55 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण



**पटना, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना में 732 बेड वाले लड़कों के नए छात्रावास का निर्माण होगा। आईआईटी पटना के निदेशक प्रोफेसर टीएन सिंह मंगलवार को इसका आधारशिला रखी। आईआईटी पटना देश के दूसरे पीढ़ी के आईआईटी में पहला संस्थान है, जो अपने आंतरिक संसाधनों से लगभग 55 करोड़ रूपए की लागत से यह नया छात्रावास बनाने जा रहा है। यह परियोजना संस्थान की आत्मनिर्भरता और छात्रों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बता दें कि नया छात्रावास का कुल निर्मित क्षेत्रफल 15,480 वर्ग मीटर में होगा। इसकी संरचनाः तल+7, प्रत्येक तल पर केंद्रीय गलियारे से जुड़े दो विंग होंगे। जिसकी कुल क्षमता 366 कमरे, प्रत्येक में दो बिस्तरों के साथ 732 छात्रों के लिए होगा। जिसमें एक आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट और एक हरित मनोरंजन क्षेत्र जिसमें बैठने की व्यवस्था रहेगी। ग्राउंड फ्लोर पर विशेष रूप से दिव्यांग छात्रों के लिए शौचालय युक्त 32 कमरे के साथ पूरी तरह से वाई फाई परिसर होगा। जिसमें केंद्रीकृत सोलर वाटर हीटिंग प्रणाली और गृह -3 रेटेड डिज़ाइन जो ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करने वाला होगा।

### छात्रावास के निर्माण की समय सीमा मई 2026 निर्धारित

इस अत्याधुनिक छात्रावास के निर्माण की समय सीमा मई 2026 निर्धारित की गई है। इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए ब्रिज एंड रूफ कंपनी इंडिया लिमिटेड , एक मिनी र7 श्रेणी-1 पीएसयू (पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग) , जो भारी उद्योग मंत्रालय के तहत कार्य करती है, को प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रो टीएन सिंह कहा कि आज आईआईटी पटना के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह परियोजना हमारे संकाय, कर्मचारियों और छात्रों के सामूहिक और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। यह छात्रावास संस्थान को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और हम छात्रों के समग्र विकास के लिए उच्चतम गुणवत्ता का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



# यूपी में भीषण सड़क हादसे में बिहार के तीन लोगों की मौत, महाकुंभ से विंध्याचल जाने के दौरान दुर्घटना

**गया, एजेंसी।** प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे बिहार के तीन लोगों की मौत सड़क हादसे में हो गयी. उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के पास कार और स्कॉर्पियो में जबरदस्त से टकरा गई. इस हादसे में गया के अतरी थाना के पथरौरा गांव निवासी इंद्रजीत सिंह और उनके पुत्र राजीव कुमार की मौत हो गई. एक और व्यक्ति कृष्णा सिंह की भी मौत इस हादसे में हो गयी.

**मिर्जापुर में हादसा :** जानकारी के अनुसार अतरी थाना के पथरौरा गांव से रविवार की शाम कुछ लोग प्रयागराज महाकुंभ गए थे. वहां से स्नान करने के बाद मंगलवार को सभी विंध्याचल जा रहे थे. इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के पास इनकी कार एक स्कॉर्पियो से टकरा गई. तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि लोग घायल है. घायल में इंद्रजीत सिंह की पत्नी निर्मला देवी, कृष्णा सिंह की पत्नी श्याम देवी और 6 वर्षीय पोता शिवांशु कुमार शामिल हैं. घायलों का इलाज वाराणसी में किया जा रहा है. मृतक के शव को मिर्जापुर पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम के भेज दिया गया है. पोस्टमार्टम के बाद शव आज बुधवार को गया लाया जाएगा. इधर, घटना के बाद पथरौरा गांव में मातम पसरा है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. बताया जाता है कि सभी

# डीजे से जमकर हो रहा ध्वनि प्रदूषण, हाईकोर्ट ने बिहार सरकार को लगाई फटकार

**पटना, एजेंसी।** बिहार में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण को लेकर पटना उच्च न्यायालय ने गंभीरता दिखाते हुए राज्य सरकार को फटकार लगाई है. जस्टिस राजीव रॉय ने सुरेंद्र प्रसाद की याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि लोग लगातार कई तरह के प्रदूषण को झेल रहे हैं. वहीं, कोर्ट ने राज्य के नागरिक और राजधानी पटना में शोर/ध्वनि प्रदूषण पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है. इस मामले पर अगली सुनवाई 14 फरवरी 2025 को होगी. ध्वनि प्रदूषण पर सुनवाईः इस मामले में कोर्ट को सहयोग करने के लिए वरीय अधिवक्ता अजय को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया. उन्होंने कोर्ट को बताया कि शहर में ऑर्केस्ट्रा/डीजे ट्रॉली और सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले लोग पूरी तरह से भूल गए हैं कि वे किस




तरह का ध्वनि/ध्वनि प्रदूषण पैदा कर रहे हैं. लाउडस्पीकर का जगह डीजे का प्रयोगः वरीय अधिवक्ता अजय ने कोर्ट को बताया कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर बनाये गए कानून में ध्वनि प्रदूषण पर प्रतिबंधों के प्रकार को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है. उनके अनुसार लाउडस्पीकर का उपयोग करने की अनुमति लेना अनिवार्य है. यहां तक कि लाउडस्पीकर को जब्त भी किया जा सकता है. उन्होंने बताया कि आज लाउडस्पीकर का जगह डीजे ने ले लिया है. अधिवक्ता अजय ने क्या बताया?: अब एक ट्रॉली में कई स्पीकर लगे होते हैं, जो शहर के विभिन्न अस्पतालों सहित सभी रास्तों हो कर गुजरते हैं. ध्वनि का स्तर निर्धारित स्तर से लगभग हजार गुना अधिक होता है. इससे न केवल हृदय रोग से पीड़ित लोग, वृद्ध लोग प्रभावित होते हैं. कुछ मामलों में तो गर्भवती महिलाओं का गर्भपात भी हो चुका है. इसे नियंत्रित करने के लिए बिहार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का गठन किया गया है और अनुमति लेना अनिवार्य है. डीजे से जमकर हो रहा ध्वनि प्रदूषणः अधिवक्ता अजय ने कहा कि इसका उपयोग रात में खुले स्थान पर नहीं किया जा सकता है और उपयोग कहां किया जाना है, इसका विवरण कानून में स्पष्ट है. यही नहीं ध्वनि का स्तर 10 डीबी (ए) हैं लेकिन किसी भी सूरत में 75 डीबी (ए) से अधिक नहीं हो सकता है. इसका उल्लंघन किए जाने पर दंड का प्रावधान किया गया है. बोर्ड राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कुछ नहीं कर रहा है. इसके अलावे ध्वनि प्रदूषण से उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्य संबंधी खतरे के अलावा स्कूल जाने वाले बच्चे, कॉलेज के युवा छात्र, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र प्रभावित होते हैं.

पटना उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता अजय का कहना है कि डीजे से तमाम जगहों पर ध्वनि प्रदूषण हो रहा है. किसी भी कार्यक्रम के दौरान खुले स्थान पर ध्वनि का उच्च डेसिबल स्तर शहर के नागरिकों के जीवन को पूरी तरह से नरक बना देता है. अगली सुनवाई 14 फरवरी को होगी. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने क्या दलील दी?ः वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरीय अधिवक्ता शिवेंद्र किशोर ने कोर्ट को बताया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एक सलाहकारी निकाय है और उचित प्राधिकारी को सलाह दे सकता है. उन्होंने माना कि शहर के नागरिक होने के नाते उन्होंने भी ऐसी समस्या का सामना करना पड़ता है. शहर में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बोर्ड की ओर से उठाए गए सभी तथ्यों और कदमों को कोर्ट के समक्ष पेश करने के लिए एक समय देने का अनुरोध किया. कोर्ट ने लगाई राज्य सरकार को फटकारः सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड न केवल कार्य करें, बल्कि नियमों के अनुरूप कार्य करते हुए दिखना चाहिए और परिणाम शहर के नागरिकों को दिखना चाहिए. कोर्ट ने सभी अधिवक्ताओ को अपना सुझाव देने के लिए स्वतंत्र हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में पुलिस चौकी के सामने कत्लः ठेकेदार के भाई की हत्या...इस बदलाव से खफा थे कुली, करते थे मारपीट

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में पार्सल ठेकेदार के भाई की हत्या की अहम वजह रोडवेज बसों में पार्सल लादने और उतारने में कुलियों की मनमानी पर रोक लगने को बताया जा रहा है। बुकिंग का सामान बसों में चढ़ाने-उतारने का काम ठेकेदार के कारिंदों को मिलने से कुलियों की आजीविका प्रभावित हो रही थी। इसको लेकर दोनों पक्षों में बीते दो माह में चार से पांच बार झगड़े हो चुके थे। रोडवेज बसों में व्यापारी अपना माल कुलियों से रखवाते थे और परिचालक से अनुमानित वजन व आकार के हिसाब से टिकट बनवा लेते थे। इस व्यवस्था में कई बार यात्रियों को नफा-नुकसान खास नहीं होता था पर बसों के स्टाफ से लेकर कुलियों तक को ऊपरी आमदनी का रास्ता खुला रहता था। कई बार यात्री से समझौते के आधार पर माल का टिकट नहीं भी बनाया जाता था या मामूली बना दिया जाता था। परिवहन निगम ने जब इसके लिए नियमावली तय कर दी। यह काम ठेकेदारों के हवाले कर दिया। प्रतापगढ़ निवासी अतुल पांडेय को बरेली सेटेलाइट स्टैंड का ठेका मिला तो उनके बड़े भाई अनुज पांडेय भी उनके साथ आकर हाथ बंटाने लगे।

**कुलियों का काम हो गया था लगभग ठप** – रोडवेज बसों में सेटेलाइट से लदने वाले माल के पार्सल की पर्ची स्टैंड परिसर में बने ठेकेदार के काउंटर से कटने लगी। साथ ही ठेकेदार के ही चार मजदूर बसों में लदान की व्यवस्था करने लगे। तब से ही सेटेलाइट बस अड्डे पर पंजीकृत कुलियों का काम लगभग ठप सा हो गया था। नौबत यादव इनका नेता था, इसलिए ठेकेदारों से तकरार में वह हमेशा आगे रहता था। अब मामला हत्या तक जा पहुंचा।

### एक फंदे से लटके थे शवब्बच्चों ने मचाया शोर, लोग बोले- प्रेम प्रसंग की हो गई थी जानकारी

**हमीरपुर , एजेंसी।** हमीरपुर जिले में मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहुनी गांव में दंपती ने एक ही साड़ी से फंदा लगाकर जान दे दी। दोनों मंगलवार की दोपहर ससुराल से घर लौटे थे। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका। ग्राम प्रधान बिहूनी खुर्द भूपेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके भांजे सोहन लाल उर्फ छुन्ना (26) पुत्र काशी प्रसाद व उसकी पत्नी समीक्षा (23) अपने घर में छत में लगे कुंडे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्हें मोहल्ले के बच्चों ने शव लटका होने की जानकारी दी थी। बताया कि छुन्ना अपनी पत्नी के साथ शादी कार्यक्रम में शामिल होने ससुराल मौदहा क्षेत्र के करहिया गांव गया था और मंगलवार दोपहर दोनों लौट आए। सोहल लाल के चार भाई व मां कासगंज स्थित ईंट भट्ठों में मजदूरी करते है और घर में दोनों अकेले रहते थे।

### आत्महत्या का मामला हो रहा है प्रतीत

शाम साढ़े चार बजे छुन्ना को मोहल्ले वासियों ने मोहल्ले में टहलते देखा है। शादी दो साल पहले हुई है और कोई संतान नहीं है। सीओ राठ राजकुमार पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। युवक व महिला के परिजनों को सूचना दी गई है। आने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। आत्महत्या का कारण ज्ञात नहीं हो सका है।

**पारिवारिक भाई की शादी से लौटी थी समीक्षा–** समीक्षा अपने पारिवारिक भाई करहिया गांव निवासी योगेंद्र की शादी में शामिल होने गई थी। करहिया गांव निवासी समीक्षा की सहेली के अनुसार आज ही तो यहां से अपनी ससुराल गई है। उसके चेहरे की खुशी देख जरा भी अहसास न था कि वह ऐसा कदम उठा सकती है।

### किसी युवक से था प्रेम प्रसंग

मोहल्लेवासियों के अनुसार महिला का गांव के ही किसी युवक से प्रेम प्रसंग था। इसकी जानकारी शादी समारोह के दौरान छुन्ना को हो गई। इसी बात को लेकर ससुराल पहुंचने के बाद दोनों में विवाद हुआ होगा और दोनों ने फंदा लगा लिया।

# पतित पावनी यमुना मैलीः दूर-दूर तक गंदगी, बह रहा सीवेज



**आगरा , एजेंसी।।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश जल निगम को 38 नालों की सफाई के लिए कदम उठाने में विफल रहने के लिए फटकार लगाई, जिसके परिणामस्वरूप अनुपचारित सीवेज सीधे यमुना में बह रहा है। अपने आदेश का पालन न करने से नाराज जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने निकाय के प्रबंध निदेशक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश होने और चूक के बारे में बताने का निर्देश दिया।

पीठ ने कहा, हमें लगता है कि 25 नवंबर, 2024 के आदेश का कोई अनुपालन नहीं किया गया है। हम उत्तर प्रदेश जल निगम के प्रबंध निदेशक को अगली सुनवाई की तारीख से एक सप्ताह पहले व्यक्तिगत अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। उत्तर प्रदेश जल निगम के वकील ने कहा कि 38 नालों और पांच आंशिक रूप से टैप किए गए नालों को टैप करने के लिए अंतरिम उपाय आगरा नगर निगम की ओर से किए जाने थे।

शीर्ष अदालत ने पहले जल निगम को नालों को टैप करने के लिए अंतरिम उपाय करने का निर्देश दिया था और सभी संबंधित अधिकारियों से कहा था कि वे काम करने के लिए जिनकी मंजूरी की आवश्यकता है, वे तुरंत मंजूरी जारी करें। नदी तल से गाद, कीचड़ और कचरा हटाने के मामले में न्यायालय ने आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट को रिकार्ड में लिया, जिसमें कहा गया था कि 5 से 6 मीटर तक गाद हटाना व्यवहार्य नहीं है।

शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश और जल निगम को हलफनामा दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया था कि नदी तल पर कचरा न डाला जाए, इसके लिए उन्होंने क्या उपाय सुझाए हैं। वहीं बेंच ने नालों को टेप करने के लिए अनुपालन रिपोर्ट एक माह में मांगी थी। जलनिगम ने अपने हलफनामे में कहा कि 136 करोड़ रुपये की डीपीआर नमामि गंगे योजना में भेजी गई है। याचिकाकर्ता व अधिवक्ता केसी जैन ने बताया कि जब तक यमुना में नालों का जाना बंद नहीं होता, तब तक बैराज निर्माण संभव नहीं है।

### बरेली में मुठभेड़ः रामपुर के छह बदमाश गिरफ्तार, गोली लगने से दर्द से तड़पा गैंगस्टर...जोर-जोर से रोया

**बरेली, एजेंसी।** बरेली में कोतवाली पुलिस ने मंगलवार रात मुठभेड़ के दौरान रामपुर के बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। रात दो बजे पुलिस को सूचना मिली कि इस्लामिया ग्राउंड में कुछ संदिग्ध लोग मौजूद हैं। घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि जिस बदमाश को गोली लगी है, वह रामपुर जिले का निवासी गैंगस्टर गुलशन है। मुठभेड़ के बाद का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें घायल बदमाश दर्द से कराहता दिख रहा है। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिसकर्मी उसे पकड़कर ले जाते दिख रहे हैं। गुलशन और उसके साथी काफी समय से बरेली में रहकर चोरी और लूट की वारदात कर रहे थे।

## बाबा के दर्शन से पहले तीन श्रद्धालुओं सहित चार की मौत, कतार में ही हो गए थे बेहाश




**वाराणसी , एजेंसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब तीन श्रद्धालु अचेत होकर गिर पड़े और कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। उन्हें मंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा कैंट रेलवे स्टेशन पर भी तबीयत बिगड़ने से बिहार के एक व्यक्ति की मौत हो गई। परिजन इनकी लाश को लेकर अपने-अपने घर चले गए।

जानकारी के अनुसार, श्रद्धालु महाकुंभ से काशी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करने आए थे। पोस्टमार्टम करवाने से परिजनों ने इन्कार कर दिया था, जिससे मौत के कारण का पता नहीं चला सका। इनमें सिर्फ सिलीगुड़ी के निवासी एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार हरिश्चंद्र घाट पर किया गया। मृतकों में बिहार के छपरा निवासी संजय कुमार (43) सिलीगुड़ी (पंश्चिम बंगाल) निवासी (54) और दिल्ली निवासी शक्ति माथुर (63) शामिल रहे। बताया जा रहा है कि दोपहर बाद श्रद्धालु करतारबद्ध होकर बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए पहुंच थे। उनके गिरते ही परिजन भी हैरान हो गए कि आखिर क्या हो गया? सूचना पाकर मंदिर के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। चेहरे पर पानी मारकर होश में लाने की कोशिश की गई लेकिन कुछ आवाज नहीं आ रही थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को मंडलीय अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कैंट रेलवे स्टेशन पर मुजफ्फरपुर (बिहार) के निवासी विजैन सेन की हालत खराब होने पर उन्हें अस्पताल भेजा गया। यहां डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। इनमें किसी का भी पोस्टमार्टम नहीं किया गया।

## नहर के दोनों तरफ 200-200 मीटर पर लगेंगे पिलर



**आगरा, एजेंसी।** आगरा में नहरों के दोनों तरफ 200-200 मीटर दूरी पर पिलर लगेंगे। अतिक्रमण रोकने के लिए यह निर्देश मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया ने सिंचाई बंधु बैठक में दिए हैं। साथ ही आगरा रजवाह व टर्मिनल को मॉडल नहर की तरह बनाने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बालूगंज स्थित जिला पंचायत कार्यालय पर मंगलवार को सिंचाई बंधु बैठक से जल निगम अधिकारी गैरहाजिर रहे। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जल जीवन मिशन के तहत कार्य चल रहे हैं। अध्यक्ष ने इस लापरवाही पर जल निगम अधिशासी अभियंता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने आगरा रजवाह पर बने सात पुलों को तोड़कर नए पुल बनाने, कैचारा, सकतपुर, गढ़सानी माइनर क्षतिग्रस्त रेगूलेटर को बदलने और नहरों पर कार्यों को मानकों के अनुरूप कराने के निर्देश दिए।

## दहेज के लिए महिला की गला दबाकर हत्या, आरोपी पति पकड़ा

**अलीगढ़, एजेंसी।** मायके वालों का आरोप है कि रात आठ बजे भी ससुराल वाले हेमलता को पीट रहे थे तो वह मायके आने के लिए दरवाजे के बाहर आ गई। इस पर पति सहित ससुराल वाले उसे सड़क से बाल पकड़कर खींचते हुए घर के अंदर ले गए और गला दबाकर हत्या कर दी। हाथरस जंक्शन के गांव बाघऊ में दहेज के लिए एक महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी पति को पकड़ लिया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद मायके वाले शव मोहल्ला अहिरान स्थित अपने घर लाए, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। मोहल्ला अहिरान निवासी हेमलता (28) पुत्री पूरन सिंह की शादी राहुल निवासी बाघऊ थाना हाथरस जंक्शन के साथ आठ साल पहले हुई थी। दंपती के दो बेटे लक्कू और प्रिंस हैं। हेमलता के चाचा राजकुमार ने बताया कि शादी के बाद से ससुराल वाले उनकी भतीजी को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। इससे परेशान होकर भतीजी कई-कई माह मायके में रहकर जाती थी। 10 फरवरी की रात आठ बजे भी ससुराल वाले भतीजी को पीट रहे थे तो वह मायके आने के लिए दरवाजे के बाहर आ गई।

## आईआईटी-जेईईः लखनऊ के श्रेयस ने किया यूपी टॉप, हासिल किए 100 परसेंटाइल अंक

**लखनऊ, एजेंसी।** देश भर के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में प्रवेश के लिए होने वाली जेईई मेन का परिणाम मंगलवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जारी कर दिया। इसमें लखनऊ के श्रेयस लोहिया ने 100 परसेंटाइल अंक हासिल कर राज्य स्तर पर टॉप किया है, जबकि लखनऊ में गोमतीनगर के रहने वाले अथर्व ने 95.95 परसेंटाइल अंक हासिल कर परिवार का मान बढ़ाया। एनटीए की ओर से जारी परिणाम में देश भर में 14 अभ्यर्थियों ने जेईई मेन में 100 परसेंटाइल हासिल किए हैं। इसमें राजस्थान से पांच और उत्तर प्रदेश से दो अभ्यर्थी हैं। जबकि बाकी अन्य दूसरे राज्यों से हैं। जेईई मेन का आयोजन 22 से 30 जनवरी के बीच किया गया था। अब एडवांस की परीक्षा मई में प्रस्तावित है।

### टाइम टेबल बनाकर की पढ़ाई

अभी मैं बारहवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं। जेईई मेन के दौरान हर दिन 16 से 18 घंटे पढ़ाई की। उसका परिणाम ये रहा कि 100 परसेंटाइल अंक मिले। समय का सदुपयोग किया। स्कूल के बाद घर में टाइम टेबल के मुताबिक, पढ़ाई करता था। आईआईटी मुंबई से कंप्यूटर साइंस से बीटेक करना चाहता हूं। मेंस के बाद अब मेरा लक्ष्य एडवांस है, जिसके लिए अलग स्ट्रैटजी से पढ़ाई कर रहा हूं। मेरे पिता गजेंद्र लोहिया भी दुग्ध संघ में इंजीनियर हैं, जबकि भाई आईआईटी रुड़की से बीटेक कर रहा है।- श्रेयस लोहिया, 100 परसेंटाइल

### घंटों के बजाय चैप्टर तय किए

अपनी मेन परीक्षा में घड़ी घंटों को गिनने के बजाय विषयवार चैप्टर पढ़े। इससे समय का बोझ नहीं हुआ और सभी चीजें कवर भी हुईं। परिणाम संतोषजनक है। अब एडवांस के लिए तैयारी करने के साथ ही इंटरमीडिएट की परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं। पिता जयंत कुमार और मां सीमा गुप्ता व्यवसायी हैं।

## इस बार 16 दिन का होगा विधानसभा का बजट सत्र, 20 फरवरी को आएगा बजट; सत्र के हंगामेदार होने की संभावना



**लखनऊ , एजेंसी।** विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से शुरू होगा और 5 मार्च तक चलेगा। 16 दिनों तक चलने वाले सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं। हालांकि सदन शांतिपूर्ण चलाने के लिए कवायद की जा रही है। 18 फरवरी को सत्र की शुरुआत विधानसभा और विधान परिषद की संयुक्त बैठक में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी। प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर विपक्ष ने सदन में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आक्रामक तेवरों को देखते हुए साफ है कि इस मुद्दे पर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष में खींचतान होगी। केंद्रीय बजट की तरह प्रदेश के बजट अभिभाषण के विरोध की भी विपक्ष ने तैयारी की है। इन सबके बीच विधानसभा सत्र 5 मार्च तक चलाने की रूपरेखा फाइनल हो गई है। इस बार प्रदेश का बजट लगभग आठ लाख करोड़ रुपये का होने की उम्मीद है, जो केंद्रीय बजट का लगभग 16 फीसदी होगा।

इस बजट में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत राज्य को बढ़े हुए आवंटन को शामिल किया जाएगा। चूंकि केंद्र में इस बार मध्यम वर्ग पर खास फोकस किया गया है, इसलिए उम्मीद है कि प्रदेश के बजट में भी इसका असर दिखेगा। किसानों के कल्याण के लिए बजट की मोटी धनराशि का प्रावधान होगा। तकनीक, रोजगार और बुनियादी ढांचे पर होने वाले खर्च के मद में भी ज्यादा बजट होगा।

### गश्त के दौरान पुलिस की अनियंत्रित कार दुकान में घुसी, दरोगा की मौत

रायबरेली, एजेंसी। रायबरेली में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक दुकान में घुस गई। हादसे में सेमरी चौकी इंचार्ज की मौके पर मौत हो गई तो वहीं तीन पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पुलिस कर्मियों को जिला अस्पताल भेजा गया है। मामला खीरों थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगत ढाबा के पास है। जहां बीती मंगलवार देर रात रात गश्त के दौरान सेमरी चौकी इंचार्ज चमन सिंह की गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दुकान में घुस गई। इस घटना में चौकी इंचार्ज चमन सिंह सहित चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लालगंज लाया गया, जहां चौकी इंचार्ज चमन सिंह की मौत हो गई। वहीं गंभीर हालत में तीन पुलिसकर्मी जितेंद्र, उदय व सूर्यभान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। चमन सिंह बहराइच के रहने वाले थे। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने बताया की बहुत ही दुर्भाग्य घटना है। टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

# महाकुंभ में तैनात सिपाही के पिता की गर्दन रेतकर हत्या...

## नग्न हालत में लहूलुहान चादर से ढका मिला शव

**मेरठ , एजेंसी।** महाकुंभ में तैनात पीएसी के सिपाही सचिन के पिता रवि शंकर (52) की गांव इकवारा में धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। रवि शंकर खेतीबाड़ी करते थे। हत्यारोपी उनके शव को घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर लुकाधड़ी गांव के जंगल में एक रास्ते पर छोड़कर फरार हो गए। पिता की हत्या की सूचना पर सचिन प्रयागराज से वापस लौट रहा है। मंगलवार सुबह किसान का अर्द्धनग्न अवस्था में शव मिला। मृतक के भतीजे प्रिंस खारी ने वन चौकीदार रामबीर को नामजद कर अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस हत्यारोपी को तलाश रही है। पुलिस हत्या का कारण शराब पीकर कहासुनी मान रही है। इकवारा निवासी किसान रवि शंकर सोमवार को अपने घर से गजपुरा के जंगल में अपने खेत पर सिंचाई करने की बात कह कर गए थे, परंतु देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने इधर-उधर तलाश



किया, परंतु देर रात तक भी कुछ पता नहीं चला। मंगलवार सुबह लुकाधडी गांव से कुंडा जाने वाले रास्ते पर सड़क किनारे उनका शव मिला।

रवि शंकर के मुंह व गर्दन पर नुकीले और धारदार हथियार से कई वार किए गए थे। गर्दन रेती गई थी। पैरों पर लाठी से पीटने के निशान थे। शव को कपड़े से ढक रखा था। सुबह खेतों पर जाने वाले ग्रामीणों ने सड़क किनारे शव देखा, इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे।

एसपी देहात और सीओ मवाना ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के भतीजे प्रिंस खारी ने हस्तिनापुर थाना पर वन चौकीदार रामबीर निवासी सैफपुर कर्मचंदपुर व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### हत्या कर शव घसीट कर ले गए, कई लोग हो सकते हैं शामिल

पुलिस ने जांच की तो पता चला कि रवि शंकर सोमवार को गजपुरा गांव के समीप ट्यूबवेल पर पानी चला रहा था। लोगों ने देर शाम तक उसे ट्यूबवेल पर ही देखा था। पुलिस ने ग्राम गजपुरा के जंगल में स्थित जब उस ट्यूबवेल पर भी पहुंचकर देखा तो वहां पर मृतक की खून से सनी हुई पेंट व खून के निशान पाए गए। रवि शंकर की हत्या ट्यूबवेल पर करने के पश्चात शव को कुछ दूर तक घसीट कर ले जाया गया। बाद में लुकाधड़ी गांव के जंगल में शव को डाल दिया गया। पुलिस का मानना है कि हत्या में एक से अधिक लोग शामिल रहे हैं। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि नामजद कराए गए वन चौकीदार रामबीर से रवि शंकर की गहरी दोस्ती थी। दोनों अकसर एक साथ शराब पीते थे।

**परिजनों ने रंजिश से किया इनकार–** पुलिस का कहना है कि किसान के परिजनों से जानकारी मिली है कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। वहीं पुलिस अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। क्योंकि मृतक शराब पीने का भी आदी बताया जा रहा है। मौके पर फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने भी पहुंचकर घटना के साक्ष्य जुटाए। पुलिस को घटनास्थल से एक डंडा, चादर और चप्पल मिले हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025



# संक्षिप्त समाचार

## ब्रिटेन में भारतवंशी महिला को नस्लीय गाली दी, ट्रेन में अप्रवासी शब्द सुनते ही भड़का शराबी, कहा- भारत पर हमने राज किया

**लंदन**। ब्रिटेन में लंदन से मैनचेस्टर जा रही ट्रेन में नशे में धुत शराबी ने एक भारतीय मूल की ब्रिटिश महिला के साथ नस्लीय दुर्व्यवहार किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मेट्रो न्यूज के मुताबिक रविवार को यह हादसा तब हुआ जब भारतीय मूल की गैब्रिएल फोर्सिथ ट्रेन से घर लौटते वक्त अपने दोस्त से बात कर रही थीं। गैब्रिएल ने दोस्त को बताया कि उन्होंने अप्रवासियों की मदद करने वाली चैरिटी के साथ काम किया है। इसे सुनकर शराबी ने चिल्लाना शुरू कर दिया और नस्लीय गाली देने लगा। उसने डींग हांकते हुए बताया कि कैसे इंग्लैंड ने पूरी दुनिया पर कब्जा किया था। शराबी ने कहा कि तुम जो भी दावा कर रही हो वो इसलिए कि तुम इंग्लैंड में हो, अगर तुम इंग्लैंड में नहीं होती तो कोई दावा नहीं कर रही होती। अंग्रेजों ने दुनिया पर जीत हासिल की थी। हमने भारत पर भी जीत हासिल की थी, लेकिन हम इसे रखना नहीं चाहते थे इसलिए हमने इसे तुम्हें लौटा दिया।पुलिस से की शिकायत गैब्रिएल ने वीडियो को X पर पोस्ट करते हुए लिखा- उसने जैसे ही अप्रवासी शब्द सुना वह भड़क गया। उसके हाव-भाव काफी आक्रामक थे। वह घटना बहुत ही परेशान करने वाली थी। वह पागलपन की हालत में था। मैंने सुरक्षा के लिए वीडियो बनाया। एक अन्य ट्वीट में गैब्रिएल ने लिखा कि 'भारतीय और एक अप्रवासी की बेटी होना, अपने इतिहास और विरासत से जुड़े रहना एक आशीर्वाद है। मैं शुक्रगुजार हूं कि मैं इस काबिल हूं कि अपने और अश्वेत लोगों के लिए खड़ी हो सकती हूं।' इस घटना की शिकायत ब्रिटिश ट्रांसपोर्ट पुलिस से की गई है।

## ट्रम्प ने AP न्यूज की राष्ट्रपति ऑफिस में एंट्री रोकी

**वॉशिंगटन** । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को अमेरिकी न्यूज एजेंसी एसोसिएट प्रेस (AP) को राष्ट्रपति ऑफिस (ओवल ऑफिस) में रिपोर्टर भेजने से रोक दिया। न्यूज एजेंसी का दावा है कि उसने गल्फ ऑफ मेक्सिको की जगह गल्फ ऑफ अमेरिका नाम इस्तेमाल नहीं किया था, इस वजह से ऐसा किया गया है। AP की कार्यकारी संपादक जूली पेस ने कहा- व्हाइट हाउस ने कहा है कि अगर न्यूज एजेंसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपनी एडिटोरियल पॉलिसी को मैच नहीं किया तो AP को किसी भी कार्यक्रम के लिए ओवल ऑफिस में एंट्री की इजाजत नहीं दी जाएगी। अमेरिकी संविधान के पहले 10 संशोधन को बिल ऑफ राइट्स कहते हैं। इसे 1791 को लागू किया गया था। यह संशोधन धर्म, भाषण, और प्रेस की आजादी देता है। प्रेस सत्ता में बैठे लोगों का माउथपीस नहीं फाउंडेशन फॉर इंडिविजुअल राइट्स एंड एक्सप्रेशन के डायरेक्टर आरोन टेर ने ट्रम्प के फैसले को प्रेस की आजादी पर हमला बताया। टेर ने कहा- हमारे प्रेस का रोल सत्ता में बैठे लोगों को जवाबदेह ठहराना है, न कि उनका माउथपीस बनना। इस मौलिक आजादी को खत्म करने के लिए सरकार की किसी भी कोशिश की निंदा की जानी चाहिए। व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट एसोसिएशन (WHCA) के अध्यक्ष यूजीन डेनियल्स ने कहा- व्हाइट हाउस यह आदेश नहीं दे सकता कि न्यूज एजेंसी समाचार को कैसे पेश करे। उसे पत्रकारों को सिर्फ इसलिए सजा नहीं देना चाहिए, क्योंकि वह (व्हाइट हाउस) ऐडिटोरियल फैसलों से खुश नहीं है। दूसरी तरफ गूगल ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एग्जीक्यूटिव आदेश के मुताबिक अमेरिका के अंदर गूगल मैप्स पर मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी कर दिया। हालांकि, मेक्सिको में 'मेक्सिको की खाड़ी' नाम दिखाई देगा। बाकी देशों में दोनों नाम दिखाई देंगे।



## जेलेंस्की रूस के साथ जमीन की अदला-बदली को तैयार

**कीव**। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन जंग रोकने के लिए रूस के साथ जमीन की अदला-बदली को तैयार है। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन को दिए एक इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा कि यदि ट्रम्प, रूस और यूक्रेन को एक मंच पर लाने में सफल होते हैं तो यह मुमकिन है। जेलेंस्की ने यह स्वीकार किया कि बिना अमेरिकी मदद के वे जंग नहीं लड़ सकते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं जो यह कहते हैं कि यूरोप, अमेरिका के बिना भी यूक्रेन की हिफाजत कर सकता है। लेकिन यह सच नहीं है। अमेरिका के बिना यूक्रेन की सुरक्षा संभव नहीं है। रूसी जमीन पर 7 महीने से यूक्रेन का कब्जा यूक्रेन ने अगस्त 2024 में रूस के कुर्स्क पर हमला करके लगभग 1300 वर्ग किलोमीटर इलाके पर कब्जा कर लिया था। हालांकि रूस ने पलटवार किया और खोई हुई लगभग आधी जमीन को हासिल कर लिया है। हालांकि जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन का अभी भी एक बड़े रूसी इलाके पर कब्जा है। वह इसका इस्तेमाल रूस के साथ डील के लिए करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि हम उनकी जमीन के बदले अपनी जमीन हासिल करेंगे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि बदले में यक्रेन, रूस के कब्जे से कौन सा इलाका मांगेगा। जेलेंस्की ने इस सवाल के जवाब में कहा कि उनके लिए हर यूक्रेनी जमीन अहम है। फिलहाल उन्होंने किसी खास जगह के बारे में नहीं सोचा है।



## सिख दंगा के एक और केस में सज्जन कुमार दोषी, 18 फरवरी को सजा

**नई दिल्ली**। सिख दंगा के एक और केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दोषी करार दिया। कोर्ट 18 फरवरी को सजा सुनाएगी। इस मामले में 41 साल बाद फैसला आया है। यह केस 1984 सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार में 2 सिखों की हत्या से जुड़ा है। दिल्ली दंगों में सज्जन के खिलाफ 3 से ज्यादा केस चल रहे हैं। एक में वे बरी हो चुके हैं। इससे पहले दिसंबर 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन्हें हिंसा कराने और दंगा भड़काने का दोषी पाया था और उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फिलहाल सज्जन तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं। सज्जन कुमार के खिलाफ दंगा, हत्या और डकैती के आरोप में IPC की धारा 147, 149, 148, 302, 308, 323, 395, 397, 427, 436, 440 के तहत केस दर्ज किया गया था।

## केरल में रैगिंग, जूनियर्स के कपड़े उतारे, प्राइवेट पार्ट पर चोट पहुंचाई, पीड़ित चिल्लाए तो मुंह में लोशन भर दिया

**कोट्टायम**। केरल के एक सरकारी नर्सिंग कॉलेज में जूनियर्स के साथ रैगिंग का मामला सामने आया है। पांच सीनियर छात्रों ने 3 स्टूडेंट के पहले कपड़े उतारे। फिर उनके प्राइवेट पार्ट पर डंबल (भारी वजन) लटका दिया। सीनियर्स ने बाद में कंपास और नुकीली वस्तुओं से भी छात्रों को घायल किया। इसके बाद जख्म पर लोशन लगाया। ताकि दर्द और बढ़े। जब पीड़ित दर्द से चिल्लाने लगे, तो उनके मुंह में भी लोशन डाल दिया। यह घटना कोट्टायम के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में हुई। तीनों पीड़ित फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट हैं और तिरुवनंतपुरम के रहने वाले हैं। प्रताड़ना का वीडियो भी बनाया, फिर धमकी दी सीनियर्स ने पीड़ितों को नग्न करके उनकी रैगिंग का वीडियो भी बनाया। इसके साथ ही धमकी दी कि अगर उन्होंने इसकी रिपोर्ट करने की हिम्मत की तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। जिससे उनका शैक्षणिक भविष्य भी खतरे में पड़ जाएगा। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि सीनियर्स रविवार को जूनियर्स से शराब खरीदने के लिए पैसे वसूलते थे। जो लोग ऐसा करने से मना करते थे, उन्हें पीटा जाता था। एक छात्र, जो अब और उत्पीड़न सहन नहीं कर पाया, उसने अपने पिता को इसकी जानकारी दी। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पांचों आरोपी कॉलेज से निकाले गए, पुलिस ने अरेस्ट किया रैगिंग का मामला सामने आने के बाद आरोपी छात्रों को सस्पेंड कर दिया गया। उन्हें एंटी-रैगिंग अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। पांचों आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं और बुधवार दोपहर तक उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जा सकता है।

# भारत में बिना वीजा-पासपोर्ट एंट्री पर सख्त नियम बनेंगे

### सरकार नया बिल लाएगी, फर्जी डॉक्यूमेंट के साथ घुसने पर 7 साल सजा, 10 लाख जुर्माना

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत में बिना वीजा-पासपोर्ट एंट्री पर केंद्र सरकार सख्त कानून लाने जा रही है। अगर कोई विदेशी नागरिक वैध पासपोर्ट या वीजा के बिना भारत में प्रवेश करता है तो उसे पांच साल तक जेल और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। अगर कोई विदेशी फर्जी डॉक्यूमेंट के साथ भारत में प्रवेश करता है तो उसे यहां से निकाला जा सकता है। इसके अलावा 2 साल की जेल हो सकती है, जिसे 7 साल तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं, 1 लाख रुपए से 10 लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है।



**इन चार नियमों को क्लब करके एक बनाया जाएगाः** यह नियम इमिग्रेशन और फॉरेनर एक्ट, 2025 के तहत है, जिसे सरकार संसद के बजट सत्र में पेश करेंगी। इसका मकसद इमिग्रेशन और फॉरेनर से संबंधित सब्जेक्ट पर बने चार अलग नियम को एक करना है। नए नियम लागू होने के बाद फॉरेनर्स एक्ट 1946, पासपोर्ट एक्ट 1920, फॉरेनर्स रजिस्ट्रेशन एक्ट 1939 और इमिग्रेशन (करियर लायबिलिटी एक्ट) 2000 में बदलाव कर एक व्यापक कानून बनाया जाएगा।

**फिलहाल अवैध एंट्री पर 5 साल की सजा और जुर्मानाः** फिलहाल अवैध पासपोर्ट या वीजा के साथ यात्रा करने वाले विदेशियों को 5 साल की जेल और जुर्माना लगाया जाता है। फर्जी पासपोर्ट के साथ एंट्री करने वालों के लिए अधिकतम 8 साल की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है।

**नए बिल को चार पॉइंट्स में समझेंः** नए विधेयक में हायर एजुकेशन और यूनिवर्सिटी में एंट्री पाने वाले किसी भी फॉरेनर की जानकारी फॉरेनर रजिस्ट्रेशन अधिकारियों के साथ भी शेयर किया जाएगा। यह नियम उन सभी हॉस्पिटल, नर्सिंग होम और अन्य मेडिकल इंस्टिट्यूशंस पर भी लागू होगा, जिनके यहां रहने की सुविधा है। विधेयक प्रस्ताव के मुताबिक अगर कोई फॉरेनर व्यक्ति निर्धारित वीजा की अवधि से अधिक समय तक यहां रहता है, वीजा नियमों का उल्लंघन करता है या किसी रिस्ट्रिक्टेड एरिया में जाता है तो उसे 3 साल की सजा, 3 लाख रुपए का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। अगर किसी फॉरेनर के पास वैध पासपोर्ट या वीजा नहीं मिलता है तो उसके लिए लाने वाले को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। इमिग्रेशन अधिकारी उस फॉरेनर को लाने वाले पर 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लगा सकते हैं। प्रस्तावित विधेयक केंद्र सरकार को किसी फॉरेनर की एंट्री पर बैन करने, उसे भारत से बाहर जाने पर रोकने, किसी क्षेत्र में जाने से रोकने, अपने खर्च पर भारत से बाहर जाने और उसे अपना फोटो-बायोमैट्रिक्स लेने की अनुमति देता है।

# HAL बोला- जल्द होगी तेजस की डिलीवरी

एजेंसी, बेंगलुरु



♦ डिलिवरी में देरी के पीछे इंडस्ट्री को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था, लेकिन यह देरी तकनीकी खामी की वजह से हुई है

तेजस की डिलिवरी पर एयरफोर्स चीफ की चिंता के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड (HAL) ने बुधवार को जवाब दिया। HAL ने कहा कि हम जल्द ही वायुसेना को तेजस की डिलीवरी शुरू कर देंगे। HAL के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डीके सुनील ने कहा कि डिलिवरी में देरी के पीछे इंडस्ट्री को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था, लेकिन यह देरी तकनीकी खामी की वजह से हुई है। अब इसे दूर कर लिया गया है। HAL का बयान इसलिए आया है, क्योंकि बेंगलुरु एयर शो के दौरान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने तेजस की डिलीवरी पर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि वायुसेना को 40 फाइटर जेट्स अभी तक नहीं मिले। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि वायुसेना प्रमुख ने HAL के अधिकारियों से कहा था कि मुझे इस कंपनी पर भरोसा नहीं है।

**वायुसेना चीफ का VIDEO वायरल, पुष्टि नहींः** वायुसेना प्रमुख 10 फरवरी को बेंगलुरु एयरो इंडिया शो में पहुंचे थे। एक डिफेंस न्यूज पोर्टल ने एपी सिंह का वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किया। इस वीडियो में एयरचीफ मार्शल एपी सिंह HAL अधिकारियों के साथ बातचीत में अपनी नाराजगी जाहिर करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में एपी सिंह ने HAL से कहा कि वह वायुसेना की चिंताओं को दूर करें और अपनी विश्वसनीयता बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि आपको हमारी चिंताओं को दूर करना होगा और हमें अधिक आत्मविश्वास और भरोसा दिलाना होगा।

# गाजा के 2000 बीमार बच्चों को रखेगा जॉर्डन

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका दौरे पर गए जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला ने गाजा के 2000 बीमार बच्चों देश में रखने की बात कही है। मंगलवार को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बातचीत में उन्होंने इसका ऐलान किया। अब्दुल्ला ने कहा कि इनमें से कई बच्चों कैंसर से पीड़ित हैं या गंभीर हालात में हैं, उन्हें जितनी जल्दी हो सकेगा जॉर्डन ट्रांसफर किया जाएगा। इस फैसले को ट्रम्प ने खुशी जताई। दरअसल ट्रम्प गाजा से फिलिस्तीनियों को विस्थापित कर मिस्र और जॉर्डन में बसाना चाहते हैं। ट्रम्प ने ऐसा न करने पर दोनों देशों को मिलने वाली अमेरिकी मदद को रोकने की धमकी दी थी। हालांकि किंग अब्दुल्ला ने X पर पोस्ट कर फिलिस्तीनियों को जॉर्डन में बसाने का विरोध करते हुए इनकार किया। डोनाल्ड ट्रम्प पर गाजा से फिलिस्तीनियों को विस्थापित कर उस पर अमेरिका का कब्जा चाहते हैं। ट्रम्प यहां रिसॉर्ट सिटी बनाना चाहते हैं।



फिलिस्तानियों को देश में बसाने से इनकार किया, ट्रम्प ने मदद रोकने की धमकी दी थी

# नेतन्याहू की चेतावनी- हमास शनिवार तक बंधकों को रिहा करे, नहीं तो सीजफायर खत्म और जंग शुरू होगी

एजेंसी, तेल अवीव



इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि अगर हमास शनिवार दोपहर तक हमारे बंधकों को रिहा नहीं करता है तो सीजफायर खत्म हो जाएगा। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक नेतन्याहू ने अपनी सुरक्षा कैबिनेट के साथ 4 घंटे मीटिंग के बाद यह बयान दिया। हालांकि अभी साफ नहीं है कि नेतन्याहू ने सभी बंधकों की रिहाई बात की है, या शनिवार को रिहा होने वाले सिर्फ 3 बंधकों की।

इजराइली PM ने कहा कि हमास सीजफायर का उल्लंघन कर हमारे बंधकों को रिहा करने से इनकार रहा है। इसके मद्देनजर मैंने IDF को गाजा के आसपास सैनिकों की संख्या बढ़ाने का आदेश दिया है। अगर हमास ने शनिवार तक बंधकों को रिहा नहीं किया तो युद्ध विराम खत्म हो जाएगा। हमारी सेना फिर से जंग शुरू करेगी और यह तब तक चलेगी जब तक हमास का सफाया नहीं हो जाता। इजराइल के रक्षा मंत्री ने सेना को अलर्ट पर रहने और 'गाजा में किसी भी स्थिति' से निपटने के लिए तैयार रहने का आदेश दिया। इजराइली सेना ने गाजा डिवीजन के सैनिकों की सभी छुट्टियां रद्द कर दी हैं, जिससे संकेत मिलता है कि इजराइल फिर से युद्ध शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इससे पहले हमास ने आरोप लगाया था इजराइली सेना गाजा जाने वाली मदद को बीच में रोक कर सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। ऐसे में वो अगले आदेश तक बंधकों की रिहाई रोक देंगे।

**ट्रम्प की धमकी- हमास शनिवार तक सभी बंधक रिहा करेः** ट्रम्प ने मंगलवार को हमास के धमकी देते हुए कहा था कि अगर शनिवार तक इजराइली से किडनैप किए गए सभी

### सैनिकों को तैयार रहने का आदेश

बंधक रिहा नहीं हुए तो गाजा में सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। अगर शनिवार 12 बजे तक सभी बंधकों को नहीं लौटाया जाता है तो मुझे लगता है कि सीजफायर समझौते को रद्द कर देना चाहिए। इससे पहले उन्होंने गाजा पर कब्जा करके वहां सिटी रिसॉर्ट बनाने की बात कही थी। तब उनका कहना था कि फिलिस्तीनी लोगों को गाजा से विस्थापित करके जॉर्डन और मिस्र में बसाया जाना चाहिए।

**हमास बोला धमकी का कोई मतलब नहींः** ट्रम्प की धमकी पर भी हमास ने जवाब दिया है। हमास ने कहा कि अगर एक साथ सभी बंधकों की रिहाई होती है तो यह सीजफायर डील के खिलाफ होगा। हमास के एक सीनियर लीडर अबू जुहरी ने मंगलवार को कहा कि ट्रम्प को इस डील का सम्मान करना चाहिए। जूहरी ने कहा कि बंधकों की वापसी का यही एकमात्र यही तरीका है। धमकी का कोई मतलब नहीं है। इससे मामला और मुश्किल हो जाता है।

# मोदी की वापसी के बाद दिल्ली भाजपा विधायकों की बैठक, आज चुनाव की समीक्षा होगी

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के 4 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो सका है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 15 फरवरी को मोदी की फ्रांस-अमेरिका दौरे से वापसी के बाद रविवार को भाजपा के विधायक दल की बैठक हो सकती है। मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा में देरी के चलते AAP ने भाजपा में फूट का दावा किया है। आज भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक होगी। इस बैठक में 40 से ज्यादा विशेष समितियों के सदस्य, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, दिल्ली के सातों सांसद और अन्य नेता शामिल होंगे। बैठक में चुनाव नतीजे पर चर्चा होगी। चुनाव में 22 सीटों पर हार के कारणों पर भी मंथन हो सकता है।



**आप बोली- भाजपा में गुटबाजी, इसलिए सीएम तय नहीं कर पा रहेः** आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने विधायकों की नड्डा से मुलाकात पर कहा भाजपा में गुटबाजी के चल रही है।

इनके विधायक 10-10 के गुटों में एक साथ आ रहे हैं। ये आपस में ही लड़ रहे है हैं इसलिए भाजपा सीएम का नाम तय नहीं कर पा रही है। इस लड़ाई में दिल्ली के लोग पीड़ित हो रहे हैं।

**दिल्ली सीएम बनने को लेकर भाजपा नेताओं के बयानः** केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के बारे में फैसला भाजपा विधायक दल और संसदीय बोर्ड करेगा। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा भाजपा कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है। जब भी ऐसी स्थिति आती है, पार्टी की सीनियर लीडर ही फैसला लेते हैं।


♦ AAP बोली- भाजपा में फूट, CM नहीं तय कर पा रही

दिल्ली के मामले में भी ऐसा ही है। पार्टी की राष्ट्रीय लीडरशिप एक समर्पित भाजपा कार्यकर्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाएगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा। हमें चुनाव लड़वाने की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसे हमने पूरा करने की कोशिश की।

# महाराष्ट्र में GB सिंड्रोम के 33 दिन, मुंबई में पहली मौत

एजेंसी, पुणे/मुंबई

महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (GBS) का पहला मरीज 9 जनवरी को सामने आया था। 12 फरवरी तक यानि बीते 33 दिन 197 मरीज सामने आ चुके हैं। इसमें से 172 में सिंड्रोम की पुष्टि हो चुकी है। बुधवार को मुंबई में इस सिंड्रोम से पहली मौत हुई। यहां 53 साल के व्यक्ति की जान चली गई है। राज्य में मरने वालों की संख्या 8 हो गई है। वर्तमान में 50 मरीज ICU और 20 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। पुणे नगर निगम (PMC) से 40 मरीज पाए गए हैं। पीएमसी से जुड़े गांवों से 92 मरीज हैं। 29 पिंपरी चिंचवाड़ और 28 पुणे ग्रामीण से हैं। 8 मरीज अन्य जिलों से हैं। 50 आईसीयू में और 20 वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं।




♦ महाराष्ट्र में 8 की जान गई, 197 संदिग्ध मिले, 172 में इंफेक्शन की पुष्टि

**सबसे ज्यादा मरीज नांदेड़ सेः** एक अधिकारी के मुताबिक GB सिंड्रोम के सबसे ज्यादा मामले नांदेड़ के पास स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी से हैं। यहां पानी का सैंपल लिया गया था, जिसमें कैंपिलोबैक्टर जेजुनी पॉजिटिव पाया गया। यह पानी में होने वाला एक बैक्टीरिया है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (NIV) ने पुष्टि की है कि नांदेड़ और उसके आसपास के इलाकों में GB सिंड्रोम प्रदूषित पानी के कारण फैला है।

# राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन

एजेंसी, अयोध्या

अयोध्या में रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। बुधवार सुबह 7 बजे लखनऊ PGI में उन्होंने आखिरी सांस ली। 3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद उनको अयोध्या से लखनऊ रेफर किया गया था। आचार्य सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर अयोध्या के सत्य धाम गोपाल मंदिर आश्रम में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर सीएम योगी ने शोक जताया है। आचार्य सत्येंद्र दास को कल यानी 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे जल समाधि दी जाएगी। सत्येंद्र दास 32 साल से रामजन्मभूमि में बतौर मुख्य पुजारी सेवा दे रहे थे। 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी विध्वंस के समय वे रामलला को गोद में लेकर भागे थे। सत्येंद्र दास का जन्म संतकबीरनगर जिले में 20 मई, 1945 में हुआ था। यह जिला अयोध्या से 98 किमी दूर है। वे बचपन से ही भक्ति भाव में रहते थे। उनके पिता अक्सर अयोध्या जाया करते थे, वह भी अपने पिता के साथ अयोध्या घूमने जाते थे। अयोध्या में उनके पिता अभिराम दास जी के आश्रम में आते थे। सत्येंद्र दास भी अभिराम जी के आश्रम में आने लगे थे। अभिराम दास वही थे, जिन्होंने राम जन्मभूमि में 22-23 दिसंबर 1949 में गर्भगृह में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और सीता जी की मूर्तियों के प्रकट होने का दावा किया था।



### असम CM का सिंगापुर दौरा, रणनीतिक सहयोग पर बात हुई

# हिमंता की 8 सेमीकंडक्टर कंपनियों के प्रमुखों से चर्चा, राज्य में आने का न्योता दिया

एजेंसी, दिसपुर

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा 10 फरवरी को सिंगापुर पहुंचे। यहां उनकी सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शणमुगर्तनम से रणनीतिक सहयोग पर चर्चा हुई। हिमंता का चांगी एयरपोर्ट पर सिंगापुर में भारत के हाई कमिश्नर डॉ. शिल्पाक अंबुले ने वेलकम किया था। हिमंता और शणमुगर्तनम ने इंडो-सिंगापुर कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप की चर्चा हुई। असम सीएम ने बताया कि असम 2.0 के रोडमैप में सिंगापुर का अहम योगदान रहने वाला है। असम के मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से भी मुलाकात की और भारत की ईस्ट एशिया पॉलिसी के तहत दोनों देशों के मजबूत संबंध पर जोर दिया। सेमीकंडक्टर कंपनियों को असम में न्योता असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने 8 सेमीकंडक्टर कंपनियों के प्रमुखों से बात की। हिमंता ने इन कंपनियों को राज्य की इलेक्ट्रॉनिक सिटी जागीरोड में संभावनाएं तलाशने और सेमीकंडक्टर का इकोसिस्टम तैयार करने के लिए न्योता दिया। विष्य के शहरों और टाउनशिप पर भी चर्चा हिमंता ने एक टाउनशिप के CEO लो चेर एक से असम में चल रहे प्रोजेक्ट्स को लेकर भी चर्चा की।



दोनों ने भविष्य में असम में विकसित होने वाले शहरों और इंडस्ट्रियल टाउनशिप पर भी बात की। हिमंता ITE एजुकेशन सर्विस के कैंपस भी गए। यहां CEO सुरेश नटराजन और टीम से टेक्निकल एजुकेशन को लेकर चर्चा की। हिमंता सिंगापुर के एयरोस्पेस, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और इलेट्रॉनिक लेबोरेटरीज भी गए, जहां स्टूडेंट्स को खास स्किल्स सिखाई जाती हैं। हिमंता ने ITE से असम में वर्ल्ड स्किल सेंटर खोलने पर चर्चा की।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 13 फरवरी, 2025



# जसप्रीत बुमराह, यशस्वी चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुए, हर्षित राणा और वरुण शामिल

**एजेंसी, मुम्बई**




भारतीय क्रिकेट टीम 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना ही उतरेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण बुमराह को अंतिम टीम से बाहर कर दिया है। उनकी जगह युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को शामिल किया गया है। बुमराह के अलावा यशस्वी जायसवाल को भी टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया गया है। वरुण ने इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। बुमराह के नहीं खेलने से भारतीय टीम को झटका लगा है पर चयन समिति के पास उन्हें बाहर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। एक रिपोर्ट के अुनसार बुमराह को लेकर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर, कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच लंबी बातचीत हुई। इन तीनों ने ही राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख नितिन पटेल की उस रिपोर्ट पर बात की जिसमें कहा गया कि बुमराह ने अपना रिहैब पूरा कर लिया है और स्कैन रिपोर्ट ठीक लग रही है पर ये अभी नहीं कहा जा सकता है कि वह टूर्नामेंट शुरू होने तक पूरी तरह फिट होकर गेंदबाजी कर पाएंगे या नहीं। ऐसे में चयनकर्ता उनको लेकर कोई खतरा मौल नहीं लेना चाहते थे। बुमराह को पांच सप्ताह के लिए कार्यभार से मुक्त रखने को कहा गया है। एनसीए प्रमुख ने फैसला अगरकर पर छोड़ दिया था क्योंकि कोई भी अनफिट खिलाड़ी को टीम में रखना नहीं चाहेगा। अगर मेडिकल टीम किसी खिलाड़ी की फिटनेस को लेकर हरी झंडी नहीं देती है, तो चयन समिति भी उसे शामिल करने का जोखित नहीं ले सकती। अगरकर, गंभीर और कप्तान रोहित के बीच अहमदाबाद में हुई बैठक के दौरान इस बात पर विचार किया गया कि क्या वे चैंपियंस ट्रॉफी में अनफिट बुमराह को लेंगे या हर्षित को रखेंगे। बुमराह को रखने में एक खतरा ये था कि अगर वह मैच में चोटिल हो जाते तो और भी नुकसान होगा। इससे पहले साल 2022 में टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक सीरीज के लिए चेतन शर्मा की समिति ने बुमराह को खेलने का अवसर दिया गया था पर उसका परिणाम नुकसानदेह रहा था।

चैंपियंस ट्रॉफी, 2025 के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।

ट्रैवलिंग रिजर्वः मोहम्मद सिराज, शिवम दुबे और यशस्वी जयसवाल।

## इस साल आईसीसी ट्रॉफी जीत सकती है दक्षिण अफ्रीका : स्मिथ

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि इसी साल उनकी टीम आईसीसी ट्रॉफी जीत सकती है। दक्षिण अफ्रीका ने आज तक कोई भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीता है। स्मिथ ने कहा, 'उम्मीद है कि हम अपनी मेजबानी में साल 2027 में होने वाले विश्वकप से पहले ही कोई आईसीसी ट्रॉफी जीत लेगे। फिर चाहे वह चैम्पियंस ट्रॉफी हो या विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगले तीन साल में हम स्टेडियमों, पिचों और अपने क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर करने के प्रयास जारी रखेंगे जिससे 2027 एकदिवसीय विश्व कप को जीता जा सके। दक्षिण अफ्रीका चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी उतरेगी इसमें उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। ये पहली बार है जब दक्षिण अफ्रीकी टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची है।




स्मिथ ने उन बातों को अधारहीन बताया है जिसमें कहा गया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का दक्षिण अफ्रीका का सफर आसान रहा है। उन्होंने कहा, 'आजकल क्रिकेट में कोई सफर आसान नहीं होता। शुरू ही से सभी टीमों को पता था कि किसे किससे खेलना है। दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीतकर क्वालीफाई किया है। सभी को टेस्ट इकोसिस्टम देखना चाहिए कि वह कैसे काम करता है। वहीं लीग क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर स्मिथ ने कहा कि टी20 क्रिकेट का बढ़ना तय है पर सभी सदस्य देशों को मिलकर ऐसा मॉडल बनाना होगा कि बाकी प्रारूप भी सुरक्षित रहें। साथ ही कहा कि , 'मैं चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट मजबूत रहे और अगर छह सात देशों में भी रह गया तो काफी प्रतिस्पर्धी होगा और मजबूत भी बना रहेगा। दुनिया भर में शुरू हो रही फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट के अस्तित्व को बचाये रखने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट ने अमेरिका और दूसरे क्षेत्रों में नये दर्शक दिए हैं और अब हम आने वाले समय में इसे ओलंपिक में भी देखेंगे। इसने काफी दर्शक जोड़े हैं। मुझे लगता है कि फ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट में अंत में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ तीन चार लीग बचेंगी और शायद एक टू टियर सिस्टम। भविष्य में सभी सदस्य देशों को साथ मिलकर एक दूसरे की लीग को मजबूत बनाना होगा।

उन्होंने कहा कि शेड्यूलिंग भी अहम है इससे राजस्व का प्रवाह बना रहता है। वहीं अगर ऐसा नहीं होता है तो टेस्ट क्रिकेट में दबाव आ जाएगा। उन्होंने कहा, 'अगर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश एक दूसरे से ही खेलते रहे और अफ्रीकी या दूसरे देशों से नहीं खेलेंगे तो उनके लिए राजस्व हासिल करना कठिन हो जाएगा क्योंकि टेस्ट क्रिकेट पर अभी पहले से ही काफी दबाव है।

## अनिल कुंबले ने पत्नी चेतना के साथ संगम में लगाई डुबकी

**एजेंसी, प्रयागराज**


भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने पत्नी चेतना रामतीर्था के साथ माघ पूर्णिमा के अवसर संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद दोनो ने सूर्य को अर्घ्य दिया और पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने नाव पर सवार होकर खींची तस्वीरें सोशल मीडिया में साझा कीं। इसमें माघ पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रमा की छवि भी नजर आ रही है। इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बने कुंबले महाकुम्भ की भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत दिखे। कुंबले ने संगम स्नान के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। उन्होंने अपनी तस्वीरों के साथ केवल एक शब्द लिखा 'आशीर्वाद। इससे उनका तात्पर्य यही था कि त्रिवेणी संगम में स्नान कर उन्हें भी पुण्य की प्राप्ति हुई और तीर्थराज प्रयागराज का आशीष मिला है। कुंबले मंगलवार को ही प्रयागराज पहुंच गए थे। हालांकि त्रिवेणी स्नान के लिए उन्होंने माघ पूर्णिमा का पावन दिन चुना। इस दिन महाकुम्भ में वीवीआईपी प्रोटोकॉल जारी नहीं होता। इसलिए व सामान्य श्रद्धालु की तरह नाव पर सवार होकर त्रिवेणी संगम पहुंचे और संगम में स्नान किया।



## जसप्रीत बुमराह को इसलिए चैम्पियंस ट्रॉफी में शामिल नहीं किया गया

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गये हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने बुमराह को इसलिए शामिल नहीं किया क्योंकि वह किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं लेना चाहती थी। चयन समिति को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने जो रिपोर्ट दी उसमें कहा कि बुमराह अपनी पीट की एंठन से उबर गये हैं पर टूर्नामेंट शुरु होने से पहले वह पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। ये कहा नहीं जा सकता है। ऐसे में चयनसमिति उन्हें शामिल कर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती थी। मेडिकल रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि तेज गेंदबाज




ने अपना रिहैब पूरा कर लिया है हालांकि, बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की मेडिकल टीम यह पुष्टि नहीं कर सकी कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में गेंदबाजी के लिए तैयार हो पाएंगे या नहीं। ऐसे में अगरकर को अंतिम फैसला लेना था। अगरकर ने बुमराह की एक एक फिट युवा हर्षित राणा को शामिल करना ज्यादा बेहतर समझा। रिपोर्ट के अनुसार अगरकर बुमराह की फिटनेस को खतरे में नहीं डालना चाहते थे। बुमराह 2022 में पहले ही पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी करवा चुके हैं। उन्हें सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम टेस्ट में गेंदबाजी करते समय एक और चोट लग गई। वह पहली पारी में 10 ओवर फेंकने के बाद बाहर हो गए थे। उन्हें एक महीने का पूरा आराम दिया गया। बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पूरी सफेद गेंद की घरेलू सीरीज के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।


बुमराह को 5 सप्ताह के लिए आराम करने के लिए कहा गया था, जिसके बाद एनसीए में उनका रिहैब स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग ट्रेनर रजनीकांत और फिजियो तुलसी की देखरेख में हुआ। एनसीए ने कहा कि बुमराह की मेडिकल रिपोर्ट ठीक है, अधिकारी ने यह भी पुष्टि की कि बुमराह की स्कैन रिपोर्ट ठीक थी, लेकिन एनसीए प्रमुख नितिन पटेल ने अगरकर पर अंतिम निर्णय छोड़ दिया क्योंकि बुमराह का मैच की स्थिति में परीक्षण नहीं किया गया था। पटेल की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उन्होंने अपना रिहैब पूरा कर लिया है और स्कैन रिपोर्ट ठीक लग रही है पर ये नहीं कहा जा सकता है कि टूर्नामेंट शुरू होने तक वह गेंदबाजी के लिए फिट होंगे या नहीं। इसलिए चयनकर्ताओं ने कोई जोखिम नहीं लिया।

## रणतुंगा ने कहा, गावस्कर, वेंगसरकर और द्रविड़ से सलाह लें विराट

### बोले भारत की इस वर्तमान टीम को तीन दिन में हरा देते

**एजेंसी, कोलंबो**


श्रीलंका के पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा ने भारतीय क्रिकेट टी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की खराब फॉर्म को लेकर कहा है कि उन्हें पूर्व क्रिकेटरों उन्हें सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों से सलाह लेनी चाहिये। विराट पिछले कुछ समय से रन बनाने में विफल रहे हैं। भारतीय टेस्ट टीम के लिए विराट के अलावा कप्तान रोहित शर्मा का खराब फार्म भी परेशानी का कारण बना है। इसी को लेकर रणतुंगा ने कहा कोहली अगर सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर या राहुल द्रविड़ जैसे लोगों से बात करें तो अन्हें अवश्य ही लाभ होगा। रणतुंगा ने भारतीय क्रिकेट टीम के हाल के खराब फार्म की जमकर आलोचना की है। रणतुंगा ने कहा कि हमारी 1996 की विश्व कप विजेता टीम वर्तमान भारतीय टीम को तीन दिनों में ही हरा देती। भारतीय टीम को टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था इसके बाद उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भी हार झेलनी पड़ी। रणतुंगा ने कहा, वास और मुरली जैसे गेंदबाजों वाली मेरी टीम भारतीय टीम को तीन दिनों में ही हरा देती। राणातुंगा की कप्तानी में हालांकि श्रीलंकाई टीम भारत को एक भी टेस्ट में नहीं हरा पाई। 13 मैचों में उन्हें 5 हार मिली। श्रीलंका की टीम ने 1982 में पहली बार भारत में आकर टेस्ट खेला था। तब से अभी तक दोनों टीमों के बीच भारत में 22 मुकाबले हुए हैं। इसमें श्रीलंका को एक भी जीत नहीं मिली है।



## राष्ट्रीय खेलः कयाकिंग और कैनोइंग मुकाबलों के पहले दिन उत्तराखंड के खिलाड़ियों का जलवा

**एजेंसी, टिहरी**

38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत कयाकिंग और कैनोइंग (स्प्रिंट) मुकाबलों का पहला दिन रोमांचक रहा। उत्तराखंड के टिहरी स्थित वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में देशभर के खिलाड़ियों ने अपनी गति और संतुलन का शानदार प्रदर्शन किया। पहले दिन की प्रमुख स्पर्धाओं में उत्तराखंड, सर्विसेज और मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया।




**के-1 पुरुष 1000 मीटरः उत्तराखंड के प्रभात कुमार ने जीता स्वर्ण** : के-1 पुरुष 1000 मीटर स्पर्धा में उत्तराखंड के प्रभात कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 03:49.81 मिनट के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। सर्विसेज के एल. नाओचा सिंह 03:50.60 मिनट में रेस पूरी कर रजत पदक हासिल किया, जबकि दिल्ली के दीपक प्रजापति ने 03:51.58 मिनट में रेस पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

**सी-1 पुरुष 1000 मीटरः** सर्विसेज के ज्ञानेश्वर सिंह ने मारी बाजी, सी-1 पुरुष 1000 मीटर स्पर्धा में सर्विसेज के पीएच ज्ञानेश्वर सिंह ने 04:05.271 मिनट में रेस पूरी कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। मध्य प्रदेश के अरविंद वर्मा ने 04:05.968 मिनट में रजत पदक जीता, जबकि हरियाणा के हर्ष ने 04:11.015 मिनट के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।


**सी-1 महिला 200 मीटरः उत्तराखंड की मीरा दास का स्वर्णिम प्रदर्शन** : सी-1 महिला 200 मीटर स्पर्धा में उत्तराखंड की मीरा दास ने 50.703 सेकंड में रेस पूरी कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। सर्विसेज की एल. नेहा देवी 51.247 सेकंड के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहीं, जबकि ओडिशा की रसमिता साहू ने 51.288 सेकंड में रेस पूरी कर कांस्य पदक प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन हुए पदक समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत कर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## राष्ट्रीय खेल : टेबल टेनिस मिश्रित डबल्स में दिखा रोमांच, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल ने किया दमदार प्रदर्शन

**एजेंसी, देहरादून**

38वें राष्ट्रीय खेलों में टेबल टेनिस के मिश्रित डबल्स मुकाबले रोमांच से भरपूर रहे। पारेड ग्राउंड के मल्टी पर्पस हॉल में हुए इन मैचों में खिलाड़ियों ने अपने कौशल और जुझारूपन का शानदार प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में पश्चिम बंगाल के अनिर्बान घोष और अहीका मुखर्जी ने तमिलनाडु के अमलराज एंथनी और शिवशंकर एंथनी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। तमिलनाडु की जोड़ी ने पहला सेट 7-11 से जीता, लेकिन इसके बाद पश्चिम बंगाल ने 11-3, 11-6 और 11-4 से लगातार तीन सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।




दूसरे मुकाबले में महाराष्ट्र की कश मोदी और तनीषा कोटेचा ने पश्चिम बंगाल के रोनित भंजा और सुत्रीथा मुखर्जी को हराया। पहला सेट पश्चिम बंगाल की जोड़ी ने 13-15 से जीता, लेकिन कश और तनीषा ने दमदार वापसी करते हुए 11-3, 11-8 और 11-4 से तीन सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

तीसरे मुकाबले में महाराष्ट्र के अल्बुकर्क रेगन और स्वस्तिका घोष ने पश्चिम बंगाल के आकाश पाल और पॉयमाम्टी बैसिया को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया। पहले दो सेट महाराष्ट्र ने 11-7 और 11-5 से जीते, लेकिन पश्चिम बंगाल की जोड़ी ने 7-11 और 8-11 से वापसी कर ली। हालांकि, निर्णायक सेट में महाराष्ट्र ने 11-8 से जीत दर्ज की।


चौथे और अंतिम मुकाबले में महाराष्ट्र के चिनमय सोमैया और रीथ ऋष्या ने तमिलनाडु के सथियान ज्ञानसेकरन और सेलेना दीप्ती सेल्वकुमार को हराया। तमिलनाडु ने पहला सेट 5-11 से जीता, लेकिन महाराष्ट्र ने दूसरे सेट में 11-9 से बराबरी कर ली। इसके बाद तमिलनाडु ने 9-11 से बढ़त बनाई, लेकिन महाराष्ट्र ने अगले दो सेट 11-4 और 11-7 से जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। टेबल टेनिस के इन रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को बेहद उत्साहित किया और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत व खेल के प्रति जुनून की झलक पेश की।

## 'मौली संवाद' : खेल करियर और गैर-सर्जिकल उपचार पर विशेषज्ञों की चर्चा

**एजेंसी, देहरादून**

38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत आयोजित 'मौली संवाद' में खेलों में करियर, उद्योग में उपलब्ध अवसरों और चोटों के गैर-सर्जिकल उपचार पर गहन चर्चा हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल जगत में नए अवसरों से परिचित कराना और इस क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों को समझाना था। पहले सत्र का विषय "खेल से आगेः शिक्षा, करियर और अवसर" था। इस सत्र का संचालन मार्केटिंग प्रोफेशनल और नेशनल एशियन चैंपियन प्रतीक सोनवाने ने किया। उन्होंने खेलों को सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक आर्थिक शक्ति बताया। इस सत्र में स्पोर्ट्स इंडिया के प्रमुख नील शाह, Mizaki की को-फाउंडर और Emami की सीईओ नम्रता पारेख, कार्यक्रम निदेशक अरुण कार्तिक और ब्रॉडकास्टिंग हेड गौरव गाला शामिल हुए। नील शाह ने खेलों में करियर बनाने के लिए मेहनत और सही ज्ञान को आवश्यक बताया। नम्रता पारेख ने खेल मार्केटिंग को तेजी से बढ़ता क्षेत्र बताते हुए कहा कि अनुभव केवल किताबों से नहीं, बल्कि खुद मेहनत करके मिलता है। अरुण कार्तिक ने अमेरिका और भारत की तुलना करते हुए कहा कि यदि कॉलेज स्तर पर खेलों को बढ़ावा दिया जाए, तो खेल उद्योग में नौकरियों के नए अवसर खुल सकते हैं। वहीं, गौरव गाला ने खेल मीडिया और कंटेंट क्रिएशन के बढ़ते अवसरों पर चर्चा की। विशेषज्ञों से जब खेल उद्योग में सफलता के लिए आवश्यक कौशलों के बारे में पूछा गया, तो नील शाह ने संचार कौशल, अरुण कार्तिक ने नेटवर्किंग, नम्रता पारेख ने उद्यमिता, और गौरव गाला ने आत्मविश्वास को सबसे महत्वपूर्ण बताया।





# फ्रेशर हैं तो इंटरव्यू के दौरान ये टिप्स दिला सकती है नौकरी

एक फ्रेशर के लिए जॉब पाना काफी कठिन हो सकता है। लेकिन अगर आप इंटरव्यू के दौरान कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाते हैं तो इससे आपके लिए जॉब पाना काफी आसान हो जाएगा।

एक अच्छी जॉब पाना बहुत मुश्किल होता है। अक्सर एक्सपीरियंस लोगों के लिए भी मनपसंद जॉब के लिए इंटरव्यू क्रैक करना इतना आसान नहीं होता है। ऐसे में बतौर फ्रेशर इंटरव्यूअर को इंप्रेस करके जॉब पाना यकीनन एक जंग को जीतने से कम नहीं है। अक्सर ऐसा होता है कि फ्रेशर कई कंपनियों में जॉब के लिए अप्लाई करते हैं, लेकिन इंटरव्यू के वह पीछे रह जाते हैं और उन्हें अच्छी जॉब मिलते-मिलते रह जाती है।हो सकता है कि आपके साथ भी अक्सर ऐसा होता हो। ऐसे में आपको बहुत अधिक निराशा होती है। लेकिन अगर आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाते हैं तो इससे फ्रेशर होने के बाद भी इंटरव्यू क्रैक करना और जॉब हासिल करना आपके लिए काफी आसान हो जाता है।

## दिखें प्रेजेंटेबल

अगर आप चाहते हैं कि इंटरव्यू में आपका अच्छा इंप्रेशन मिले तो ऐसे में आपको प्रेजेंटेबल दिखना बेहद जरूरी है। इसलिए, जब आपके पास इंटरव्यू के लिए कॉल आती है तो आप ड्रेस कोड के अनुसार कपड़े खरीदें। आप कंपनी की पॉलिसी को ध्यान में रखकर कपड़े चुन सकती हैं। आप कपड़ों को अच्छी तरह आयरन करने के अलावा अपने जूतों को भी पॉलिश करें। अगर आपका इंटरव्यू ऑनलाइन (ऑनलाइन शॉपिंग) है तो भी आप ड्रेस कोड के अनुसार कपड़े पहनना ना भूलें।

## कंपनी के बारे में करें रिसर्च

अक्सर एक फ्रेशर इंटरव्यू में इसलिए भी मात खा जाते हैं, क्योंकि जब इंटरव्यूअर उनसे कंपनी के बारे में कुछ सवाल करते हैं तो उन्हें इसके बारे में पता नहीं होता है। इसलिए, अगर आपको किसी कंपनी से इंटरव्यू कॉल आई है तो आप पहले कंपनी के बारे में पूरी तरह से रिसर्च करें। आप कंपनी के प्रोडक्ट या सर्विस के अलावा उनके करंट क्लाइंट, ग्रोथ रिकॉर्ड व उनके गोल्स के बारे में जानने की कोशिश करें।

## बॉडी लैंग्वेज को करें मेंटेंन

इंटरव्यू के दौरान आपकी बॉडी लैंग्वेज भी बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। आप इंटरव्यू के दौरान किस तरह बैठते हैं, किस तरह बात करते हैं, इससे सामने वाले व्यक्ति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। आपका बॉडी लैंग्वेज आपके कॉन्फिडेंस (कॉन्फिडेंस टिप्स)को दिखाता है। जिससे आपको जॉब मिलने के चांसेस काफी बढ़ जाते हैं। इसलिए, बिना किसी झिझक के आंख मिलाएं। साथ ही बैठते समय बहुत झुककर न बैठें। बात करते हुए आपके चेहरे पर हल्की मुस्कान आपको अधिक कॉन्फिडेंट बनाती है।

## डॉक्यूमेंट को रखें एक्स्ट्रा सेट

जब आप इंटरव्यू के लिए जा रहे हैं तो ऐसे में कोशिश करें कि आप अपने सभी जरूरी डॉक्यूमेंट के 2 या 3 एक्स्ट्रा सेट जरूर रखें। हो सकता है कि इंटरव्यू के दौरान एचआर द्वारा आपसे आपके बायोडाटा की हार्ड कॉपी मांग लें। ऐसे में अगर आपके पास अतिरिक्त कॉपी होगी तो आपके लिए काफी फायदा होगा।

इंटरव्यू के बाद करें फॉलो अप

इंटरव्यू के बाद यह बेहद जरूरी है कि आप बाद में आप फॉलो अप ई-मेल जरूर भेजें। जिसमें आप थैंक्यू के साथ-साथ फॉलोअप लें। इससे आपका एक अच्छा इंप्रेशन पड़ता है। कोशिश करें कि आप इस ईमेल को जॉब इंटरव्यू के 24 घंटों के भीतर भेजें ताकि इंटरव्यूअर को आप याद रख पाएं। हो सकता है कि इससे आपको जॉब मिलने के चांसेस काफी अधिक बढ़ जाएं।



# जॉब इंटरव्यू में स्ट्रेंथ और वीकनेस पूछने पर, क्या देना चाहिए जवाब?

जब हम नई नौकरी के लिए इंटरव्यू देने जाते हैं, तो हमसे कई तरह के सवाल पूछे जाते हैं। वहीं कुछ सवाल काफी पेचीदा होते हैं, जैसे- आपकी स्ट्रेन्थ और वीकनेस क्या है? इस सवाल का जवाब कई लोग सही से नहीं दे पाते हैं और उन्हें नौकरी से हाथ धोना पड़ जाता है।

हर किसी को नौकरी पाने के लिए इंटरव्यू देना पड़ता है। इंटरव्यू में अगर आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो आपकी जॉब पक्की हो जाती है। वहीं, कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से आप नई नौकरी से हाथ धो बैठते हैं। इंटरव्यू के दौरान कई तरह के सवाल पूछे जाते हैं, जिसमें से एक सवाल अक्सर कैंडिडेट को परेशान करता है। जब रिक्रूटर आपसे पूछता है कि Whats Your Strength And Weaknesses यानी आपकी ताकत और कमजोरी क्या हैं? कई बार लोग इस सवाल का जवाब अच्छे से नहीं दे पाते हैं और कुछ को तो समझ ही नहीं आता है कि इसका जवाब क्या देना है?

दरअसल, रिक्रूटर यह सवाल इसलिए करते हैं, क्योंकि वह देखना चाहते हैं कि आप कितने सेल्फ-अवेयर हैं। आप अपनी स्ट्रेन्थ और अपनी कमजोरियों को कितना अच्छे से जानते हैं। दूसरी बात, वे यह भी चेक करते हैं कि आपकी स्ट्रेन्थ नई नौकरी के साथ कितना ज्यादा मैच करती है। वहीं, कमजोरियां पर बात इसलिए करते हैं, क्योंकि वे देखते हैं कि आप पर्सनल ग्रोथ और प्रॉब्लम सॉल्विंग के लिए किस तरह से काम करते हैं।

## इंटरव्यू में फ्रेशर्स अपनी स्ट्रेन्थ के बारे में क्या बताएं?

अगर आप एक फ्रेशर हैं और आपके पास किसी तरह का एक्सपीरियंस नहीं है, तो चिंता न करें। आप इंटरव्यू में स्ट्रेन्थ यानी अपनी खूबियों के बारे में पूछने पर इन टिप्स को फॉलो करें।

**सीखने की उत्सुकता**- इंटरव्यू में आपकी ताकत पूछे जाने पर आपको जवाब देना है कि आप सीखने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और नई नॉलेज को हमेशा स्वीकार करने के लिए खुले रहते हैं।

**फ्लैक्सिबिलिटी और एडैप्टिबिलिटी**- आपको बोलना होगा कि आप नई जगह पर आराम से तालमेल बिठा सकते हैं। नए सॉफ्टवेयर और प्रोसेस को सीखने के लिए तैयार रहते हैं।

**स्ट्रॉन्ग वर्क एथिक्स**- आप हमेशा खुद को साबित करने के लिए उत्साहित बने रहते हैं। आपको कहना होगा कि आप अपने टास्क को डेडलाइन से पहले और क्वालिटी वर्क देने में काफी अच्छे हैं।

**कम्युनिकेशन और टीमवर्क**- इंटरव्यू में जब फ्रेशर्स से पूछा जाता है कि आपकी स्ट्रेन्थ क्या है, तो आपको जवाब देना होगा कि मैंने कॉलेज और कई कॉलेज प्रोजेक्ट्स में लीड किया है। मैं कम्युनिकेशन में और टीम के साथ मिलकर काम करने में अच्छा हूं।

**टेक्निकल स्किल्स**- फ्रेशर्स को अपनी टेक्निकल स्किल्स स्ट्रेन्थ के रूप में जरूर हाइलाइट करनी चाहिए। अगर आपको कोई सॉफ्टवेयर, प्रोग्रामिंग लैग्वेंज या डिजायन टूल आता है, तो उसके बारे में बताएं।

## अनुभवी प्रोफेशनल्स को कैसे देना चाहिए Tell Me About Your Strengths का जवाब?

- अगर आप अनुभवी प्रोफेशनल हैं, तो आपको Tell Me About Your Strengths के सवाल के पीछे के उद्देश्य को समझना होगा। अपनी स्ट्रेन्थ के लिए STAR (सिचुएशन, टास्क, एक्शन और रिजल्ट) मैथेड के साथ जवाब देना होगा।
- अपनी स्ट्रेन्थ में टेक्निकल स्किल्स, एनालिटिकल स्किल्स और सॉफ्टवेयर टूल्स में प्रोफिशियंसी को शामिल करना होगा।
- आपको कहना होगा कि मैं बहुत ऑर्गनाइज्ड हूं। मैंने अपनी पिछली कंपनी में एक नए मैनेजमेंट टूल को बनाया था, जिसकी वजह से हमारा काम 20 फीसदी तक आसान हो गया था।
- आपको बिना ईगो के कहना होगा कि मैं किसी भी टीम में सबसे अच्छा कम्युनिकेटर हूं।
- मेरी ताकत मल्टीटास्किंग है और मैं आउट ऑफ द बॉक्स सोचने की क्षमता रखता हूं।

## इंटरव्यू में Tell Me About Your Weaknesses बताने का तरीका

- जब आपसे रिक्रूटर पूछता है कि आपकी वीकेनस क्या है? तब आपको ध्यान रखना होगा कि जिस नौकरी के लिए आपने आवेदन किया है, उसके लिए यह हानिकारक न हो।
- मैंने देखा कि मैं किसी प्रोजेक्ट को बेहतर बनाने के लिए उसकी डिटेलिंग पर चला जाता हूं, जिसकी वजह से उन कामों को खत्म करने में ज्यादा समय लग जाता है। हालांकि, मैंने अपनी इस कमजोरी पर काम करना शुरू कर दिया है। मैं समय-सीमा निर्धारित करके ही काम को शुरू और खत्म करता हूं।
- मैं परफेक्शन के साथ काम करना पसंद करता हूं। हालांकि, कई बार प्रोजेक्ट को समय पर डिलीवर करने में देरी भी हो जाती है, क्योंकि मैं हर काम में अपना बेस्ट देने की कोशिश करता हूं।
- मैं दूसरों को काम सौंपने की जगह खुद काम करने पर भरोसा करता हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि काम सही ढंग से किया जाना जरूरी है। हालांकि, मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए और अपनी टीम पर भरोसा रखना चाहिए।
- हमेशा अपनी कमजोरियां बताते समय ज्यादा निगेटिव होने से बचें। अपनी एबिलिटी में सुधार करने के लिए विनम्रता और कॉन्फिडेंस के साथ बैलेंस बनाकर चलें। आपका यह नजरिया ईमानदारी, ग्रोथ मेंटलिटी और प्रोफेशनलिज्म को दिखाता है।

# विदेश जाकर करना चाहते हैं मीडिया की पढ़ाई, तो ये रहे टॉप 5 यूनिवर्सिटी

**मीडिया की पढ़ाई के लिए अगर आप विदेश के किसी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेना चाहती हैं, तो इस आर्टिकल से आइडिया ले सकती हैं। यहां पर मास कम्युनिकेशन और जर्नलिज्म की पढ़ाई के लिए कुछ यूनिवर्सिटी के बारे में बता गया है।**

मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है और इसमें एंट्री लेने के लिए कैंडिडेट को मास कम्युनिकेशन का कोर्स करना अनिवार्य होता है। अगर आप विदेश जाकर मीडिया की पढ़ाई करना चाहती हैं और अपने करियर को एक नया आयाम देना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। यहां हम आपको मास कम्युनिकेशन व जर्नलिज्म की पढ़ाई के लिए बेहतरीन फॉरेन कॉलेज के बारे में बताने वाले हैं। पत्रकारिता की पढ़ाई करके छात्रों को मीडिया के विभिन्न रूपों जैसे प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया आदि के बारे में सीखने का मौका मिलेगा। खास बात यह है कि इस कोर्स को करने से आपके अंदर समाचार, फिल्म निर्माण, लेखन, जनसंपर्क और अन्य क्षेत्रों में एक जाने का मौका मिल सकता है। यदि आप इस बात को लेकर कंफ्यूज हैं कि पाठ्यक्रम की पढ़ाई के लिए आपको कौन सा कॉलेज और देश चुनना चाहिए, तो यहां इसकी पढ़ाई के लिए विदेश के टॉप 5 कॉलेजों के बारे में जानकारी दी गई है।

## एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय

एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय में पत्रकारिता और मीडिया अध्ययन का अध्ययन करें, जहां कार्यक्रम व्यावहारिक अनुभव के साथ सैद्धांतिक नींव को जोड़ते हैं। अपना अंतर्राष्ट्रीय करियर शुरू करने के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर और विनिमय कार्यक्रमों में से चुनें।

## पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय

पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय का एनेनबर्ग स्कूल फॉर कम्युनिकेशन पत्रकारिता और संचार में कार्यक्रमों का एक सेट प्रदान करता है। छात्र व्यावहारिक कौशल के साथ सैद्धांतिक नींव को मिलाकर एक व्यापक शिक्षा प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम मीडिया, संचार और सामाजिक गतिशीलता के बीच जटिल संबंधों की जांच करते हैं।

## न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय

न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय का आर्थर एल. कार्टर पत्रकारिता संस्थान पत्रकारिता, मीडिया अध्ययन और संचार में असाधारण कार्यक्रम प्रदान करता है। पुरस्कार विजेता संकाय के नेतृत्व में, हमारे कार्यक्रम छात्रों को रिपोर्टिंग, लेखन, मल्टीमीडिया उत्पादन और उससे आगे के कौशल से लैस करते हैं।

## सिंगापुर का राष्ट्रीय विश्वविद्यालय

इंटरैक्टिव मीडिया डिज़ाइन, मीडिया अध्ययन और लिंग और सांस्कृतिक अध्ययन में विदेश में अध्ययन के अवसरों के लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर दक्षिण पूर्व एशिया में अग्रणी है। संचार और नया मीडिया विभाग महत्वाकांक्षी पत्रकारों को बहुमुखी पेशेवरों के रूप में विकसित करता है, जो विविध मीडिया और संचार वातावरण में फलने-फूलने के लिए अच्छा विकल्प है।

## दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय

विदेश में पत्रकारिता और संचार में शीर्ष स्तर की शिक्षा के लिए लॉस एंजिल्स में दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के एनेनबर्ग स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म पर विचार करें। राजनयिक वाल्टर एनेनबर्ग के नाम पर रखा गया यह एक प्रतिष्ठित संस्थान, प्रतिष्ठित एनेनबर्ग स्कूल के माध्यम से स्नातक और परास्नातक पत्रकारिता कार्यक्रम प्रदान करता है।





# फ्रीलांसर से लेकर डिजाइनर तक ये हैं कॉलेज में पढ़ने वालों के लिए 5 बेहतरीन जॉब्स

कॉलेज के छात्र होने के कारण अक्सर आपका बजट कम रहता है। अक्सर लोगों सो पढ़ाई के सिलसिले में दूसरे शहर में रहना पड़ता है। ऐसे में कॉलेज फीस के साथ कई अन्य खर्चे भी जुड़ जाते हैं। सिर्फ बिल और किराने का सामान ही खर्च नहीं होता है जो आपको उठाना पड़ता है, बल्कि कई सारे अलग खर्च भी होते हैं। ऐसे मामलों में, आपको एक साइड इनकम की जरूरत होती है, जो आपको कुछ अतिरिक्त पैसे कमाने में मदद करे। अगर आपके पास कॉलेज के बाद कुछ खाली समय है और आपके पास कुछ स्किल भी है, तो कुछ साइड जॉब्स करके आप अपने आय का एक बढ़िया जरिया ढूंढ सकते हैं।

## फीलांसर के रूप में जॉब

अंग्रेजी, पत्रकारिता, संचार या संबंधित क्षेत्रों में पढ़ाई करने वाले कॉलेज के छात्रों के लिए, फीलांस लेखन एक उपयुक्त और आकर्षक साइड हसल हो सकता है। यदि आपके पास मजबूत लेखन कौशल है, तो आप अपवर्क जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर खोज कर सकते हैं, जहां क्लाइंट ब्लॉग पोस्ट, लेख और वेबसाइट कॉपी सहित आकर्षक सामग्री तैयार करने के लिए कुशल लेखकों की तलाश करते हैं। भले ही आप तकनीकी क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे हों, आप तकनीकी लेखन या संपादन परियोजनाओं को सुरक्षित करने के लिए अपने विशेष ज्ञान का लाभ उठा सकते हैं।

## ग्राफिक डिजाइनर

अगर आपको डिज़ाइन का शौक है, तो इसे फीलांस ग्राफ़िक डिज़ाइनर के रूप में आकर्षक साइड हसल में बदलने पर विचार करें। इस रचनात्मक प्रयास में क्लाइंट के लिए विजुअल कंटेंट तैयार करना शामिल है, जिसमें लोगो और बैनर से लेकर सोशल मीडिया ग्राफ़िक्स और उससे भी आगे की चीज़ें शामिल हैं। आप टी-शर्ट और हैट जैसे मर्चेंडाइज़ के लिए डिज़ाइनिंग भी कर सकते हैं या अपनी खुद की कलाकृति भी बेच सकते हैं। ग्राफ़िक डिज़ाइन, विजुअल आर्ट्स या इससे संबंधित क्षेत्रों में पढ़ाई करने वाले छात्र इस साइड हसल को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए अपने कौशल और ज्ञान का लाभ उठा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

यदि आप किसी विशेष विषय में उत्कृष्ट हैं, तो ऑनलाइन ट्यूशन के माध्यम से अपनी विशेषज्ञता साझा करने पर विचार करें। यह अंशकालिक अवसर आपको अपने शेड्यूल के अनुसार काम करते हुए एक अच्छी आय अर्जित करने की अनुमति देता है। हालाँकि कोई विशिष्ट प्रमुख आवश्यकताएँ नहीं हैं, लेकिन विषय वस्तु पर अच्छी पकड़ होना आवश्यक है। गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, इतिहास या शिक्षा जैसे विषयों में प्रमुखता रखने वाले छात्र ट्यूशन सेवाएँ प्रदान करने के लिए अपने ज्ञान का लाभ उठा सकते हैं। आप मार्गदर्शन की आवश्यकता वाले हाई स्कूल के छात्रों से जुड़ सकते हैं और दुनिया भर के छात्रों को पढ़ा सकते हैं। ऑनलाइन ट्यूशन एक लचीला और संतोषजनक साइड जॉब है जो आपको अपना ज्ञान प्रदान करने और दूसरों को सफल होने में मदद करने में सक्षम बनाता है।



# तंडेल में नागा चैतन्य का अभिनय देख भावुक हुए नागार्जुन



नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत बहुप्रतीक्षित तेलुगु फिल्म तंडेल आखिरकार 7 फरवरी को बड़े पर्दे पर आ गई, दर्शकों का प्यार भी मिला। चंदू मोंडेती द्वारा लिखित और निर्देशित और देवी श्री प्रसाद द्वारा एक भावपूर्ण साउंडट्रैक के साथ फिल्म ने पहले ही अपनी भावनात्मक रूप से भरी कहानी और मनोरंजक प्रदर्शनों से दर्शकों का दिल जीत लिया है।

### बेटे चैतन्य पर हुआ गर्व

फिल्म को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के बीच अब नागा चैतन्य के पिता और सुपरस्टार नागार्जुन ने अपने बेटे पर बहुत गर्व महसूस किया और अपनी भावनाओं को सोशल मीडिया पर व्यक्त किया। एक्स पर एक भावपूर्ण नोट साझा करते हुए नागार्जुन ने तंडेल के आधिकारिक पोस्टर के साथ नागा चैतन्य को गले लगाते हुए अपनी एक मार्मिक तस्वीर पोस्ट की। हालांकि, उनके पोस्ट ने फैंस को भी भावुक कर दिया।

### नागार्जुन का पोस्ट

पोस्ट साझा करते हुए नागार्जुन ने लिखा, प्रिय नागा चैतन्य, मुझे तुम पर गर्व है बेटा। मैंने तुम्हें सीमाओं को लांघते, चुनौतियों का सामना करते और इस कला को अपना दिल देते देखा है। तंडेल सिर्फ एक और फिल्म नहीं है - यह तुम्हारे अथक जुनून, बड़े सपने देखने की हिम्मत और तुम्हारी कड़ी मेहनत का सबूत है।

### फैंस का भी जताया आभार

नागार्जुन ने चैतन्य के फैंस का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे लिखा, आप हमारे साथ परिवार की तरह खड़े रहे हैं और तंडेल की सफलता उतनी ही आपकी है जितनी हमारी। आपके अंतहीन प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। आभार।

### फिल्म की टीम की भी की तारीफ

नागार्जुन ने पूरी तंडेल टीम की भी सराहना की और कहा, अल्लू अरविंद गारू और बनी वासु को बहुत-बहुत धन्यवाद। अद्भुत प्रतिभाशाली साई पल्लवी को बधाई- आप हमेशा चौंका देती हैं। प्रतिभाशाली देवी श्री प्रसाद, आप कमाल हैं। उभरते हुए सितारे निर्देशक चंदू मोंडेती और शानदार तंडेल की टीम को इस पल को अविस्मरणीय बनाने के लिए धन्यवाद।



# 'भाग्य लक्ष्मी' में 'मलिष्का' की भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं मेघा प्रसाद

जी टीवी पर प्रसारित शो 'भाग्य लक्ष्मी' में खलनायिका 'मलिष्का' की भूमिका निभाने वाली मायरा मिश्रा शो को अलविदा कह चुकी हैं। शो में अब अपने अभिनय से मेघा प्रसाद कहानी में नए-नए मोड़, रोमांच लाने के लिए तैयार हैं। शो में मलिष्का की भूमिका को लेकर अभिनेत्री काफी खुश और उत्साहित हैं। मेघा ने कहा, यह मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा है। मैं कोलकाता में पली-बढ़ी हूं और मैंने बालाजी के शो देखे हैं। मैं हमेशा सोचती थी कि कभी ना कभी इसका हिस्सा बनूंगी। अब, उस सपने को सच होता देखना काफी खूबसूरत लग रहा है। एक लोकप्रिय शो में कदम रखना आपको बड़ी जिम्मेदारी देता है, लेकिन मैं इस चुनौती को स्वीकार करने और शो में काम करने के लिए रोमांचित हूं। उन्होंने मायरा मिश्रा की तारीफ करते हुए कहा, मायरा ने मलिष्का को आकार देने में शानदार काम किया है। यह किरदार भले ही मेरे लिए नया है, लेकिन मैं इसकी आत्मा को बरकरार रखते हुए अपने अंदाज में पेश करने का वादा करती हूं। शो के हर एक कलाकार ने गर्मजोशी के साथ काम किया है और टीम मुझे 'मलिष्का' की भूमिका को समझने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा, एक टीम के रूप में हम दर्शकों के लिए एक नए चेहरे के साथ सहज बदलाव के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बदलाव मुश्किल हो सकता है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि दर्शक मेरा उसी प्यार और गर्मजोशी से स्वागत करेंगे, जैसा उन्होंने हमेशा शो और उसके किरदारों का किया है।

इससे पहले शो में मुख्य भूमिका लक्ष्मी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो में शामिल होने के लिए मेघा प्रसाद को बधाई दी थी।

ऐश्वर्या खरे ने शो में नए सदस्य के स्वागत के लिए इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर मेघा प्रसाद की एक तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था, भाग्य लक्ष्मी की मलिष्का आपका स्वागत है। मैं शो में आपको देखने के लिए उत्सुक हूं।

भाग्य लक्ष्मी का निर्माण एकता कपूर और शोभा कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स ने किया गया है। शो में ऐश्वर्या खरे और रोहित सुचांती मुख्य भूमिका में हैं। मेघा के करियर की बात करें तो वह 'तेरे इश्क में घायल' (2023), 'गंदी बात' (2018) और 'परिणीति' (2022) के साथ 'अशोका', 'उड़ान' और 'महाराज की जय हो' में भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने एमटीवी के शो 'लव ऑन द रन', 'फियर फाइल्स' और 'ट्रोल' में नेगेटिव रोल प्ले किया था। अभिनेत्री शो 'इश्कबाज' के साथ ही म्यूजिक वीडियो 'रोना सिखा दे वे' और अध्ययन सुमन के साथ म्यूजिक वीडियो 'सोनियो 2.0' में भी काम कर चुकी हैं।




# बच्चों में अपनी आदतों के न होने पर बोले शाहरुख खान

शाहरुख खान बॉलीवुड के अलावा अपने फैंस के लिए एक मार्गदर्शक की तरह भी हैं। हर कोई उनकी आदतों को अपनाना चाहता है, उनकी तरह बनना चाहता है। वहीं, शाहरुख खान इस बात से खुश हैं कि उनके बच्चों में उनकी आदतें नहीं गईं। इसके लिए वे भगवान का शुक्रिया भी अदा करते हैं।

### भगवान को शुक्रिया कहते हैं शाहरुख

साल 2024 में एक इवेंट के दौरान शाहरुख खान ने कहा कि उनके किसी भी बच्चे में उनकी आदतें नहीं हैं, इस वजह से वे बहुत खुश हैं। पठान अभिनेता ने आगे कहा, मैं इसके लिए भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं। वे अच्छे बच्चे हैं। वे मुझसे कहीं बेहतर इंसान हैं।

### करियर को लेकर कोई दबाव नहीं



शाहरुख खान ने कहा कि उनके अबराम और सुहाना के गालों पर डिंपल पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि उनके बच्चे वही करें जिससे उन्हें खुशी मिले। वे जो चाहें बन सकते हैं। वह अपने बच्चों को अभिनेता या इंजीनियर बनने के लिए कभी नहीं कहते हैं।

### किंग में नजर आएंगी सुहाना

आर्यन खान और सुहाना खान ने बॉलीवुड में ही आगे बढ़ने का फैसला लिया है। बात करें शाहरुख खान की तो वह सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म 'किंग' में अभिनय करते हुए दिखाई देंगे। इसी फिल्म में सुहाना खान ने भी अपने पापा के साथ काम करने का फैसला लिया है। इससे पहले सुहाना खान को द आर्चीज में देखा जा चुका है।



### ओटीटी पर डेब्यू करेंगे आर्यन

वहीं, आर्यन खान ओटीटी पर बतौर निर्देशक डेब्यू करने का मन बना चुके हैं। वे द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के साथ फिल्म उद्योग में कदम रखने जा रहे हैं। इस सीरीज का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के तहत किया है।


# सलमान खान और एटली की फिल्म ए6 का बजट होगा 500 करोड़, रजनीकांत और रश्मिका होंगे साथ!



सलमान खान जहां इन दिनों अपनी ईद रिलीज सिकंदर की तैयारियों में व्यस्त हैं, वहीं शाहरुख खान की जवान से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले सुपरस्टार डायरेक्टर एटली भी ए6 को लेकर कमर कस चुके हैं। एटली अपनी अगली फिल्म में सलमान खान को डायरेक्ट करेंगे। खबर है कि इसकी शूटिंग अगले साल 2026 की गर्मियों में शुरू हो जाएगी। एटली ने बीते दिनों बेबी जॉन के प्रमोशन के दौरान कहा था कि यह एक ऐसी फिल्म होगी, जिस पर इंडस्ट्री और सलमान के फैंस को गर्व होगा। अब खबर है कि इस फिल्म को भारी-भरकम 500 करोड़ के महाबजट में तैयार किया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, एटली ने अपनी छठी फिल्म के लिए 500 करोड़ रुपये का महाबजट बनाया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि यह फिल्म पर्दे पर एक अलग और अनोखी दुनिया लेकर आएगी। ए6 एक पीरियड ड्रामा होगी, जिसकी कहानी में पुनर्जन्म वाला एलिमेंट भी होगा। एटली इसके लिए जि?स स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं, वैसी कहानी भारतीय सिनेमा के पर्दे पर पहले कभी नहीं देखी गई है।

### पहली बार साथ दिखेंगे सलमान -रजनीकांत



रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से यह भी कहा गया है कि एटली इस फिल्म के लिए रजनीकांत से बातचीत कर रहे हैं। यदि सब ठीक रहा तो यह पहली बार होगा जब पर्दे पर इस दौर के दो सबसे बड़े सुपरस्टार्स - सलमान खान और रजनीकांत एकसाथ नजर आएंगे। ऐसा होता है, तो यकीनन यह भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्म बन जाएगी।

### रश्मिका मंदाना को मिला है ऑफर



इससे पहले यह भी खबर आई थी कि एटली के ए6 में सलमान खान के अपोजिट फिर से रश्मिका मंदाना को कास्ट किया गया है। हालांकि, इसको लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। यह चर्चा सच निकली तो सिकंदर के बाद रश्मिका और सलमान की यह दूसरी फिल्म होगी।

### एटली की ए6 के लिए वजन घटाएंगे सलमान

सलमान खान भी सिकंदर के बाद एटली की इस फिल्म की तैयारियों में जुट जाएंगे। इसके लिए वह अपना वजन कम करेंगे, क्योंकि ए6 के लिए उन्हें एक खास तरह की फिजिक की जरूरत है।



# रिजल्ट नहीं मिल रहे तो भी फाइट करते रहना है एक्टर हर्षवर्धन राणे की सलाह

**अगर कोई काम पूरी शिद्दत के साथ किया जाए तो उसका फल भी शानदार जरूर मिलता है। तुरंत न सही, तो देर से मिले, लेकिन मेहनत का फल सुंदर आता है। इसका एक उदाहरण तो फिल्म सनम तेरी कसम है। मूल रूप से यह फिल्म साल 2016 में रिलीज की गई थी। मगर, तब यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। और अब साल 2025 में इसे जब दोबारा रिलीज किया गया है तो यह कमाई के मामले में उम्दा प्रदर्शन कर रही है। इस पर एक्टर हर्षवर्धन राणे ने प्रतिक्रिया दी है।**

### लोगों को दी सलाह- काम करते रहो

इस फिल्म में लीड रोल अदा करने वाले एक्टर हर्षवर्धन राणे ने फिल्म की री-रिलीज पर बात की। उन्होंने दूसरी पारी में फिल्म के शानदार प्रदर्शन पर कहा कि सभी को मेहनत करते रहनी चाहिए। रिजल्ट न आए तो भी मेहनत करते रहना चाहिए। एक्टर ने कहा, हम सभी जितने भी एक्टर हैं, ऑफिस में काम करने वाले या घरों में काम करने वाले, सभी के लिए यह सीख है कि चाहें कितने भी साल निकल जाएं आपको फाइट करते रहना चाहिए। आपके साथ यही शेयर करना चाहता हूं, रोज उठना है, काम पर जाना है और मेहनत करते रहना है।

### रिजल्ट मिलने में समय लग सकता है, लेकिन मिलेगा जरूर

एक्टर ने आगे कहा, घर आने पर चेक करना है कि रिजल्ट मिला या नहीं मिला। अगर रिजल्ट नहीं मिला तो निराश नहीं होना है। रिजल्ट हफ्ते में नहीं मिलेगा, तो महीने में मिलेगा। छह महीने में मिलेगा। साल में मिलेगा। कई बार इस फिल्म की तरह कई साल भी लग सकते हैं, लेकिन आपकी मेहनत का रिजल्ट जरूर आएगा। इस फिल्म को अब जो रेस्पॉन्स मिल रहा है वह सभी मेहनत करने वालों को समर्पित है।

### धुआंधार कमाई कर रही फिल्म

हर्षवर्धन ने आगे कहा, जिंदगी में कभी कुछ नया करने जाओ तो वह मुश्किल ही होता है। मैं 16 साल की उम्र में घर से भागा था, वह भी मेरे लिए मुश्किल अनुभव था। उस अनुभव को बता पाना मुश्किल है। एक्टर से जब पूछा गया कि यह फिल्म तब इतनी क्यों नहीं चली? इस पर कहा, इसकी कोई वजह तो नहीं मालूम। बता दें कि मूल रिलीज के वक्त सनम तेरी कसम ने सिर्फ 9 करोड़ रुपये की कमाई की थी और यह फ्लॉप साबित हुई थी। वहीं, 07 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म तीन दिनों में ही 15.50 करोड़ रुपये कमा चुकी है।

# सैफ ने अपने काम को प्रायोरिटी दी

जयदीप अहलावत ने हाल ही में सैफ अली खान पर हमले में लगी चोट के बारे में बात की है। एक्टर ने सैफ के चोट लगने के बाद काम पर तुरंत वापस लौटने के बारे में भी बताया है। जयदीप अहलावत अपनी फिल्म ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके अलावा सैफ अली खान भी नजर आएंगे।सैफ अली खान ने हाल ही में हमले के बाद पब्लिक अपीयरेंस दी। एक्टर मंगलवार को नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स इवेंट में अपनी नई फिल्म ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स के टीजर लॉन्च इवेंट में नजर आए। इस दौरान उनके साथ उनके को-एक्टर जयदीप अहलावत भी शामिल हुए। इस दौरान बातचीत में जयदीप ने सैफ की तारीफ की।सैफ के जल्दी ठीक होने पर लोगों को हैरानी हुई, जिस पर बात करते हुए, एक्टर ने कहा- मुझे पता है कि उन्हें काफी चोट लगी थीं। मैंने उनकी चोट के निशान और वो सारे गहरे घाव देखे हैं। ये अच्छी बात है कि उन्होंने इसे सही तरीके से लिया और काम पर वापस आ गए। उन्होंने अपने काम को प्रायोरिटी दी। उनके कुछ घाव काफी गहरे थे, लेकिन फिर भी वो काम पर वापस लौटे। तो लोगों को उनके जल्दी ठीक होने पर हैरानी होने लगी। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए।

